खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 09°C

हल्द्वानी, मंगलवार 9 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं: योगी
पेज 2



टी-20 में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी टीम इंडिया
खेल टाइम्स



हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम
सम्पादकीय



क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा
पेज 12

# वंदे मातरम पर कांग्रेस ने किया विश्वासघात: मोदी

## कहा: कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी और मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वंदे मातरम के प्रति मुस्लिम लीग की विरोध की राजनीति तेज होती जा रही थी। मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा बुलंद किया तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। जवाहर लाल नेहरू ने ऐसे समय मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदे मातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाय वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि विरोध के पांच दिन बाद बीस अक्टूबर को



- मोहम्मद अली जिन्ना ने पंद्रह अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदे मातरम के विरोध का नारा किया था बुलंद
- तब कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा था

जवाहर लाल नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को चिट्ठी लिखी और इसमें उन्होंने जिन्ना की भावना से अपनी सहमति जताई, जिसमें कहा गया कि यह गीत मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस को जो पत्र लिखा गया उसमें जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैंने वंदे मातरम का बैकग्राउंड पढ़ा है और मुझे लगता है इससे मुस्लिम भड़केंगे। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से बयान आया कि 26 अक्टूबर से कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वंदे मातरम की समीक्षा होगी। इससे पूरा देश हैरान था। पूरे देश में इसके विरोध में प्रभात फेरियां निकाली। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने वंदे मातरम पर समझौता कर लिया। वंदे मातरम के टुकड़े कर दिए।। कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम के बंटवारे के लिए झुकी, इसलिए कांग्रेस को एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज भी वैसे ही हैं। आज भी कांग्रेस और उनके सहयोगी वंदे मातरम पर विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वंदेमातरम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भावना क्या थी वह भी सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। उस समय दक्षिण अफ्रीका से इंडियन ओपिनियन नाम की एक पत्रिका निकलती थी, जिसमें दो दिसम्बर 1905 में महात्मा गांधी ने लिखा था यह गीत वंदेमातरम जिसे बंकिम चंद्र ने रचा है, पूरे बंगाल में अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। स्वदेशी आदोलन के पक्ष में विशाल सभाएं हुई जहां लाखों लोगों ने ये गीत गाया। उन्होंने लिखा कि यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया जैसे ये हमारा राष्ट्रीय गान बन गया है। यह अन्य राष्ट्रों की गीतों से मधुर है। यह भारत को मां के रूप में देखता है और उसकी स्तुति करता है। उन्होंने कहा कि जो वंदे मातरम महात्मा गांधी को राष्ट्रीय गान के रूप में दिखता -शेष पृष्ठ दो पर

# आसाराम केस: सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता की याचिका की खारिज

## अंतरिम चिकित्सा जमानत नहीं होगी रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आसाराम बापू से जुड़े बहुचर्चित यौन-शोषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मिली अंतरिम चिकित्सा जमानत को रद्द करने से इन्कार कर दिया है। सोमवार को दिए गए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता की याचिका खारिज करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दी गई राहत में हस्तक्षेप करने से साफ मना कर दिया।

हालांकि अदालत ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि वर्ष 2018 से लंबित आपराधिक अपील का शीघ्र निस्तारण आवश्यक है और राजस्थान हाई कोर्ट से इसे तीन माह के भीतर निपटाने के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने की। पीठ ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में हाईकोर्ट द्वारा दी गई चिकित्सा जमानत को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन मामले की लंबित स्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है। शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि आईपीसी और पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर आरोपों में दोषसिद्ध व्यक्ति को इस तरह से बार-बार अंतरिम राहत देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आसाराम ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है और चिकित्सा जमानत की अवधि के दौरान सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही यह भी तर्क रखा गया कि आसाराम ऐसी 'वनस्पतिक अवस्था' में नहीं हैं, जैसा कि हाईकोर्ट के आदेशों में दर्शाया गया था। आसाराम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने पक्ष रखा। वहीं राजस्थान राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा और अधिवक्ता सोनाली गौर उपस्थित रहे। राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने शिकायतकर्ता की आपत्तियों का समर्थन करते हुए अपील की असामान्य देरी और पूर्व में ज़मानत शर्तों के उल्लंघन की ओर भी अदालत का ध्यान आकर्षित किया।

**अदालत ने कहा: हाईकोर्ट तीन माह में निपटाए लंबित अपील**



### भारत विरोधी पोस्ट के आरोपी प्रोफेसर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया पर 'भारत विरोधी और अभद्र बयान' पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार असम के गोसाईगांव महाविद्यालय के निलंबित प्रोफेसर जोयनाल आबेदीन को सोमवार को जमानत दे दी। श्री आबेदीन को जमानत देते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि जमानत के आदेश को उन्हें नौकरी पर वापस रखने का आधार नहीं माना जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आबेदीन छह महीने से हिरासत में हैं और मुकदमे में काफी समय लगने की संभावना है, क्योंकि अभियोजन पक्ष को अभी भी चार गवाहों से पूछताछ करनी है। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उन्हें जमानत बांड जमा करने की शर्त पर रिहा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में पारा 5.7 डिग्री, 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मप्र के ज्यादातर शहरों में रविवार को पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर चली। इंदौर में सर्दी का 10 साल का रिकार्ड टूट गया। यहां रविवार रात को 5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 24 दिसम्बर 2015 को इंदौर में सबसे कम तापमान 7डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। यूपी के 20 जिलों में सोमवार को इस सीजन का पहली बार घना कोहरा देखने को मिला। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। अयोध्या सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा 5.5डिग्री सेल्सियस डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### गोवा नाइट क्लब हादसा: अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइट क्लब के कर्मचारी ही थे।

### बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसम्बर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे।

# इंडिगो उड़ान संकट 'गंभीर' पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने और देरी के कारण देश भर में उत्पन्न यात्री संकट पर सोमवार को चिंता व्यक्त की, लेकिन इसमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि लाखों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और इस व्यवधान के कारण कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। न्यायालय ने यह देखते हुए तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया कि केंद्र सरकार ने पहले ही इस संकट का संज्ञान ले लिया है और वह इस पर कार्रवाई कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। लाखों लोग हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। हम जानते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अन्य कठिनाइयां हो सकती हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने समय पर कार्रवाई की है और इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर शीघ्र सुनवाई के लिए दायर याचिका में दावा किया गया कि एयरलाइन में परिचालन संसाधनों की कमी, विशेष रूप से गंभीर पायलट संकट और नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने में कठिनाइयों के कारण, यात्रियों को पर्याप्त सूचना दिए बिना बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की जा रही हैं।

### इंडिगो संकट: 7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसम्बर तक ऑपरेशन नार्मल होने की उम्मीद है। वहीं इंडिगो ने दावा किया कि उसने पूरा नेटवर्क रीस्टोर कर लिया है। फ्लाइट आपरेशंस 91 फीसदी आन टाइम चल रहा है जो कि रविवार से 75 फीसदी ज्यादा है। उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है।



**नई दिल्ली: इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान जमा हो गया।**

### जापान में भूकंप के तेज झटके 7.6 रही तीव्रता सुनामी का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र आओमोरी प्रांत के तट से 80 किमी दूर, 50 किमी की गहराई पर था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया, उत्तर-पूर्वी तट पर तीन मीटर ऊंची सुनामी आ सकती है। अभी किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी जारी की है कि भूकंप के बाद उत्पन्न खतरनाक सुनामी लहरें जापान और रूस के तटों को प्रभावित कर सकती हैं, इसके अलावा भूकंप के केंद्र से 1,000 किमी के दायरे में आने वाले किसी भी क्षेत्र में विनाशकारी लहरों का खतरा बना हुआ है।

# जितने साल से मोदी पीएम, उतने साल नेहरू जेल में रहे: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं।

प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्टूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्टूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्टूबर की



- कहा: वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है

चिट्ठी में लिखा कि मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्टूबर को कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्टूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे। संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आज़ाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे।

# राजधानी दिल्ली की हवा बेहद खराब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बीते 24 घंटे में छह अंक बढ़कर 314 पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में सोमवार सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई।

वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 330 दर्ज किया गया, यह बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 309, ग्रेटर नोएडा में 302 और गुरुग्राम में 278 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी मानहानि केस में मंगलवार को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई सोमवार को सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई। इस दौरान राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह राम चंद्र दुबे से जिरह की। कोर्ट शेष बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार को फिर सुनवाई करेगी। यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली है। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसम्बर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में पहले से दर्ज मुकदमों में धारा 26 डी एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 61(2), 318(2), 340(2) बीएनएस और धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद एवं अन्य के विरुद्ध चल रहे मामले में दोनों आरोपियों को कोतवाली परिसर से पूछताछ के बाद रविवार देर शाम गिरफ्तार किया गया।

## एसआईआर को उप्र में लेकर राजनीतिक माहौल गरम

# घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अवैध घुसपैठियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखा मार्मिक पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर गरम राजनीतिक माहौल के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के के नाम चिट्ठी लिखकर सावधान रहने की अपील की है और साथ ही कहा है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

योगी ने एक्स पर प्रदेशवासियों को संबोधित पत्र जारी करते हुए कहा कि न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारु कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों पर अनधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे। घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों को डिटेंशन केंद्रों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए प्रत्येक मंडल में विशेष केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति को घर या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि का आधार है। पत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने आश्वा. सन दिया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई से सपा को परेशानी क्यों: केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश में घुसपैठ रोकने और अवैध तत्वों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन समा. जवादी पार्टी को इससे परेशानी क्यों हो रही है। मौर्य ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि यदि पुलिस, प्रशासन और भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ काम कर रहे हैं, तो समाजवादी पार्टी को दर्द क्यों हो रहा है। उनका इनसे क्या रिश्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सपा सरकार के समय ही घुसपैठियों को सूची में शामिल कर संरक्षण देने का काम किया गया। सपा के शासनकाल में आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने के प्रयास भी किए गए थे, जो प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ था। उपमुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के हालिया बयानों को निराधार और भ्रम फैलाने वाला करार देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार देश के संसाधनों को मजबूत कर रही है, जबकि अखिलेश यादव केवल दुष्प्रचार में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में प्रचार करने गए अखिलेश यादव को उम्मीद थी कि उसके बाद उन्हें यूपी की मुख्यमंत्री कुर्सी का सपना और करीब नजर आएगा, लेकिन बिहार का परिणाम आते ही उनका सपना चकनाचूर हो गया है। इसी बौखलाहट में वे लगातार उल्टे-सीधे बयान दे रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि 2047 तक समाजवादी पार्टी और इसकी नेतृत्वकारी राजनीति का भविष्य अंधकारमय होने वाला है।

# अखिलेश ने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा किया

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: बताएं उनकी विचारधारा के लोगों ने कब वंदे मातरम का गायन किया

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि जिस विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता आंदोलन में कभी भाग नहीं लिया, उसी विचारधारा के लोग आज 'वंदे मातरम' और आजादी के आंदोलन को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

यादव ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर लोक सभा में चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के लोग आज हर उस अच्छी चीज को अपना लेना चाहते हैं, जिसमें उनकी दूर-दूर तक सहभागिता भी नहीं रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने देश तोड़ने का काम किया, वैसी ही विचारधारा के लोग आज फिर समाज में दरार पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने को प्रखर 'राष्ट्रवादी' कहते हैं, दरअसल वे लोग 'राष्ट्रविवादी' हैं। ऐसे लोग आए दिन तरह-तरह के विवादों को जन्म देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ऐसा गीत है, जिसने लाखों लोगों को जागरुक किया, उन्हें नई ऊर्जा दी, ताकत दी। उनके जोश से अंग्रेज घबराने लगे और वंदेमातरम का गायन करने वाले विद्यार्थियों तक को देशद्रोही करार देकर जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गायन मात्र के लिए नहीं है, इसकी भावना को अपनाया भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग आज वंदे मातरम को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे बताएं कि आजादी से पहले उनकी विचारधारा से जुड़े लोगों ने कब वंदे मातरम गाया। वे बताएं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उन्होंने कब से अपने कार्यक्रमों या चुनावी सभाओं में लगानी शुरू की। जब सपा और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पराजित किया, तब से भाजपा ने संविधान निर्माता के चित्र लगाने शुरू किए। यादव ने कहा कि आज की बात करें, तो सत्ता पक्ष बताए कि इंडिगो की उड़ानें कब तक नियमित होंगी। उप्र में 26 हजार स्कूल बंद कर दिए गए, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की मूल भावना देशप्रेम और भाईचारा को अपनाकर ही देश की बेहतर सेवा की जा सकेगी।

# एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने विधायकों एसआईआर अभ्यास में जुटने को कहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की 11 दिसम्बर की बढ़ी हुई अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में अपनी संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी इकाइयों को सत्यापन प्रक्रिया को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से स्पष्ट कहा है कि वे कम से कम एक सप्ताह तक सभी गैर-जरूरी कार्यक्रमों को किनारे रखकर पूरी तरह एसआईआर अभ्यास में जुट जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर 'घुसपैठिए' और 'गैर-कानूनी मतदाता' मतदाता सूची में न बने रहें। पार्टी इकाइयों से ऐसे नामों को तुरंत चिन्हित कर हटाने के लिए कहा गया है। पिछले हफ्ते पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में योगी ने कहा था कि जब विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध कर रहा था, उसी समय उसके कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय होकर नए नाम जुड़वा रहे थे और 'लाखों फर्जी वोटर' पकड़े गए थे। बीते दिनों राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष के साथ हुई बैठक में भी एसआईआर प्रमुख मुद्दा रहा। फील्ड सुपरवि. जन को मजबूत करने के लिए दोनों उपमुख्यमंत्रियों को 25-25 जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी विशेष क्षेत्रों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि सत्यापन में शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता अमेठी, रायबरेली जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलिों में लगातार दौरे कर रहे हैं और जिला इकाइयों के साथ बैठकें कर प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। भाजपा ने अपने पन्ना प्रमुखों और बूथ स्तर की टीमों को सक्रिय कर दिया है। इन्हें घर-घर संपर्क अभियान चलाने, हटाने के लिए चिहनित वोटरों की मदद करने तथा पुनरीक्षण के दौरान फैलने वाली गलत सूचनाओं का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त: महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** लोकसभा में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबू. बा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वह खोखले प्रतीकवाद में लिप्त है।

नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बहस की शुरुआत की। महबूबा ने सवाल किया कि इस तरह के राजनीतिक नाटक से बढ़ती कीमतों, बेरा. ोजगारी और लाखों भारतीयों को प्रभावित करने वाली अन्य गंभीर मुद्दों का समाधान कैसे होगा। एक्स पर एक पोस्ट में महबूबा ने कहा कि संसद 150 साल पुराने वंदे मातरम पर बहस में व्यस्त है, जबकि इंडिगो यात्री फंसे हुए हैं और जवाब के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशान करने वाले संकटों का समाधान करने के बजाय, भाजपा खोखले प्रतीकवाद में लिप्त प्रतीत होती है। महबूबा मुफ्ती देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का जिक्र कर रही थीं, जिसने दो दिसम्बर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिससे हजारों यात्री भारत भर के हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। पीडीपी प्रमुख ने पूछा कि यह राजनीतिक नाटक कैसे नौकरियां उत्पन्न करेगा, बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करेगा या लाखों भारतीयों के वास्तविक समस्याओं से निपटेगा?

### पान मसाला से संबंधित विधेयक को प्रवर समिति में भेजा जाए: विपक्ष

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार पर पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' को हड़बड़ी में पारित कराने का आरोप लगाते हुए इसे संघीय व्यवस्था पर प्रहार बताया तथा विधेयक को विस्तृत अध्ययन के लिए प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शुक्रवार को पारित इस विधेयक को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है और उसे इसके लिए पैसे की व्यवस्था करने पर भी एतराज नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार इस विधेयक को बिना तैयारी के हड़बड़ी में लेकर आई है। उन्होंने कहा कि विधेयक का मसौदा स्पष्ट नहीं है और न ही सरकार की मंशा स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि यह उपकर उत्पादन क्षमता पर लगाया जाएगा।



**सेंसेक्स** 85102.69
**निफ्टी** 25960.55



**सोना रु.** 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 189906
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी गिरावट

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.68 अंक (0.71 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,102.69 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.90 अंक यानी 0.86 प्रतिशत गिरकर 25,960.55 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.61 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में रियलिटी सेक्टर का सूचकांक करीब 3.5 प्रतिशत टूट गया। सार्वजनिक बैंकों के सूचक. ांक में भी लगभग 2.8 फीसदी की गिरावट रही। रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, फार्मा, ऑटो और एफएमसीजी समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब पांच प्रतिशत लुढ़क गया। इटरनल, ट्रेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस में दो से ढाई फीसदी के बीच गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर में भी डेढ़ फीसदी के अधिक टूटे। एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एनटीपीसी, एलएंडटी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक फीसदी से अधिक टूटे। वहीं टेक महिंद्रा का शेयर 1.4 प्रतिशत के करीब चढ़ा।

### बीएसई ने इंडिगो से मांगा स्पष्टीकरण, शेयर आठ प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजार बीएसई ने विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा विमान सेवा कंपनी इंडिगो को कारण बताओ नोटिस की खबरों के संबंध में एयरलाइंस से स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसई ने सोमवार को बताया कि एक वेबसाइट की खबर का लिक देते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है तथा इसमें विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# इंडिगो संकट का होटल कारोबार पर पड़ा बुरा असर

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के कारण पिछले एक हफ्ते में देश के प्रमुख शहरों में होटल उद्योग को सबसे जडादा नुकसान हुआ है और मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण लोगों में हवाई यात्रा को लेकर भरोसा कम हुआ है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों ने इस तरह के विचार व्यक्त किए हैं।

नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के क्लस्टर महाप्रबंधक मनुज बहल ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में कारोबार को बहुत बड़ा झटका लगा है। होटलों की बुकिंग में 20 प्रतिशत से जडादा की गिरावट आई है। लोग होटल इसलिए बुक नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हवाई यात्रा को लेकर उनका भरोसा कम हुआ है। गौरतलब है कि नाइल हॉस्पिटैलिटी ग्रुप उत्तर भारत में शादी समारोह के लिए एक लोकप्रिय स्थल उदयपुर में हॉवर्ड जॉनसन और रमाडा एनकोर होटल चलाता है। राष्ट्रीय राजधानी के होटलों का हाल भी अलग नहीं है। होटलों में सिर्फ निजी बुकिंग ही रद्द नहीं हो रही, बल्कि कारोबारी समारोह और सम्मेलन रद्द हो गए हो गए हैं, क्योंकि इनमें शामिल होने वाले लोग यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

लुटियंस दिल्ली में स्थित ली मेरिडियन की उपाध्यक्ष एवं महाबंधक मीना भाटिया ने कहा कि हालात को संभालना थोड़ा मुश्किल हो गया है, क्योंकि यह देश में सबसे ज्यादा यात्रा करने वाले समय में हुआ है। वहीं नई दिल्ली के द सूर्या होटल के उपाध्यक्ष संचालन गिरीश बिद्रा ने कहा कि हमें दिक्कतें हुईं, क्योंकि जिन मेहमानों को चेक आउट करके जाना था, वे जा नहीं पाए और जिन्होंने कमरे बुक किए थे, वे यात्रा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जैसे ही हवाई टिकटों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए, जिन मेहमानों को चेक आउट करना था, उन्होंने कुछ और दिनों तक वहीं रुकने का फैसला किया।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के अलावा चीनी और दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं टूट गया। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 127 रुपये बढ़कर 3,858.67 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,858.82 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा 23 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में बढ़त रही। तुअर दाल 205 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। मसूर दाल की कीमत 167 रुपये और चना दाल की 133 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल में 115 रुपये और उड़द दाल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 58 रिंगिट फिसलकर 4,094 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.72 प्रतिशत गिरकर में 51.32 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 76 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल 71 रुपये और सूरजमुखी तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट में रहा। वनस्पति 112 रुपये और मूंगफली तेल 70 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की औसत 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 107 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वंदे मातरम...**

था। यह गीत इतना महान था, तो पिछली सदी में इसके साथ इतना बड़ा अन्याय क्यों हुआ। इसके साथ विश्वासघात क्यों हुआ। कौन सी ताकत थी जिसकी इच्छा पूज्य बापू पर भी भारी पड़ गई और वंदे मातरम को विवादों में घसीट दिया। हमें उन परिस्थितियों को नई पीढ़ी को बताना जरूर है, आखिर क्यों वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया गया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम ने देश को हिम्मत दी थी। बंगाल की गलियों से निकली आवाज देश की आवाज बन गई थी।

उन्होंने कहा कि हमारे जांबाजों सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्ते पर चढ़ते थे और आखिरी समय में वंदेमातरम का उदघोष करते थे। उन्होंने कहा कि अनगिनत वीर सपूतों ने जुल्म सहा, लेकिन एक ही नारा था एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि मास्टर सूर्यसेन को जब फांसी दी गई तब उन्होंने अपने साथियों को एक पत्र लिखा था, जिसमें एक ही गूंज थी वंदे मातरम। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई एक ऐसा भाव गीत नहीं हो सकता है, जो सदियों तक प्रेरित करता हो, लेकिन वंदेमातरम आज भी हमें प्रेरित कर रहा है। इसमें हमारी स्वतंत्रता, बलिदान, ऊर्जा, समर्पण और त्याग का मंत्र था। इस गीत की लोकप्रियता ने उसी कालखंड में वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग दुनिया में पहुंचा दिया। उस समय लंदन के इंडिया हाउस में वीर सावरकर ने यह गीत गाया। उसी समय विपिन चंद्र पाल ने अखबार निकला, जिसका नाम भी वंदेमातरम रखा।

डगर डगर पर अंग्रेजों का नींद हराम करने के लिए वंदेमातरम काफी था। मैडम भीकाजी कामा ने भी वंदेमातरम अखबार निकाला। वंदेमातरम ने भारत को स्वाबलंबन का रास्ता दिखाया। उस समय माचिस की डिबिया से लेकर जहाज पर वंदेमातरम लिखा जाता था। यह स्वदेशी का मंत्र बन गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती ने वंदे मातरम को तमिल में लिखा था। उनके कई गीतों में वंदेमात. रम की श्रद्धा नजर आती है। भारत का ध्वजगीत भी श्री भारती ने ही लिखा था। उन्होंने कहा कि जब संकटों का कालखंड होता है, तभी पता चलता है हम कितने सशक्त है।

1947 के बाद देश की चुनौतियां बदली लेकिन देश की जीवटता वही रहा। जब भी संकट आया भारत वंदेमातरम के साथ आगे बढा। एक जमाना था जब देश में खाद्य का संकट आया तब किसानों ने अन्न से भर दिया। कोराना संकट में भी यह भाव से देश खड़ा हुआ और आगे बढ़ गया। वंदेमातरम हमारे लिए सिर्फ स्मरण के लिए नहीं बल्कि उर्जा बन जाए। हम लोगों के ऊपर वंदे मातरम का कर्ज है। भारत के पास हर चुनौतियों को पार करने की ताकत है। यह हमारे लिए प्रेरणा है। हम आत्म निर्भर भारत का सपना लेकर चल रहे है।

# पांच से अधिक बार वाहन लापरवाही से चलाया, तो बीमा प्रीमियम में होगी वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है।

इस दिशा में परिवहन विभाग ने सरकार को प्रस्ताव दिए हैं कि पांच से अधिक चालान वाले वाहन धारक के बीमा प्रीमियम में वृद्धि की जाए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन अधिक जिम्मेदारी से करें। वहीं बीमा कंपनियों ने योजना पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त कर दी है। बीमा दावों का सेटलमेंट भी डिजिटल और तेज होगा, जिससे हादसे में घायल व्यक्तियों को तत्काल मुआवजा व उपचार सहायता मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ई-चालान व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। परिवहन विभाग ने एनआईसी के सहयोग से पहले चरण में प्रदेश के 17 जिलों में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले चालानों को ई-चालान पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। शेष जिलों में भी यह प्रक्रिया शीघ्र लागू की जाएगी। प्रदेश सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की पहचान, नियंत्रण और प्रवर्तन प्रक्रिया को डिजिटल और सुचारु बनाना है। वाहन और चालक संबंधी सभी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने से ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने में आसानी होगी तथा बार-बार उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही इस व्यवस्था से चालानों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग संभव होगी तथा लंबित चालानों के निस्तारण में तेजी आएगी। इसके अलावा बिना बीमा और अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार वाहन और सारथी एप, ई-डार, आईआरएडी और ई-चालान पोर्टलों को एक एआई आधारित प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का कार्य कर रही है। इस प्रणाली से दुर्घटना डेटा संग्रह और विश्लेषण रीयल-टाइम में होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री ने होमगाड्र्स स्थापना दिवस पर रैतिक परेड का किया निरीक्षण

# होमगाड्र्स स्वंयसेवकों को मिलेगा वर्दी भत्ता : धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ननूरखेड़ा, देहरादून में होमगाड्र्स स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रैतिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका 2025 और विभागीय कैलेंडर 2026 का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने सेवा प्रदत्त एवं दिवंगत होमगार्ड के आश्रितों को चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की होमगाड्र्स स्वंयसेवकों को वर्दी भत्ता अनुमन्य किया जाएगा। राज्य में अर्न्तजनपदीय ड्यूटीयों में तैनात होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को मिलने वाले भोजन भत्ते को 100 रूपये से बढ़ाकर 150 रुपए प्रतिदिन किया जाएगा।

■ मुख्यमंत्री ने सेवा प्रदत्त एवं दिवंगत होमगार्ड के आश्रितों को चेक भी वितरित किए

नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों को मिलने वाले प्रशिक्षण भत्ते को 50 रुपए से बढ़ाकर 140 रुपए प्रतिदिन किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 63वें होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रस्तुत की गई रैतिक परेड अत्यंत गौरवशील है। परेड में राष्ट्रसेवा के प्रति जवानों के समर्पण, साहस और उत्कृष्टता की शानदार झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा होमगार्ड जवान कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति के साथ प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और जनसेवा के दायित्वों को निभाते हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने होम



गाड्र्स जवानों के कल्याण और संगठन के उत्थान के लिए अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने पहली बार होमगाड्र्स जवानों को 12 आकस्मिक अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया। महिला होमगाड्र्स को प्रसूति अवकाश प्रदान करने की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। पुलिस कर्मियों और एनडीआरएफ की भांति 9 हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर ड्यूटी करने वाले होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को 200 रुपए प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय भी लिया गया है। एसडीआरएफ के जवानों के साथ प्रशिक्षित हुए होमगाड्र्स के जवानों को 100 रुपए प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, कैलाश पंत, मधु भट्ट, श्यामवीर सैनी, सचिव शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, डी.जी होमगार्ड पी.वी.के. प्रसाद एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीएम ने होमगाड्र्स के समर्पण भाव को सराहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगाड्र्स जवान बरसात, ठंड, गर्मी जैसी हर परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण से करते हैं। होमगाड्र्स जवान, यातायात प्रबंधन, कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ कुंभ और कांवड़ यात्रा जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। चारों धामों के साथ-साथ हरिद्वार में स्थापित होमगाड्र्स हेल्प डेस्क देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हर संभव मदद उपलब्ध करा रहा है।

### जवानों के हौंसले और समर्पण को राज्य सरकार दे रही उचित सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा होमगाड्र्स के जवान प्राकृतिक आपदाओं के समय में भी आवश्यकता पड़ने पर त्वरित रूप से घटनास्थल पर पहुँचकर राहत और बचाव कार्य में पूरी तत्परता और समर्पण के साथ जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि जवानों के हौंसले और समर्पण को राज्य सरकार उचित सम्मान दे रही है। राज्य सरकार होमगार्ड जवानों के हितों के लिए आगे भी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेगी।

---

## हरदा की पार्टी में कांग्रेसी माल्टा रसहीन और राजनीतिक स्वाद से परेः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने हरदा की माल्टा पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी माल्टाओं में जूस नहीं है और कुछ निकला भी तो हार का कसैला स्वाद ही आयेगा।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने टिप्पणी करते कहा कि आज भी पूर्व सीएम के जेहन में जूस से अधिक चिंता माल्टा से डेनिस जैसे शराब ब्रांड बनाने की रहती है।पूर्व सीएम हरदा की माल्टा पार्टी और उसमें किए कांग्रेसी दावे आधारित मीडिया सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए भट्ट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी धरातल पर कम सोशल मीडिया में ही अधिक नजर आती है। विपक्ष के नाते आज वे मुद्दाविहीन और विचारहीन पार्टी बनकर रह गई है। क्योंकि जनता की अधिकांश आकांक्षाओं से जुड़े विषयों पर मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सकारात्मक कदम उठा चुकी है, जो थोड़े बहुत मुद्दे शेष हैं, उनको लेकर भी जनता को हमारी सरकार पर ही विश्वास है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं में अब जनसरोकारों और जनहित के मुद्दों चिंता करने का साहस भी नहीं रह गया है। यही वजह है कि कभी माल्टा, कभी निम्बू, कभी पहाड़ी अनाजों को लेकर ही वे मीडिया का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ही सोशल मीडिया इवेंट करते रहते हैं।उन्होंने इस दौरान हरदा समेत तमाम कांग्रेस नेताओं के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी माल्टाओं में अब जूस नहीं निकलने वाला है। जब जोश और जूस था, तब ये सभी उससे भ्रष्टाचार की डेनिस बनाते रहे है। अब भी इनके पूर्व सीएम का ध्यान, माल्टा किसानों पर कम, अपने पूर्व कुख्यात डेनिस ब्रांड जैसे शराबों के उत्पादन में अधिक है। उन्होंने हरदा को सुझाव देते हुए कहा, अब उनके नेताओं में जोश या जूस कुछ भी नहीं बचा, लिहाजा ज्यादा प्रयास करोगे तो जीत नहीं हार का कसैला स्वाद ही आने वाला है।

---

# यूजीसी मानकों के अनुरूप बनेगा एससीईआरटी ढांचा: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एससीईआरटी सभागार में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें एससीआरटी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के लिए पृथक शिक्षक संवर्ग की नियमावली, आवासीय विद्यालयों की व्यवस्था, विभाग में गतिमान निर्माण कार्यो के साथ ही प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत सहायक अध्यापकों की भर्ती आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी।

डॉ0 रावत ने अधिकारियों को प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापकों की नियुक्ति अति शीघ्र करने के निर्देश दे दिये। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय एवं अन्य राजकीय आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण करने के



लिए प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों की स्थायी नियुक्ति के लिए नियमावली तैयार किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।उन्होने विभागीय अधिकारियों को निद्रेशित किया कि सूबे के माध्यमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया इसी माह शुरू की जाए। जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके अलावा सअएलटी से प्रवक्ता एवं प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र करने को

■ कहा- एलटी से प्रवक्ता एवं प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति में लायें तेजी, अधिकारियों को दिये निर्माण कार्यो में तेजी लाने एवं समय पर बजट खर्च के निर्देश

कहा।बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव रंजना राजगुरू, महानिदेशक दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक मुकुल कुमार सती, निदेशक बेसिक अजय नौडियाल, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, वित्त नियंत्रक वीरेन्द्र कुमार, अपर निदेशक गढ़वाल, अपर निदेशक कुमाऊं सहित विभगीय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगा किसान दिवस : जोशी

■ 17 दिसम्बर को चमोली जिले से होगी शुरुआत,मुख्यमंत्री धामी और केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान होंगे शामिलः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने शासकीय आवास में कृषि विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले किसान दिवस कार्यक्रमों की तैयारियाँ शीघ्र प्रारंभ की जाएं। उन्होंने 17 दिसम्बर को जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विकासखण्ड में प्रस्तावित मुख्य कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि 17 दिसम्बर को चमोली जिले के



कर्णप्रयाग विकासखण्ड में आयोजित होने वाले मुख्य किसान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंत्री जोशी ने दूरभाष पर चमोली के जिलाधिकारी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष से वार्ता कर आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में कृषि सचिव डा. एस.एन. पाण्डेय, उद्यान निदेशक एस.एल. सेमवाल सहित कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## बीमार होने पर नहीं रुकेगा पीआरडी जवानों का मानदेयः रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** बीमार होने पर अगर पीआरडी जवान अस्पताल में भर्ती रहता है तो, अब 6 महीने तक उसका मानदेय नहीं रोका जाएगा। सोमवार को सचिवालय स्थित एफआरडीसी सभागार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि विभाग पीआरडी जवानों की सभी जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगा।

उन्होंने कहा कि पीआरडी के लिए स्वयं सेवक के बजाय दूसरा उचित शब्द इस्तेमाल करने की मांग पर भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पीआरडी जवानों को मिलने वाली सहायता राशि में इजाफा करने और

■ स्थापना दिवस से पहले कैबिनेट मंत्री ने सुनी पीआरडी जवानों की समस्याएं, अधिकारियों को जवानों की मांगों पर उदारता से निर्णय करने का निर्देश दिया



बीमार होने की दशा में मानदेय नियमित रूप से देने के निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में पीआरडी संगठन प्रतिनिधियों ने 365 दिन रोजगार दिए जाने का मुद्दा उठाया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में कदम उठाने के लिए निर्देश दिए ।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 11 दिसंबर को पीआरडी स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा भी बैठक में की गई। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, निदेशक आशीष चौहान, अपर निदेशक अजय अग्रवाल अन्य विभागीय अधिकारी एवं पीआरडी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

## पुलिस के साथ नर्सिंग बेरोजगार प्रदर्शनकारियों की जमकर धक्का मुक्की

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की तरह वर्षवार किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर नर्सिंग बेरोजगारों ने सोमवार को दिलाराम चौक पर इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें न्यू कैंट रोड स्थित साला वाला के निकट बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।इसी बीच आगे बढ़ने को लेकर पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की जमकर धक्का मुक्की हो गई। हंगामा बढ़ता देख जब पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को हिरासत में लेने की कोशिश की तभी एक महिला पुलिसकर्मी ने प्रदर्शन में शामिल नर्सिंग बेरोजगार छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया।इस दौरान दोनों के बीच खूब हाथापाई हुई।

अन्य प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के

■ मुख्यमंत्री आवास कूच करने से रोकने पर जताई नाराजगी, महिला पुलिसकर्मी ने नर्सिंग छात्र को जड़ा थप्पड़,, नर्सिंग बेरोजगारों में जबरदस्त आक्रोश

मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। नर्सिंग एकता मंच उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवल पुंडीर का कहना है कि वह बीते लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की तरह वर्षभर संचालित किए जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसे बेरा. `जगारों में भारी आक्रोश है।उन्होंने वर्तमान नर्सिंग भर्ती विज्ञप्ति व भर्ती पोर्टल को तुरंत निरस्त या बंद किए जाने, आईपीएचएस मानकों के तहत स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग में ढाई हजार पदों पर नई विज्ञप्ति जारी करने और उत्तराखंड मूल के निवासी अभ्यर्थियों को भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने और अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को अलग रखने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को पुलिस ने एकता विहार स्थित धरना स्थल भेज दिया । नर्सिंग बेरोजगारों का कहना है कि वो कई लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है. जिससे उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी मांगों कार्रवाई करनी चाहिए।

---

# गजल्ड गांव का दौरा करने पहुंची ‘सरकार’

■ मानव-वन्यजीव संघर्ष पर प्रशासन सक्रियः प्रमुख सचिव आदमखोर गुलदार व भालू से निजात का दिलाया भरोसा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून/पौड़ी गढ़वाल।** पौड़ी गढ़वाल जनपद में लगातार बढ़ रहे मानव-वन्यजीवसंघर्ष को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चाधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को प्रमुख सचिव वन आर. के. सुधांशु, गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय तथा मुख्य वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील पौड़ी के गजल्ड गाँव का दौरा किया।अधिकारियों ने गुलदार के हमले में मृत स्वर्गीय राजेन्द्र नौटियाल



के परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रमुख वन सचिव ने प्रभावित परिवार को सांत्वना देते हुए मुआवजे की अग्रिम राशि का चेक सौंपा।प्रमुख सचिव ने गजल्ड घटना पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग की त्वरित कार्रवाई तथा ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र और जनसहभागिता की संयुक्त शक्ति ही हर समस्या का समाधान है।

अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आदमखोर गुलदार के निस्तारण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य वन संरक्षक धीरज पांडे, वन संरक्षक आकाश वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी गढ़वाल अभिमन्यु सिंह, लैंसडौन के वन क्षेत्राधिकारी जीवन मोहन दगाड़े, कालागढ़ के वन क्षेत्राधिकारी तरुण एस., अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, सहायक मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने रखे सुझाव

दौरे के बाद प्रभावित क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने विकास भवन में प्रमुख सचिव से मुलाकात कर मानव-वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी न्यूनीकरण को कई सुझाव दिए।इनमें क्षेत्र से परिचित स्थानीय ग्रामीणों को निस्तारण दल में शामिल करने, गुलदार को बेहोशी का टीका (ट्रैंक्विलाइज) करने को दो निजी निशानेबाजों की अनुमति देने,पूर्व-रिकॉर्डेड ऑडियो संदेशों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने की मांग की गई।प्रमुख सचिव ने सभी बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### जिलाधिकारी ने दी व्यवस्थाओं की जानकारी

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि संघर्ष न्यूनीकरण से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में पशुपालकों के लिए नियमित चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा को देखते हुए विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में भी परिवर्तन किया गया है।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष पर विभागों की बैठक

बाद में विकास भवन सभागार में प्रमुख सचिव ने सभी विभागों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिया कि संघर्ष न्यूनीकरण के लिये हर रेंज स्तर पर नियमित ‘प्रभागीय दिवस’ आयोजित किया जाए। ‘क्या करें, क्या न करें’ आधारित जनजागरूकता सामग्री शीघ्र तैयार कर वितरित की जाए। रेंज एवं वन पंचायत स्तर पर व्हाट्सऐप समूहों और प्रभागीय स्तर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग वन्यजीव गतिविधियों की सूचनाएँ प्रसारित करने में किया जाए।

---

# एमडीडीए ने 72 बीघा में अवैध प्लॉटिंग को किया ध्वस्त

■ नियमों से खिलवाड़ करने वालों पर प्राधिकरण की कड़ी कार्रवाई जारी, अब तक सैकड़ो मामलों में हो चुका है एक्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई को और तेज कर दिया है। नियोजित एवं सुरक्षित शहरी विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एमडीडीए की टीम ने विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई, होरोवाला रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। प्राधिकरण का स्पष्ट संदेश है कि नियमों से खिलवाड़ करने वालों के लिए किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ यह अभियान शहरी विकास को अनुशासित और पारदर्शी दिशा देने की कड़ी में महत्वपूर्ण कदम है।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की अवैध प्लॉटिंग पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई, होरोवाला रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में आज व्यापक अभियान चलाते हुए सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जिशान खान द्वारा होरोवाला रोड, देहरादून में लगभग 40-45 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त



किया गया। इसी प्रकार परमजीत रिखोल द्वारा खैरी गांव, मुर्गी निगम रोड, सेलाकुई में लगभग 05 बीघा क्षेत्र में की गई अवैध प्लॉटिंग पर भी कार्रवाई की गई। राहुल धनोला एवं अन्य द्वारा ग्राम शंकरपुर, नवोदय विद्यालय निकट, कैचीवाला रोड, सहसपुर में लगभग 22 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को भी ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही में अवर अभियन्ता शिद्धार्थ सेमवाल, अमन पाल, सुपरवाइजर एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

### मानचित्र स्वीकृति एवं विधिक प्रक्रिया की पुष्टि कर ही भूमि खरीदें : बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण अवैध निर्माणों पर लगातार निगरानी रख रहा है और जहां भी अवैध गतिविधियों की जानक. ारी प्राप्त होती है, तत्काल कार्रवाई की जाती है। विकास क्षेत्रों की भौतिक रूप से जांच की जा रही है ताकि किसी भी स्तर पर अवैध प्लॉटिंग या निर्माण पनप न सके। नागरिकों एवं निवेशकों से अनुरोध है कि मानचित्र स्वीकृति एवं विधिक प्रक्रिया की पुष्टि कर ही भूमि खरीदें।

### एमडीडीए का लक्ष्य - एक स्वच्छ, संगठित और पारदर्शी शहरी विकास मॉडल तैयार करना :तिवारी



उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए का मूल उद्देश्य सुव्यवस्थित, सुरक्षित और योजनाबद्ध शहरी विकास को लागू करना है। इसी भावना के तहत प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणों और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाई गई है। हमने बीते कुछ महीनों में बड़े पैमाने पर ऐसी गतिविधियों पर निर्णायक कार्रवाई की है। अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति, बिना बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था किए प्लॉटिंग करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में नागरिकों के लिए गंभीर जोखिम भी पैदा करता है। एमडीडीए की ओर से साफ निर्देश है कि जो भी व्यक्ति या संस्था नियमों से खिलवाड़ करेगी, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हम जनता से भी अपील करते हैं कि किसी भी भूखंड या प्लॉट को खरीदने से पहले उसकी विधिक स्थिति अवश्य जांच लें और एमडीडीए की स्वीकृत कॉलोनियों में ही निवेश करें। हमारा लक्ष्य है-एक स्वच्छ, संगठित और पारदर्शी शहरी विकास मॉडल तैयार करना, जिसमें जनता की सुरक्षा और हित सबसे ऊपर हों।

---

## विश्वविद्यालय करेंगे समर्थ पोर्टल का पूर्ण रूप से संचालन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के तहत समर्थ पोर्टल का संचालन पूर्ण रूप से विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा, शासन के पास केवल मॉनिटिरिंग की जिम्मेदारी रहेगी। इस सम्बंध में विभागीय शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सख्त निर्देश दिये हैं। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शैक्षणिक तथा शैक्षणेत्तर पदों को शीघ्र भरने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होने विभागीय अधिकारियों को समर्थ पोर्टल का संचालन पूर्ण रूप से विश्वविद्यालयों को सौंपने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शासन केवल पोर्टल की समीक्षा करेगा बाकी कार्य विश्वविद्यालय स्वयं करेंगें। विभागीय मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में सेमेस्टर में 90 दिन व वर्ष में 180 दिन कक्षाओं का संचालन अनिवार्य है। जिसका अनुपालन कराने की जिम्मेदारी सम्बंधित विश्व. विद्यालय व उच्च शिक्षा निदेशालय की होगी। उन्होने विभागीय अधिकारियों को शैक्षणिक कलैण्डर के अनुरूप समय पर प्रवेश प्रक्रिया, दीक्षांत समारोह एवं परीक्षाफल जारी कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रिक्त शैक्षणिक तथा शैक्षणेत्तर पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये।

विभागीय मंत्री डॉ रावत ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दिये जाने वाली पारितोषिक राशि समय पर भुगतान करने, मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति व शैक्षणिक भ्रमण कराने, शिक्षकों को प्रशिक्षण पर भेजने व प्रत्येक जनपद में दो-दो महाविद्यालयों को ऑटोनॉमस बनाने की कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम्बद्वता दिये जाने, अशासकीय महाविद्यालय की नियमावली तैयार करने, नये महाविद्यालयों में पद सृजन एवं भूमि एवं भवन की व्यवस्था सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में डॉ देवेन्द्र भसीन एवं जयपाल सिंह चौहान, सचिव उच्च शिक्षा रंजीत सिन्हा, अपर सचिव मनुज गोयल, संयुक्त सचिव विक्रम सिंह यादव, संयुक्त निदेशक आनन्द सिंह उनियाल, उपसचिव अजीत सिंह, हरीश सागर, अनुसचिव दीपक कुमार, अर्जुन सिंह, डॉ0 दीपक पाण्डे, शैलेन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी खिलाफ सिंह बिष्ट, धीरज कुमार, आशा काण्डपाल, नरेन्द्र लोधी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जमरानी बांध कार्यालय में धरना

## स्थानीय लोगों को रोज़गार गारंटी समेत कई मांगों पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री और प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरु, राज्य आंदोलनकारी केदार पलड़िया, लाखन सिंह रॉकी, बृजवासी, क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, हरीश पलड़िया और नवीन पांडे के संयुक्त तत्वावधान में जमरानी बांध परियोजना कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान हरीश पनेरु ने कहा कि उन्होंने और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने एक सप्ताह पूर्व घेराव कर प्रशासन को आन्दोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसका परिणाम आज इस आन्दोलन के रूप में सामने आया। पनेरु ने स्पष्ट किया कि जब तक स्थानीय लोगों की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आन्दोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों से बातचीत का प्रयास किया। इस दौरान, भारी संख्या में मौजूद मातृशक्ति और ग्रामीणों के उग्र रुख को देखते हुए सिंचाई विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार सुननी पड़ी, जिससे माहौल गर्म हो गया। इसके बाद, प्रदर्शनकारी हरीश पनेरु ने अनुरोध किया कि बातचीत की प्रक्रिया शुरू की जाए, जिसे सभी ने सहमति दी। एसआई गणेश राणा और पुलिस बल की मौजूदगी में बातचीत शुरू हुई। इस वार्ता में सिंचाई विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर और कम्पनी प्रबंधन ने कल दोपहर बाद एडीएम नैनीताल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। बैठक में स्थानीय लोगों की प्रमुख मांगों पर चर्चा होगी, जिनमें स्थानीय लोगों को रोजगार गारंटी, डूब क्षेत्र के सभी लोगों के वाहनों को काम पर लगाना, सड़क निर्माण में हो रही अनियमितताओं को सुधारना, और अन्य जनसमस्याओं का समाधान शामिल है। इस आंदोलन में हिमांशु महरा, तारा दत्त पांडे, मंजु महरा, इंदिरा मेहरा, पूर्व प्रधान भगवती देवी, सरपंच डहरा, भावना बिष्ट, हरीश पलाडिया, नवीन पांडे, अमृतपुर क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, लक्ष्मी दत्त पलड़िया, संजय पलाड़िया, विकास पांडे आदि ने भाग लिया।

# मकर संक्रान्ति मेला 14 को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तरायणी मकर संक्रान्ति मेला समिति की श्री चामुंडा देवी मंदिर परिसर में पूरन चन्द्र कांडपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विगत 28 वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुधवार 14 जनवरी को उत्तरायणी मकर संक्रान्ति मेले का आयोजन श्री चामुन्डा देवी मंदिर परिसर काशीपुर में किया जा जायेगा। इसमें स्थानीय व बाहरी कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा ऐपण व रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। छोलिया नृतक मेले का मुख्य आकर्षण होंगे। खान पान के स्टालों की भी उचित व्यवस्था होगी। जो बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहते हों वह अपने गुप का नाम मंदिर में आगामी 20 तक अवश्य लिखवा दें। कार्यक्रम हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़ा होना चाहिए जिसमें पंजाबी, राजस्थानी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, हरियाणवी व विभिन्न भाषाओं के लोकगीतों से जुड़ा हो। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दल की संख्या 8 से अधिक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम की अवधि 5 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिये। बैठक में पूरन चन्व कांडपाल, दीपक कुमार पांडे, महेश चन्द पांडे, मनोज भंडारी, जतिन कांडपाल, आदित्य पांडे, निर्मला कांडपाल व लता कांडपाल उपस्थित थे।

## एक नजर

### पदम सिंह डसीला की स्मृति में प्रतियोगिता

**बागेश्वर।** कमस्यारघाटी के बगराटी गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पदम सिंह डसीला की स्मृति में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्वतंत्रता सेनानी परिवार द्वारा वर्ष 2009 से कराई जा रही है। प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज देवतोली के खेल मैदान में आयोजित की गई। जिसमें बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपद के 11 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे तनुजा, मानस व आशी को पुरस्कार के साथ क्रमशः 2500, 2000, 1000 रुपया नगद व प्रमाण पत्र दिए गए। प्रधानाचार्य गोकुलानंद कांडपाल, लाल सिंह डसीला, पूर्व प्रधान राजेंद्र खाती, प्रदीप जोशी, दीपक उप्रेती, रजनीश धामी, पूनम तिवाड़ी, भानुप्रिया रौतेला, हरीश डसीला, धाराबल्लल्भ सुयाल, नवनीत महर, मानसी रतूड़ी, हर्षिता पांडेय, नीलम, प्रियंका पांडेय, दीपक डसीला, कुंदन रावत रहे।

### जनता दरबार में 52 शिकायतें दर्ज

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सोमवार को गरुड़ ब्लॉक में जनता दरबार आयोजित हुआ, जिसमें पेयजल, आपदा, विद्युत, वन, सड़क, शिक्षा आदि से जुड़ी कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी ने आपदा संबंधी मामलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप क्षति आकलन के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को अधिक फलदार पौधारोपण और वन्यजीवों से नुकसान के लिए स्पष्ट नीति बनाने को कहा। पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने विद्युत विभाग से सभी लाइनों की सुरक्षा का प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने और सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए। सभी विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। पीएमजीएसवाई, जल संस्थान और जल निगम अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी तलब किया गया। दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने जनता दरबार को जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी, सीडीओ आरसी तिवारी, एसडीएम अनिल चनियाल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 86 किलो गांजे के साथ देघाट में दो तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान देघाट पुलिस ने सराईखेत रोड के पास एक तस्कर को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से वाहन में रखा 86.032 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं, एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार देघाट थानाध्यक्ष अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सराईखेत रोड के पास कार संख्या डीएल 3 सीसीजी 0504 को रोका। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में आठ कट्टों बोरों में 86.032 किलो गांजा बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश पुत्र स्व अमरपाल कश्यप, निवास ग्राम महेशपुरा थाना बाजपुर जिला उधम सिंह नगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत 21 लाख 50 हजार रुपये से अधिक आंकी गई। टीम में उपनिरीक्षक गंगाराम गोला, एएसआई राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज पांडे, कांस्टेबल नीरज बिष्ट शामिल रहे। देघाट थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि व लोग गांजा सराईखेत से खरीदकर रामनगर ले जा रहे थे। जिसे वहां युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का इरादा था।

### वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंकित को सिल्वर

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के अंकित मेर ने वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप ने सिल्वर पदक जीत इतिहास रच दिया है। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले वह पहले भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप अंडर-21 में अंकित मेर का पहला मुकाबला तुर्की के कान येलालदी को पहले राउंड में 2-5 और दूसरे राउंड में 0-2 से हराया। इसें बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में अंकित ने वर्ल्ड चैंपियन साउथ कोरिया के सियो ईउन-सु को 2-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में अंकित मेर ने स्पेन के अंकित मेर बनाम जेवियर ओटेरो को 2-0 से हराया। चौथे मुकाबले यानी सेमीफाइनल में बुल्गारिया के द्विस्तीयन जॉर्जिएव को 2-0 से हराकर फाइट जीती। हालांकि फाइनल मुकाबले में उन्हें मिश्र के मोआताज बेलाह असेम से हार का सामना करना पड़ा। अंकित मेर मूल रूप से अल्मोड़ा के मेरगांव निवासी हैं और वर्तमान में विकास भवन के पास रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर छात्रसंघ कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, प्रधान कमला कनवाल, विशाल कनवाल, हिमांशु कनवाल, कमलेश सिंह चुफाल आदि ने खुशी जताई है।

### डीएम ने कसारदेवी में पर्यटन विकास को लेकर बैठक ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के पर्यटन स्थल कसारदेवी में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने को लेकर सोमवार को डीएम ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पर्यटन विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि कसार देवी अल्मोड़ा का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य, अध्यात्म और संस्कृतिक पर्यटन जैसी अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। इन संभावनाओं को व्यवस्थित रूप से विकसित कर क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा दी जा सकती है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन मार्गों, व्यूपॉइंट्स एवं मुख्य स्थलों की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग अपने अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए फॉरेस्ट की जितनी भी आपत्तियां हैं, उनका निदान करें और पार्किंग व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। कहा कि मंदिर के प्रचार प्रसार व इसके सौंदर्यीकरण के लिए आधुनिक माध्यमों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रचार प्रसार अच्छा माध्यम है, इसलिए यहां उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं को प्रचारित किया जाए। बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी एसके पंत आदि मौजूद रहे।

# कमला नेहरू पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चैती मोड़ स्थित तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आज हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट कक्षा में 80 से अधिक प्रतिशत



अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अन्तर्गत इण्टरमीडिएट के 40 छात्र-छात्राओं और हाईस्कूल के 86 छात्र-छात्राओं की माताओं को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के 27 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने तहसील काशीपुर में इस पुरस्कार को प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तराखण्ड सरकार की ओर से प्रतिवर्ष इस पुरस्कार के रूप में 1000 रूपये की राशि छात्र-छात्राओं की माताओं को दी जाती है। पुरस्कार वितरण के दौरान विद्यालय समिति के अध्यक्ष एसपी गुप्ता, प्रबन्धक जीडी मठपाल, प्रबन्ध समिति के सदस्य ईश्वर चन्द्र गुप्ता और विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक जीडी मठपाल व अध्यक्ष एसपी गुप्ता ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी माताओं को बधाई दी।

# समर स्टडी हॉल में धमाल फेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल में वार्षिक प्रदर्शनी एवं धमाल फेट का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मेयर दीपक बाली ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह ने मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का सांस्कृतिक पर्व अत्यंत आकर्षक रहा, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। विद्यालय द्वारा कक्षा 12 के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही, विद्यालय के उन समर्पित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने 15 वर्षों तथा 10 वर्षों की उल्लेखनीय सेवा पूर्ण की। विशेष रूप से, सुमित बिष्ट और किशोर पालीवाल को बोर्ड परीक्षा में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रशांत कुमार को शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। धमाल फेट में स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और मनोरंजक खेलों जैसे लकी डिप फिश दा बोतल, फीड दा जोकर आदि खेलो ने बच्चों की उत्सुकता बढ़ाई। इस मेले में बच्चों को लकी ड्रा के द्वारा प्रत्येक घंटे में इनाम दिए गए। मेगा ड्रॉ में एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल, एलइडी टीवी, मोबाइल फोन, हेडफोन, प्रेस मिक्सर ग्राइंडर आदि पुरस्कार रखे गए। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, डायरेक्टर अनुराग कुमार सिंह व प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने विजेताओं को बधाई दी। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता के लिए छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, मुख्य अतिथि मेयर दीपक बाली का आभार जताया।

### हाथी का शव मिला

**कालाढूंगी।** तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के बरहनी रेंज में सोमवार शाम हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर हाथी के शव की जांच की। जांच में हाथी के गले के पास एक बड़ी गांठ और घाव मिला है। विभाग का मानना है कि संभवतया इसी गांठ और बीमारी के दर्द से हाथी की मौत हुई होगी। हाथी के सभी अंग सुरक्षित हैं। मंगलवार को हाथी का पोस्टमार्टम किया जाएगा। रेंजर लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने बताया कि शाम करीब तीन बजे वन बीट अधिकारी विवेक गोस्वामी और बीट वाचर प्रमोद सामंत गश्त पर थे। तभी बौर कमोला एन 1 बीट में उन्हें एक हाथी जमीन पर गिरा पड़ा मिला। मौके पर जाकर देखा तो हाथी मृत हालत में पड़ा हुआ था। रेंजर ने बताया कि विभागीय उच्चाधिकारियों को इस मामले में सूचना दे दी गई है।

# कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत का पुतला फूंका



सिखों के प्रति टिप्पणी पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिखों के प्रति की गई टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश थमता नजर नहीं आ रहा है, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने आज कोतवाली चौराहे पर पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा विगत दिवस सिखों के विरुद्ध की गई अनर्गल बयानबाजी के विरोध में लालकुआं उत्तरांचल पंजाबी महासभा, गुरुद्वारा सिंह सभा और भारतीय जनता पार्टी मंडल लालकुआं ने संयुक्त रूप से कोतवाली चौराहे पर हरक सिंह रावत का पुतला दहन किया किया। स्थानीय कोतवाली चौराहे पर एकत्रित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करते हुए कहा कि हरक सिंह रावत द्वारा सिखों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसको कभी माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रावत के बयान की घोर निंदा की जाती हैं, और कहा गया कि हरक सिंह रावत को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी हरक सिंह रावत को पार्टी से बाहर करें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सिखों के दिए गए देश के प्रति बलिदानों को याद करते हुए सिख गुरुओं द्वारा हिंदुओं की रक्षा के लिए सबसे ज्यादा कुर्बानियां दी थी। कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरबंस सिंह, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह, हरनाम सिंह, सतनाम सिंह, भाजपा मंडल के अध्यक्ष अरुण जोशी, महामंत्री राजकुमार सेतिया, हेमंत नरूला, आशीष भाटिया, संजय अरोड़ा, संजीव शर्मा, अभिषेक सिंह, पूर्व चेयरमैन पवन चौहान, डा. कुलदीप सिंह, विधायक प्रतिनिधि गोविंद राणा, सचिन अग्रवाल, अशोक पाठक, हरीश नैनवाल, विनोद श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्थानीय लोग मुखर हो गए हैं। सोमवार को लोगों ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा से मुलाकात की। जल्द व्यवस्थाएं सुधारने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर लोगों ने कहा कि लंबे समय से मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल बनी हुई है। कॉलेज में करोड़ों रुपये के संसाधनों के बाद भी मरीजों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि डायलिसिस सेवा भी लोगों को नहीं मिल पा रही है। लोगों ने



जल्द स्वास्थ्य सेवाएं नहीं सुधारे जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यहां पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, मनोज सनवाल, हरीश कनवाल, भगवत आर्या, पारू उप्रेती, अमित साह, अभिषेक जोशी, अर्जुन बिष्ट, कैलाश गुरूरानी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, आशीष वर्मा, मंटू भंडारी, रीता दुर्गापाल, पुष्पा सती, आशा कर्नाटक, हरीश बिष्ट, ललित जनौटी, हयात बिष्ट, देवेन्द्र कर्नाटक, हेम जोशी, दिनेश कुमार, विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।

# महापौर दीपक बाली मध्य प्रदेश रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** देवभूमि के शहरी विकास को आधुनिक रूप देकर और तेजी से आगे बढ़ाने हेतु आधुनिक व्यवस्थाओं पर होने वाली चर्चा और भ्रमण में भाग लेने के लिए काशीपुर के महापौर दीपक बाली उत्तराखंड की नगर निकायों के प्रमुखों और अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में मध्य प्रदेश



रवाना हो गए हैं। उत्तराखंड का शहरी विकास निदेशालय दिसंबर माह को पूरी तरह विकास चेतना के साथ जोड़ रहा है। इसी संदर्भ में 9 से 12 दिसंबर तक भोपाल और इंदौर में तय की गई विशेष अध्ययन यात्रा के लिए 20 सदस्यीय टीम का प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश रवाना हो गया है, जिसमें काशीपुर के मेयर दीपक वाली, ऋषिकेश के मेयर शंभू पासवान एवं हरिद्वार की मेयर किरण सहित नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के अध्यक्ष तथा नगर प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण अधिकारी भी शामिल हैं। यह दल मध्य प्रदेश के सफल शहरी मॉडल-इंदौर की साफ स्वच्छ व्यवस्था, भोपाल की स्मार्ट तकनीक, भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के डिजिटलीकरण और ट्रांसपोर्ट सिस्टम का प्रत्यक्ष अध्ययन करेगा। रवाना होने से पूर्व महापौर दीपक बाली ने कहा कि अब समय आ चुका है जब उत्तराखंड के शहरों को बिल्कुल आधुनिक दृष्टिकोण के साथ पुनर्गठित किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन कार्यक्रमों से मिलने वाले अनुभवों को सीधे काशीपुर की योजनाओं में उतारा जाएगा। बताया कि मध्य प्रदेश से ही वे 13 और 14 दिसंबर को गुजरात के लिए रवाना हो जाएंगे जहां वें सूरत शहर में होने जा रही अखिल भारतीय महापौर परिषद की 116वीं कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में शामिल होंगे।

# निपुण विद्यार्थी बनाने में सहयोग दें शिक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**द्वाराहाट।** विकासखंड में प्राथमिक संवर्ग के सहायक अध्यापकों का बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान का 3 दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय फेरे का आज बीआरसी द्वाराहाट और सीआरसी रियूनी में एक साथ आगाज़ हुआ।

प्रशिक्षण का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षाधिकारी वंदना रौतेला ने कहा कि शैक्षणिक कैलेंडर में इस प्रशिक्षण को शामिल करने का मुख्य उद्देश्य परख पोर्टल और आंकलन पर कार्य तथा विद्यालयों के नवाचारी क्रियाकलापों को अन्य विद्यालयों तक पहुंचाना है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त संप्राप्ति को विद्यालय के बच्चों तक पहुंचाकर उन्हें निपुण विद्यार्थी बनाने मेंअपना योगदान दें। ब्लॉक समन्वयक दीपक पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण विकासखंड सभी 100 प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को 3 बैचों में दिया जा रहा है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण बीआरसी द्वाराहाट में दिया जा चुका है। प्रशिक्षण केन्द्र रियूनी नोडल अधिकारी मनीष अधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समस्त सामूहिक रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। बच्च्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुनिश्चित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि प्रतिवर्ष हमारे द्वारा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत किए जा रहे शैक्षिक प्रयासों के लिए शैक्षिक कार्ययोजनाओं का निर्माण तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस दौरान रियूनी प्रशिक्षण स्थल पर नोडल अधिकारी मनीष अधिकारी, ब्लॉक एफएलएन समन्वयक दीपक पाण्डेय, एमटी राकेश पाण्डेय, मनीष वर्मा, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से आदित्य, नविता वर्मा, सीआरपी कविता बिष्ट, हेमन्त कुमार, प्रसून अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार, योगेश कुमार, वीर सिंह, महेश कुमार, विनीता उपाध्याय, रेनु दरमोली, पूजा अग्रवाल सहित कुल 27 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

### रात में जंगल जलता रहा

**बागेश्वर।** रविवार देर शाम से आधे रात तक जिला कलेक्ट्रेट के पास जंगल जलता रहा। सूचना के बाद फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबी पाया। वही दूसरी ओर ओलखसों और खबडोली में भी रात भर जंगल जलते रहे। फायर सीजन से पहले ही जिले के जंगलों में आग लगने की घटना बढ़ने लगी है। जंगलों में आग लगने ने जंगली जानवरों का शहरों व गांवों की ओर आने का खतरा और बढ़ गया है। लोगों के कहना है कि जाड़ों में यदि इस तरह जंगल जलते रहे तो गर्मियों में स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो सकती है। उन्होंने वन विभाग से आग फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इधर प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने कहा कि विभागीय टीम को आग बुझाने के निर्देश जारी कर दिए हैं और कर्मचारी जंगल में गश्त कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आग लगाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ठेकेदार वेलफेयर समिति ने कार्यकारणी का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर ठेकेदार वेलफेयर समिति की सोमवार को लोनिवि गेस्ट हाउस में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्व सहमति से नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष हीरा बल्लभ भट्ट ने सर्व सहमति से नए अध्यक्ष के लिए प्रमोद मेहता का नाम प्रस्तावित किया। जिसके बाद सभी ठेकेदारों ने उन्हें नाम पर सहर्ष सहमति जताते हुए नए अध्यक्ष प्रमोद मेहता का माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर ठेकेदार वेलफेयर समिति ने कार्यकारणी का विस्तार किया। जिसमें संरक्षक हरीश ऐठानी, हीरा बल्लभ भट्ट, सुबोध लाल शाह, भूपाल सिंह चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष अनिल टंगड़िया, सुरेश खेतवाल, नवीन परिहार, भुवन चन्द्र लोहनी, कमलेश परिहार चुने गए। महिला उपाध्यक्ष नीमा धपोला, महामंत्री संजय नेगी, दिनेश मेहता, मंत्री दिनेश गढ़िया, भुवन, दीपक सिंह, योगेश सनवाल, योगेश रावत बने। जबकि कोषाध्यक्ष मोहन रावत एवं हरीश चौबे बनाए गए। वही जिला प्रवक्ता के रूप में जगदीश पाठक को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के नए कार्यकारणी का गठन होने पर नव नियुक्त अध्यक्ष प्रमोद मेहता ने कहा कि ठेकेदारी के हक के लिए लगातार लड़ाई लड़ी जाएगी। राज्य में ठेकेदारी प्रथा के बदले मानकों को लेकर ठेकेदार संगठन का शिष्ट मंडल जल्द ही देहरादून मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मिलने जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते दिवस सीएम धामी के बागेश्वर आगमन पर उन्हें ठेकेदारों के लिए बनाई गई नीतियों से काफी परेशानी हो रही है। जिस पर सीएम ने ठेकेदारों को देहरादून में आकर समस्या पर चर्चा करने की अनुमति दी है। इस असवर पर जिले के दर्जनों ठेकेदार मौजूद थे।

# कांग्रेस आदर्शवादी पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के निर्देशन में सोमवार को जनपद में जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पिंडारी रोड में सभा का आयोजन किया गया। सभा में राष्ट्रीय कांग्रेस नेतृत्व द्वारा जिले के कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया गया। जिसके पश्चात सभी दायित्व मिले कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत किया। यहां आयोजित सभा में गोपा धपोला को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने पर उन्हें कार्यकताओं ने बधाई देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। इसी क्रम में वोट चोर गद्दी छोड़ जिला प्रभारी ललित फर्स्वाण, विधान विधान सभा प्रभारी हरीश ऐठानी, सहित अन्य कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा



कि कांग्रेस पार्टी आदर्शवादी पार्टी है, आज जो लोग अपने को राष्ट्र भक्त कह रहे है वे आजादी के समय अंग्रेजों के साथ मिलकर देश को कमजोर करने में जुटे थे। कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा बार बार सत्ता पक्ष को कई मुद्दों को लेकर वार्ता करने की बात कही जाती है। लेकिन सत्ता के नशे में चूर भाजपा की सरकार सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश के लोगों के साथ भाजपा धोखा कर रही है, खुलेआम मतदाताओं को घूस दे रही है, साथ ही वोट चोरी कर रही है। कांग्रेस अब सरकार के इन हरकतों को जनता तक पहुंचाएगी। ताकि जनता खुद भाजपा द्वारा की जा रही बेमानी का बदला लेगी। उन्होंने सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं भाजपा की असफलता को घर घर पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर प्रदीप टम्टा, राजेंद्र टंगड़िया, भगत डसीला, नवल टम्टा, बालकृष्ण, सुनील भंडारी, सुरेश गढ़िया, बहादुर बिष्ट, प्रेम सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।


**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**

कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR200ISGC025867

Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

पत्रांक 4382 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 08-12-2025

विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर के अंतर्गत अधोलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | सामग्री/कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू०) | धरोहर राशि (रू०) | कार्य की अनुमानित लागत (रू०) | ई-निविदा प्रपत्र ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 39/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड दोराहा के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान दोराहा में स्थापित 33 एवं 11 के.वी. की वी.सी.बी. की रिपेयरिंग/ऑवरहॉलिंग/टेस्टिंग करने का कार्य। | 1,180/- | 30,700/- | 10,23,000/- | 24.12.2025 (11.00 बजे तक) | 24.012. 2025 (16.00 बजे से) |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वैब साईट www.uktenders.gov.in पर अवलोकित किया जा सकता है। 'राष्ट्रहित में विद्युत बचायें', विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।

Customer Toll Free No. 18004190405

अधिशासी अभियंता

विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

# हलचल: रेलवे मामले पर सुनवाई कल

## बनभूलपुरा में ज़ीरो ज़ोन रहेगा, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में दस दिसंबर यानि कल बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई से पहले हल्द्वानी में हलचल एक बार फिर तेज हो गई है। संभावित फैसले को ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। तो वहीं एक बार फिर गिरफ्तारियों के लिए संदिग्धों का चिह्निकरण शुरू हो गया है।

साथ ही पुलिस ने स्पष्ट कर दिया कि फैसले वाले दिन बनभूलपुरा क्षेत्र एक बार फिर जीरो जोन रहेगा और सिर्फ लोकल आईडी वालों को ही बनभूलपुरा में दाखिल होने की अनुमति होगी। इसको लेकर सोमवार देर शाम एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी की अध्यक्षता में पुलिस बहुद्देशीय भवन में पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों को समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि फैसले के बाद किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार रहेगी।



संदिग्धों की पहचान से लेकर क्षेत्र में निगरानी तक हर स्तर पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। बनभूलपुरा और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में पूर्ण बैरिकेटिंग की जाएगी ताकि अनावश्यक भीड़ और बाहरी लोगों की आवाजाही नियंत्रित की जा सके। कोर क्षेत्र में प्रवेश केवल उन्हीं लोगों को मिलेगा जिनके पास स्थानीय पहचान पत्र होगा। वहीं सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए बीडीएस की टीम व्यापक चेकिंग करेगी। संभावित उपद्रवियों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मंगलवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए 3 एएसपी, 4 सीओ, 10 निरीक्षक, 45 दरोगा, 250 हैड कांस्टेबल, 4 फायर यूनिट, 4 टियर गैस यूनिट, 4 ड्रोन और 2 प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। वहीं पुलिस व रेवले के तकरीबन 52 सीसीटीवी कैमरों से पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र में भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही फील्ड के साथ-साथ सोशल मीडिया पर 24 घंटों लगातार निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक सूचना, अफवाह या भड़काऊ संदेश फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, पुलिस अधीक्षक दूरसंचार रेवाधर मठपाल, सीओ अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हजारों का फायदा देकर लाखों ठगे

## ऑनलाइन प्लेटफार्म पर युवती ने झांसे में लिया 6 लाख का लगाया चूना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक युवक को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (बंपी) पर मिली युवती ने झांसे में लेकर उसकी लाखों की रकम हड़प ली। युवक को पहले छोटे-छोटे रिफंड देकर विश्वास में लिया और फिर उसे बड़ी रकम निवेश करने के लिए मजबूर किया। बाद में जब युवक ने रकम जमा की, तो उसे बताया गया कि उसके आर्डर प्रोसेस नहीं हो रहे और पैनल्टी का भुगतान करना होगा। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रिवर वैली कमलुवागांजा निवासी पुष्पेंद्र सिंह परिहार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (बंपी) पर एक अनुष्का गुप्ता नामक युवती लड़की से हुई थी। अनुष्का ने बताया कि वह जयपुर, राजस्थान की रहने वाली है और उसे ई-कॉमर्स सैलर सिस्टम से जुड़ने का सुझाव दिया। उसने पुष्पेंद्र का रजिस्ट्रेशन कराया और एक सैलर डेशबोर्ड दिया, जिसके जरिए आर्डर पूरा करने पर कमीशन का वादा किया गया। शुरुआत में जब पुष्पेंद्र ने कुछ आर्डर पूरे किए, तो उसे छोटे लाभ मिले, जिससे उसे प्लेटफॉर्म पर विश्वास हो गया। इसके बाद अनुष्का ने उसे एक लिंक भेजा और 8 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच विभिन्न किस्तों में लगभग 6 लाख रुपये जमा करवा लिए। जब पुष्पेंद्र ने पूरी रकम जमा की, तो साइट ने आर्डर प्रोसेस न होने की बात कहकर पैनल्टी का भुगतान करने की मांग की। जब पुष्पेंद्र ने असमर्थता जताई, तो साइट ने उसका सैलर डेशबोर्ड ब्लॉक कर दिया और खाते में जमा 6 लाख रुपये रोक लिए। ठगी का एहसास होने पर उसने मुखानी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सिडकुल कंपनी के मैनजर की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी।** ड्यूटी से घर लौट रहे सिडकुल में बतौर प्रबंधक कार्यरत एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। आनन फानन में युवक को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से पठानकोट पंजाब के रहने वाले 35 वर्षीय मोहन लाल चोरग. लिया में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहते है, और सिडकुल स्थित एक कंपनी में डिजाइन एंड प्रोडक्ट मैनेजर के पद पर तैनात है। बताया जा रहा कि बीते रविवार रात करीब सवा 1 बजे मोहन सिडकुल से वापस बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चोरगलिया के एसमोड़ के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। आनन फानन में मोहन को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# 81 हजार देकर युवती ने छुड़वाई जान, जांच जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में रहने वाली एक युवती फरीदाबाद पुलिस की जांच के दायरे में आ गई है, जब उसने एक ट्रेडिंग एप में निवेश करने के बाद अपने खाते में अचानक हजारों की रकम पाई। फरीदाबाद पुलिस ने एक युवक की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की थी, जिसके बाद युवती को बीते गुरुवार को फरीदाबाद ले जाया गया। हालांकि, युवती ने उस रकम को शिकायतकर्ता को वापस करके अपनी जान तो बचा ली, लेकिन फरीदाबाद पुलिस ने अभी भी उसका पीछा नहीं छोड़ा है। पुलिस के अनुसार युवती ने अपने मोबाइल पर एक ट्रेडिंग एप इंस्टॉल किया था और इस पर पांच हजार रुपए का निवेश किया था। कुछ दिनों बाद उसके खाते में 81 हजार रुपए आ गए, जिसे उसने निवेश का फायदा समझा। हालांकि इस बड़ी रकम के आने के बाद युवती फरीदाबाद पुलिस के रडार पर आ गई। फरीदाबाद में एक युवक ने जालसा. जी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी, और इसी मामले की जांच करते हुए पुलिस की नजर युवती के बैंक खाते पर पड़ी। बीते गुरूवार को फरीदाबाद पुलिस हल्द्वानी पहुंची और स्थानीय पुलिस से संपर्क करके युवती को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। बताया गया कि युवती ने अपने खाते में आई पूरी रकम को शिकायतकर्ता को वापस कर दिया और दोनों के बीच समझौता हो गया। एसपी सिटी, मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि हालांकि मामला समझौते से सुलझ गया है, लेकिन पुलिस अभी भी युवती के बैंक खाते की जांच कर रही है। यह जांच की जा रही है कि खाते में कहां से और किस-किस स्थान से ट्रांजेक्शन हुआ, ताकि पुलिस असली अपराधी तक पहुंच सके।

# ठा. प्रेम शंकर सिंह बने फार्मेसी अधिकारी संघ के कुमाऊं सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड ने कार्यसमिति का विस्तार करते हुए मुख्य औषधि भंडार रुद्रपुर में कार्यरत फार्मेसी अधिकारी ठा. प्रेम शंकर सिंह को संगठन का कुमाऊं मंडलीय सचिव नियुक्त किया है। वहीं, महानिदेशालय में कार्यरत फार्मेसी ऑफिसर मुकेश नौटियाल को एक बार फिर से मंडलीय सचिव (गढ़वाल) का दायित्व सौंपा गया है। ठा. प्रेम शंकर सिंह ने अपने मनोनयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य राज्य में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन को लागू करना है, ताकि आमजन के स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस दौरान पैरालंपिक आर्म रेसलिंग के विश्व चैंपियन और एसडीएच बाजपुर में कार्यरत सीपीओ दलजीत सिंह गोराया ने एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें ठा. प्रेम शंकर सिंह को उनके नए दायित्व पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष सुधा कुकरेती, महामंत्री डा. सतीश चंद्र पाण्डेय, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश भूषण नौटियाल, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, संगठन मंत्री राहुल लखेड़ा, संयुक्त मंत्री नितिन कुंवर, कोषाध्यक्ष प्रदीप रावत, संप्रेक्षक गंगा सिंह थलवाल, पूर्व महामंत्री पवन पांडेय, पूर्व मंडलीय अध्यक्ष गजेन्द्र पाठक, डीपीओ आर सी खुल्बे, डीके जोशी, जगदीप राणा आदि लोगों ने बधाई दी।



# कूड़ा एकत्रीकरण की शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम ने ठोस अवशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत सोमवार से वार्ड 51 मयूर विहार में स्रोत पर कूड़ा एकत्रीकरण एवं सोर्स सेग्रीगेशन अभियान की शुरुआत कर दी। श्रीजी स्वयं सहायता समूह के सहयोग से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब क्षेत्र में घर-घर से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र किया जाएगा। नगर आयुक्त परितोष वर्मा स्वयं टीम के साथ वार्ड में पहुंचे और लोगों को कूड़ा पृथक्करण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि घर पर ही कूड़ा अलग करने से न केवल एमआरएफ सेंटर में कचरे की प्रोसेसिंग आसान होगी, बल्कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में भी सभी की सीधी भागीदारी होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कूड़ा गाड़ी को पृथक कूड़ा दें, जिससे प्रबंधन तंत्र सुचारू रूप से कार्य कर सके। बताया कि कूड़ा गाड़ी के माध्यम से एकत्र कचरा एमआरएफ सेंटर भेजा जाएगा, जहां आवश्यकतानुसार उसका उपयोग एवं निस्तारण किया जाएगा। वार्ड 51 के बाद सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा स्वयं सहायता समूहों की मदद से कूड़ा पृथक्करण की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इस दौरान सहायक लेखाधिकारी गणेश भट्ट, नगर परियोजना प्रबंधक डा. आईपी पंत, भाषित पाठक, रजनी नैनवाल, अर्चना सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।



# मैथ्स विजार्ड: प्रेरणा व पूजा प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र द्वारा सोमवार को पीरुमदारा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं इंग्लिश जीनियस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संकुल स्तर से चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नरसिंहपुर की प्रेरणा ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय लखनपुर की राधिका ने द्वितीय व मोहित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालूसिद्ध के मोहित तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंग्लिश स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय पीरुमदारा की पूजा चौहान प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीपलसाना की वंशिका द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर की आरोही ने तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सारिका चौहान, गणेश पांडे, रश्मि जोशी, और शिवम अग्रवाल शामिल थे। इस मौके पर विजेताओं को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी, प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज के हरेंद्र चौहान, सुभाष जुयाल, भारती लखचौरा, कमलकांत पांडे, रूपाली, राखी धनगर, मंजुला जोशी, हरीश, गौरव जोशी, रमासैनी, रामप्रकाश, दिनेश चंद्र कांडपाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।




# सिख समाज के नाम पर गुमराह न करे भाजपा: महेन्द्र सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जसपुर किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष और जिला सहकारी बैंक नैनीताल के पूर्व डायरेक्टर सरदार महेन्द्र सिंह ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी सिख समाज के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। उनका कहना था कि राज्य के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करने के बाद इस मामले का पटाक्षेप हो चुका है और अब इस पर कोई विवाद नहीं रह जाता। महेंद्र सिंह ने सिख समाज के नाम पर राजनीति करने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि हरभजन सिंह चीमा, जो 4 बार विधायक निर्वाचित हुए हैं और वर्तमान में भी चीमा जी के परिवार से ही विधायक निर्वाचित हुए हैं, को भाजपा सरकार ने मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया। यह सिख समाज के हितों के प्रति भाजपा की अनदेखी का स्पष्ट प्रमाण है। महेंद्र सिंह ने यह भी याद दिलाया कि कुछ माह पूर्व किसान आंदोलन के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने सिख समाज को नुकसान पहुँचाया था और यह घाव अभी भी ताजे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को सिख समाज के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समाज अपने अच्छे और बुरे के बारे में सोच-समझ कर उचित निर्णय लेने की पूरी क्षमता रखता है। इसलिए समाज को किसी भी तरह के बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं है।



# डीएम ने देहदान के आदेश करवाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम ललित मोहन रयाल ने परिजनों के अनुरोध एवं सहमति पर सेवानिवृत्त दूरसंचार विभाग कर्मी पुरमल सिंह धर्मशक्तू की देह सुशीला तिवारी कालेज प्रबंधन को दान दिए जाने की अनुमति देते हुए तत्काल आदेश जारी कर दिये हैं। बता दें कि बीएसएनएल से एसडीओ पद से सेवानिवृत हुए कमलुवागांजा हल्द्वानी निवासी पुरमल सिंह धर्मशक्तू का बीते रविवार को निधन हो गया था। मूलरूप से मुनस्यारी टिमटिया गांव के रहने वाले धर्मशक्तू अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह पिता की इच्छा के अनुरूप उनकी देह को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को शैक्षणिक, अनुसंधान कार्य के लिए देना चाह रहे थे, लेकिन कागजात पूरे नहीं होने के चलते परिजन इस मामले को लेकर देर शाम डीएम ललित मोहन रयाल से मिले। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत आदेश जारी कर देह को निशुल्क दान करने की अनुमति देते हुए मेडिकल कालेज प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी किये। राजकीय मेडिकल कालेज ने उनकी देह को शैक्षणिक व अनुसंधान कार्य के लिए ले लिया है।

## कला प्रदर्शन कर चार प्रतिभाओं ने जीते पुरस्कार

**हल्द्वानी।** लखनऊ में आयोजित हुए क्लैसिकल वॉयस ऑफ इंडिया राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर संगम संगीत संस्थान हल्द्वानी की चार प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट कला प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित किये हैं। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग तबला वादन में युवा तबला वादक हिमांशु जोशी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी वर्ग में रिजुल पांडे को तृतीय पुरस्कार तथा रणविजय सिंह बाफिला को सराहना पुरस्कार प्रदान किया गया। यह तीनों कलाकार तबला आचार्य डा. मुकेश चंद्र पंत के मार्गदर्शन में साधना कर रहे हैं। वहीं स्वर वाद्य वर्ग में स्वर संगम हल्द्वानी की उभरती बांसुरी वादिका गायत्री रिखाड़ी ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हिमांशु जोशी ने इसी वर्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय से एमए (तबला) की उपाधि प्रथम श्रेणी व गोल्ड मेडल के साथ हासिल की है। वहीं रणविजय सिंह बाफिला यूजीसी से जेआरएफ प्राप्त प्रतिभाशाली तबला वादक है। चारों कलाकारों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के संगीतप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

## स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** टीपीनगर पुलिस ने बीते रविवार की रात गश्त के दौरान एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी जामातलाशी के दौरान आरोपित युवक के पास से 5.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी टीम को सीएमटी कॉलोनी के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर उसकी जामातलाशी ली तो उसके पास से 5.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजेश पाण्डेय उर्फ रामा पुत्र बल्लभ पाण्डेय निवासी सीएमटी कालोनी डहरिया हल्द्वानी बताया। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# पुण्यतिथि पर जनरल बिपिन रावत को याद किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सोमवार को ऊंचापुल रामलील मैदान में देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) स्व. जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सेनि. कैप्टन दया किशन जोशी द्वारा की गई। सभा के दौरान परिषद के सभी सदस्यों तथा उपस्थित मातृशक्ति ने स्व. जनरल रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री भुवन चंद भगत, खिलानंद चिलकोटी, पुष्कर सिंह भंडारी, अर्जुन सिंह भंडारी, भुवन चंद्र पाठक, खीम सिंह बोरा, नरेश दुर्गापाल, सुंदर सिंह रावत, दीवान सिंह राठौर, आरएस अंडोला, गजेंद्र सिंह धामी, पार्षद प्रमोद पंत रहे।

## ट्रांसपोर्ट नगर को बिपिन रावत का नाम दिया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल और देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ ने सोमवार को स्व. जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और सरकार व नगर निगम प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर को स्व. जनरल बिपिन रावत के नाम से नामित किया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा स्व. जनरल विपिन रावत भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) थे और उन्होंने भारतीय सेना में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। कहा कि हमें गर्व है कि जनरल विपिन रावत हमारे प्रदेश के बेटे थे और उन्होंने देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। हम सरकार से मांग करते हैं कि हल्द्वानी का ट्रांसपोर्ट नगर उनके नाम से जाना जाए और उनकी याद में एक स्मारक भी बनाया जाए। इस दौरान देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ के अध्यक्ष राकेश जोशी, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, हरजीत सिंह चड्डा, दया किशन शर्मा, भाष्कर मेहता, ललित रौतेला, उमेश चंद्र पांडे, जसपाल सिंह कोहली, आफताब हुसैन, गिरीश मेलकानी, रोहित रौतेला, गोविंद सिंह मेहरा, जगमोहन चिलवाल, बृजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



# अब्दुल मलिक को राहत नहीं, तीन को ज़मानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** हल्द्वानी दंगे के कथित मुखय साजिशकर्ता अबदुल मलिक को हाईकोर्ट ने सोमवार को जमानत नहीं दी। वहीं उस पर लगे आरोपों के संबंध में प्रदेश सरकार से पूरा बयोरा मुहैया कराने को कहा है। साथ ही अदालत ने हल्द्वानी दंगे के तीन अन्य आरोपियों को जमानत प्रदान कर दी है। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हल्द्वानी दंगे से जुड़े मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक समेत कुल 16 मामलों में सुनवाई हुई। इनमें से तीन ही आरोपियों को दानिश मलिक, जुनैद और अयाज अहमद को जमानत मिल पायी। खंडपीठ ने हल्द्वानी नगर निगम के पूर्व पार्षद जीशान परवेज उर्फ शेबू को भी जमानत नहीं दी। सभी आरोपियों के मामले में अदालत दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगी। मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की ओर से जमानत की मांग करते हुए कहा गया कि वह निर्दोष है। घटना के दिन वह मौके पर मौजूद नहीं था। उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य भी मौजूद नहीं हैं। वह वरिष्ठ नागरिक है और पिछले वर्ष फरवरी से जेल में बंद है। सरकार की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि वह मुख्य आरोपी है। उस पर पूरी साजिश रचने के गंभीर आरोप हैं। उसने सरकारी जमीन पर कब्जा किया और जब प्रशासन की टीम वहां पहुंची तो उन पर हमला कर दिया। अदालत ने आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए सरकार को निर्देश दिए कि वह आरोपी पर लगे सभी आरोपों का ब्यौरा अदालत में पेश करें।

# मुक्त विश्वविद्यालय में 'हौंसलों की उड़ान'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के दिव्यांग प्रकोष्ठ विशेष शिक्षा विभाग एवं समान अवसर अनुभाग की ओर से सोमवार को हौसलों की उड़ान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक शिक्षा शास्त्र प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण ने कहा कि समावेशी वातावरण निर्माण शिक्षा क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक है और इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2020 में दिव्यांग बच्चों को सामान्य तौर पर सामान्य बच्चों के साथ आगे बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रावधान दिये गए। समान अवसर अनुभाग के प्रभारी प्रो. पीडी पंत ने बताया कि आज जरूरत इस बात की है कि समाज में जागरूकता पूरी तरीके से फैले और प्रत्येक दिव्यांग में मात्र एक शारीरिक कमी की वजह से उसके अत्यंत विशिष्ट गुणों को हम किसी भी तरीके से अनदेखा नहीं कर सकते व इन विशिष्ट गुणों में निखार लाने की जरूरत है। तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित नीरजा गोयल ने अपने जीवन की कई विषम परिस्थितियों के बारे में बताते हुए बताया कि कैसे बचपन में पोलियो का गलत इंजेक्शन लगने लग जाने की वजह से उनको एक दिव्यांग श्रेणी में शामिल होना पड़ा। उनके पिता की मृत्यु के बाद और किस तरीके से बिजनेस स्टार्टअप में अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाई और एक एक्सीडेंट में अपनी रीड की हड्डी में लगी चोट की वजह से वह किसी भी काम को करने में अक्षम हो गई। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि वह विश्वविद्यालय स्तर पर जितनी भी मदद दिव्यांगों के लिए होगी सहर्ष करने को तत्पर है। विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों से आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी में पाठ्यक्रम प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाता है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों नीरजा गोयल, प्रीति गोस्वामी, मोहिनी कोरंगा, चंद्रकला जोशी, निर्मला देवी, सरिता ज्याडा, दिनेश प्रसाद ज्याडा, पुरुषोत्तम मोगा का स मानित किया गया। इस मौके पर डा. राजेंद्र कैड़ा, दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रभारी सिद्धार्थ पोखरियाल, सदस्य डा. बालम दफोटी, डा. नागेंद्र गंगोला, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. राकेश रयाल, तरुण नेगी, भावना धौनी, अंकिता सिंह, निशा राणा, पूजा शर्मा, रश्मि सक्सेना, डा. बबीता खाती आदि मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चों को 'विशेष' महसूस कराया

# डीके स्पोर्ट्स बनी चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंडर-14 बालक जिला क्रिकेट लीग का सोमवार को फाइनल मुकाबले में डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87 रनों से जीत दर्ज कर चैंपियन ट्रॉफी कब्जाई। सोमवार को जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-14 बालक जिला क्रिकेट लीग का फाइनल मैच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और डीके स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोल्ट्स क्रिकेट की पूरी टीम 39वें ओवर में 84 रनों पर आल आउट हो गई। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज ईशान जोशी ने 4 व देवांग नेगी ने 3, अनामय पाण्डे ने 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 19वें ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। अंपायर की भूमिका में भूपेश शाही और विजय आर्या रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। मैन ऑफ-द मैच ईशान जोशी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हार्दिकराज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज देवांग नेगी व मैन ऑफ-दा सीरीज कुनाल हलसी रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जस गोविन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नागेश चंद ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर भाजपा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, लीला कांडपाल, जगमोहन बगड़वाल, अमित कांडपाल, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, संजय चौधरी, विजय कुकसाल, त्रिलोक जीना, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, विक्रम बोरा, प्रशांत भंडारी मौजूद रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎05946-250286
मुख्यालय: मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

CMYK



# मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना के परिणाम जारी



■ रा.इ.का हरिपुरा हरसान अब्बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय इंटर कालेज हरिपुरा हरसान के छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्र वृत्ति योजना में सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र वृत्ति योजना जूनियर वर्ग में विद्यालय के छ बच्चों क्रमश: मंजीत सिंह , प्रियांशु नेगी, शिवम, हिमांशु, सिमरन कौर और कुलविंदर कौर ने सफलता प्राप्त की है। सभी बच्चे निम्न आर्थिक स्थिति के है। साथ ही सीनीयर वर्ग में कक्षा 9 से रमनदीप कौर, बूटा सिंह , आदर्श,कवशा, कशिश, कुलदीप सिंह, कुलदीप/धर्म सिंह, और हर्ष ने सफलता अर्जित की है।

यह परीक्षा अक्टूबर माह में पूरे प्रदेश में संपन्न हुई थी। इन सभी बच्चों का मार्ग दर्शन विद्यालय के अध्यापक तारा दत्त जोशी ने किया है। श्री जोशी विद्यालय के पास ही रहते हैं और खाली समय में इन बच्चों को छात्रवृत्ति योजना की तैयारी करवाकर सफल होने में मदद की है। साथ ही जोशी ने विज्ञान प्रदर्शनी, सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी, संस्कृत प्रतियोगिता जैसी विविध प्रतियोगिताओं में बच्चों का मार्ग दर्शन कर बच्चों की प्रतिभा निखारने में लगे रहते हैं। सभी अभिभावकों , प्रधानाचार्य र खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को बधाई दी है और जोशी की प्रशंसा की है। वर्तमान में श्री जोशी जीएन एनएमएस छात्र वृत्ति हेतु कक्षा 8 के बच्चों को तैयारी करवा रहे हैं। जोशी एक प्रतिष्ठित लेखक भी हैं।

# भैंसा गाड़ी की चपेट में आकर एकलौते पुत्र की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरौली में भैंसा गाड़ी की चपेट में आने से एक 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा। मृतक अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र था।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर शैफु पुत्र सईद अहमद निवासी वार्ड 18 सिरौली निवासी सड़क किनारे खेल रहा था कि अचानक चलती बैलगाड़ी की चपेट में आ गया तथा पहिए के नीचे कुचल गया, जिस वजह से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर बालक के शव को कब्जे में लेकर के किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु रुद्रपुर मोर्चरी भिजवा दिया है। मृतक बालक अपनी मां रीना के साथ रहता था तथा उसके पिता अलग निवास करते हैं। बालक की मौत से पूरे सिरौली में शोक की लहर है तथा उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर बाइक, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गदरपुर। थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक टकराने बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना टी। सूचना परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

ग्राम शोका नगला केलाखेड़ा निवासी 45 वर्षीय बृजमोहन सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह रविवार देर शाम को बाइक संख्या UP11BJ-1634 घर से गदरपुर आ रहा था। रास्ते में बलखेड़ा मोतीपुर सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या यूके 06पी सी 9607 से बाइक टकरा गई। ट्रक चालक ने किसी प्रकार का अवरोधक चिह्न नहीं लगाया था, जिसके चलते हादसा हुआ। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची 108 इमरजेंसी सेवा द्वारा गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायल बृजमो. हन को पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने बृजमोहन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना टी। सूचना परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### गदरपुर 15 वीं वाहिनी एनडीआरएफ परिसर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल 15 वीं वाहिनी की ओर से दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नॉर्थ जोन वेस्ट सेंट्रल जोन साउथ व साउथ सेंट्रल जोन एवं ईस्ट वी नॉर्थ ईस्ट जॉन की टीमे प्रतिभाग कर रही है। वाहिनी के सेनानी सुदेश कुमार दराल ने कहां की सभी टीमें अपने-अपने जोन में बेहतर प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में चयनित हुए हैं। बताया कि बल में नियमित रूप से आयोजित होने वाले ऐसी खेल तथा पेशेवर प्रतियोगिताएं जवानो की शारीरिक दक्षता मानसिक दृढता टीम भावना एवं खेल भावना को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ सेनानी सुदेश कुमार दराल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सेनानी सुदेश कुमार दराल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी शैलेश कुमार चौधरी, उप सेनानी रोहिताश्व मिश्रा एवं सुशील कुमार तथा सहायक सेनानी मनोज जोशी, निरीक्षक सुधांशु जोशी समेत एनडीआरएफ के तमाम जवान मौजूद रहे।

### आरएएन स्कूल में हुई उद्यमशीलता को लेकर कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सीबीएसई द्वारा सीओई देहरादून के सहयोग से आरएएन पब्लिक स्कूल में स्कूल क्वॉलिटी असेसमेंट एंड एश्योरेंस फ्रेमवर्क (SQAAF) विषय पर प्रिंसिपल एवं उप- प्रिंसिपल के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उधमसिंह नगर तथा अन्य नगरों के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं उप-प्रिंसिपल ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा अतिथि संसाधन व्यक्तियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यशाला की संसाधन व्यक्तियों भावना भनोट, प्रिंसिपल आरएएन पब्लिक स्कूल तथा गायत्री कंवर, प्रिंसिपल बीएलएम एकेडमी, गोरा पड़ाव, हल्द्वानी (नैनीताल) रहीं। इसक`उपरांत उधमसिंह नगर एवं अन्य नगरों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रिंसिपलों एवं उप-प्रिंसिपलों का परिचय कराया गया, जिन्होंने`कार्यशाला में भाग लेकर इसे और अधिक समृद्ध बनाया। उनके अनुभवों और विद्यालयों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि ने कार्यक्रम के वातावरण को और अधिक सार्थक एवं प्रभावी बनाया।

अपने समृद्ध अनुभव साझा करते हुए संसाधन व्यक्तियों ने प्रतिभागिया`को SQAAF के महत्व से अवगत कराया तथा इसके विभिन्न डोमेन औ रउप-डोमेन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रतिभागियों का`रिकॉर्ड के० यवस्थित प्रलेखन तथा SQAAF के माध्यम से स्व-मूल्यांकन करने की प्रक्रियाओं को सरल और स्पष्ट ढंग से समझाया। कार्यशाला को अधिक इंटरैक्टिव, रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का प्रयोग किया गया, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों ने अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझा। प्रतिभागियों ने संसाधन व्यक्तियों द्वारा दिए गए स्पष्ट मार्ग दर्शन, व्यावहारिक उदाहरणों और सरल व्याख्याओं की सराहना की। कार्यशाला का समापन दूसरे दिन ध्यान सत्र के साथ हुआ, जिसने प्रतिभागियों को शांति और ऊर्जा से भर दिया।

# वोट चोर गद्दी छोड़, महारैली को लेकर कांग्रेसियों ने की सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिव नगर ट्रांजिट कैंप में पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया। बैठक में तय किया गया कि दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़, महारैली में रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से भी अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचकर रैली को सफल बनाएंगे।

इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी की नव निर्वाचित अध्यक्षममता रानी, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी सहित अन्य कांग्रेस जनों का फूल मालाएं पहनाकर एवं पीत वस्त्र डालकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ममता रानी ने सभा को संबोधित किया। सभी कांग्रेस नेताओं ने जनता का आवाहन किया कि वह भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए और देशभर में उनके द्वारा की जा रही वोट चोरी के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली में पहुंचने की अपील की। यहां सोनू को वार्ड अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी गई। में अनिल शर्मा, उमा सरकार, पूनम, बेबी सिकदर मधु सिकदर, अनुज दीक्षित, निरोध अधिकारी, राजू , बालम सिंह, मोनू ठाकुर, विमलेश ,सावित्री, संतोष, कुसुम, प्रियंका सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# बुल्डोजर राज के खिलाफ निकाला जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बुल्डोजर राज के खिलाफ संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर को प्रेषित ज्ञापन में ग्राम पूछड़ी व उत्तराखंड में चल रही सभी बेदखली एवं दमनात्मक कार्रवाइयों पर तत्काल रोक लगाने व सात दिसंबर को बेदखल परिवारों को पुनर्वासित करने, महिलाओं व ग्रामीणों के साथ हुई मारपीट व अवैध हिरासत की न्यायिक/ उच्च स्तरीय जांच कराने,उच्च न्यायालय के स्टे आदेशों के उल्लंघन करने वाले उत्तरदायी डीएफओ प्रकाश आर्य व अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई करने, उत्तराखंड में वनाधिकार कानून का अनुपालन कर वन भूमि पर बसे सभी वन ग्रामों, गोठ व खत्तों को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की गई।

तहसील परिसर में हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पूछड़ी में विगत वर्ष ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति का विधिवत गठन हो चुका है। कानूनन जब तक अधिकार निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती, तब तक किसी भी ग्रामीण को उसके आवास व भूमि से बेदखल नहीं किया जा सकता।

आंदोलन की आगामी रणनीति के लिए नौ दिसंबर को पूछड़ी एकता चौक में बैठक आयोजित की गई है। सभा का संचालन सरस्वती जोशी ने किया। इस दौरान पीपी आर्य, कैलाश पांडे, ललित उप्रेती, ललिता रावत, प्रभात ध्यानी, खीम राम, रेनु सैनी, नेहा, सोनम शेख, लालमणी, तुलसी छिंबाल, दीपक तिवारी, सीमा तिवारी, मौ अकरम, रमेश आर्य, महेश जोशी, जगमोहन रावत आदि सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

# विधायक शिव अरोरा के प्रयास लाए रंग

■ **30 हजार परिवारों को बिजली कनेक्शन हेतु मानचित्र स्वीकृत कराने की अनिवार्यता को किया समाप्त**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के साथ जिला अधिकारी से मुलाकात की। विधायक कहा विगत दिनों जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय मे उपाध्यक्ष जय किशन व सचिव पंकज उपाध्याय से मुलाकात हुई थी, जिसमे मेरा बहुत स्पष्ट मत था कि कई दशकों से नजूल, दानपात्र की जमीन पर रह रहे 30 हजार परिवार जिनका अपना नजूल, दानपात्र की का स्वामित्व नही है ऐसे मे वह मानचित्र पास करवा ही नहीं सकते और इनको मानचित्र स्वीकृत कराने की अनिवार्य से मुक्त किया जाये और प्राधिकरण द्वारा आश्वासत किया था।

मगर शुक्रवार को जब रम्पुरा की महिलाओं को कनेक्शन मिलने में वही समस्या आने लगी। तब मैंने एसडीओ कार्यालय मे अपनी नराजगी व्यक्त की थी, क्योकि मैं अपनी रुद्रपुर की नजूल दान पात्र पर रहने वाली जनता को ऐसे समस्या में नहीं देख सकता। विधायक का जिला अधिकारी से वार्ता के दौरान बहुत स्पष्ट कहना था कि नजूल दानपात्र रहने ट्रांजिष्ट कैम्प, शिवनगर, रम्पुरा भादईपुरा, रेशमबाड़ी, दूधियानगर, आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी, खेड़ा, संजयनगर खेड़ा, जगतपुरा, आदर्श कालोनी घास मंडी जैसे अनेको क्षेत्र जहां दशकों से हमारे यहां निर्धन परिवार निवास कर रहे हैं इनको प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश जिसमे बिजली कनेक्शन हेतु मानचित्र स्वकृति अनिवार्य है। उस अनिवार्यता समाप्त किया जाए जिससे बहुत लम्बे समय से बरसो ने निवासरत जिनके मकान पुराने बने हुएं है उनको मानचित्र स्वीकृति अनिवार्य समाप्त किया जाए।

जिला अधिकारी नितिन भदौरिया ने विधायक शिव अरोरा कि पूरी वार्ता सुनकर स्पष्ट कहा निश्चित रूप से विधायक शिव अरोरा इस गंभीर विषय को लगातार वार्ता चल रही थी। जिलाधिकारी ने कहा प्राधिकरण द्वारा जारी 28 नम्बर 2025 आदेश को संशोधित करने के प्राधिकरण सचिव को निर्देश दिए और कहा नजूल दानपात्र पर पुराने समय से मकान बनकर रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन हेतु मानचित्र स्वीकृति की अनिवार्य समाप्त की जाए। वहीं संशोधित आद. `श भी जारी हो गया। विधायक ने कहा निश्चित रूप से यह 30 हजार परिवार जो लम्बे समय से अपना मकान बनाकर दानपात्र व नजूल भूमि पर रह रहे है उनके लिये बहुत बड़ी राहत होंगी। इस दौरान भाजपा मडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राजकुमार साह, पार्षद पवन राणा, निमित्त शर्मा, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, राधेश शर्मा, महेंद्र आर्य, महेंद्री शर्मा, मनोज मदान, कमल राणा, गोविन्द राय, पिंटू पाल, दर्शन कोली, राजू कोली, चन्दसेन चंदा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वन विभाग ने 150 कुंटल अवैध खैर सहित ट्रक को लिया कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** महतोष चौकी क्षेत्र में वन विभाग की टीम को अवैध रूप से ले जाई जा रही लाखों रुपये की बेशकीमती खैर की लकड़ी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। जबकि आरोपी चालक मौके से फरार हो गया।

हैरानी की बात तो यह है कि बड़े पैमाने पर चल रही लकड़ी तस्करी की चौकी की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वन विभाग के अधिकारियो ने मौके से लगभग 150 कुंतल अवैध खैर सहित ट्रक को कब्जे में ले लिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह तड़के वन विभाग को करीब चार बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरिराई में तस्करी के इरादे से एक ट्रक से अवैध खेर की लकड़ी ले जाई जा रही है।

सूचना पर तत्काल हरकत में आए वन विभाग ने ग्राम बरीराई में घेराबंदी करते हुए अवैध खैर को ट्रक को घेरते हुए तस्करों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वन विभाग की टीम को देखकर तस्कर मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके से लगभग 150 कुंतल अवैध खैर से लदे ट्रक संख्या नं. 06CB 2977 को अपने में कब्जे में ले लिया, जबकि इस संबंध में पीपल पड़ाव रेंज के रेंजर पूरन जोशी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## लाठी डण्डों और धारदार हथियार से युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक और उसके साथियों पर हमले के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैंप निवासी प्रार्थी गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 दिसंबर की रात लगभग 2 बजे वह अपने दोस्तों सुमित, रितिक, सचिन, नरेन्द्र के साथ काम से लौट रहा था। इसी दौरान खेडा निवासी रामू, शुभम, दीपेश, मनोज, अकीत, विक्रम तमंचा लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने युवक को लात-घूंसों, लाठी-डंडों और रॉड से मारपीट की। इसी दौरान किसी एक आरोपी ने गौतम के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर नजदीक ही रहने वाले अपने परिचित गौतम के घर पहुंचे। आरोप है कि हमलावर वहां भी पहुंच गए और गेट तोड़ने का प्रयास करते हुए धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उनका सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया। सभी युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवनिर्वाचित संचालक मंडल को दिलाई गई शपथ






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के ग्राम आसपुर में आयोजित बहुउद्देशीय फीका पार किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड,(एम्पेक्स) जसपुर के नव-निर्वाचित संचालक मंडल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कृषकों/ जनप्रतिनिधियों/ क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमाई उपस्थिति में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मौजूद अतिथियों अतिथियों ने फीका पार समिति के कार्यों और उपलब्धियां के विषय में अपनी-अपनी बात रखी।

समिति के एमडी अरुण सोलंकी द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम में सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में दूसरी बार मनोनीत युवा समिति अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान एवं नवनियुक्त युवा उपाध्यक्ष सरदार पप्पिंदर सिंह ने शपथ ग्रहण कर भारत के संविधान के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात पूर्ण कार्यकारिणी को समिति के एमडी अरुण सोलंकी ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में भाजपा युवा जिला अध्यक्ष मनोजपाल, गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू, जसपुर कांग्रेस विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, खड़क सिंह चौहान, खिलेंद्र चौधरी, राजकुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, दान सिंह रावत, तीरथ सिंह, कश्मीर सिंह पन्नू, प्रगट सिंह पन्नू , हरप्रीत सिंह हैप्पी, गुरमीत सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, सनी प्रधान, नईमअहमद, शमीम दूधिया, दिलशाद शाह, धर्मपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सतीश फौजी,नईम चौधरी, आसिम शाह, कपिल कुमार,मुस्तफा अली, बैगराज सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खाद्यान आढ़तियों एवं व्यापारियों की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर के सभागार में खाद्यान आढ़तियों एवं व्यापारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मंडी सचिव सहील अहमद ने कृषि उत्पाद का थोक संव्यवहार प्रधान मंडी स्थल के भीतर किए जाने की व्यवस्था है।

मंडी सचिव ने कहा मंडी स्थल में कारोबार न कर मंडी क्षेत्र ( बाजार) में कारोबार किया जा रहा है, जिस कारण बाजार में विनिर्दिष्ट कृषि उत्पादों से सम्बंधित वाहनों के आवागमन से अनावश्यक यातायात भी प्रभावित हो रहा है। वहीं आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को सहमति के साथ मनाना पड़ेगा। व्यापारी राहुल अग्रवाल ने कहा कि मंडी समिति परिसर की कई स्थानों पर चार दिवारी क्षतिग्रस्त हो गई है और सूरक्षा की दृष्टि से मरम्मत कार्य कराया जाए। नालियों की मरम्मत एवं पानी की निवासी होनी चाहिए। देवभूमि व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि मंडी में कारोबार करने के लिए बैंक, शोचालय, एवं दुकानों की मरम्मत कार्य एवं कच्ची स्थानों पर ही सीमा इण्टर लाक से सड़कें बननी चाहिए। मंडी सचिव ने कहा कि मंडी में वर्तमान समय में बिजली, पानी, सड़क, सीसी कैमरे, सूरक्षा गार्ड हैं, लेकिन आवश्यकता के अनुसार और व्यवस्था कर दी जाएगी यहां देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन काण्डपाल, मनमोहन अग्रवाल, पलक अग्रवाल, जय दीप, सुमित मेहरोत्रा, मोहित अग्रवाल, दिनेश चंद्र, रामशंकर, हिमांशु अग्रवाल, विपिन काण्डपाल, सतीश चन्द्र, रामनिवास अग्रवाल, मनोज माहेश्वरी, राहुल अग्रवाल, सुरेश चन्द्र माहेश्व. री, संजीव कुमार, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, नरेंद्र प्रकाश पंत,,दीपा मनराल आदि मौजूद रहे।

# मिनी स्टेडियम और नशा मुक्त उत्तराखंड की मांग को लेकर युवा दौड़े हाफ मैराथन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मिनी स्टेडियम और नशा मुक्ति उत्तराखंड की मांग को लेकर टनकपुर मनिहार गोठ के युवा हाफ मैराथन दौड़ लगाते हुए खटीमा पहुंचे और मीडिया के माध्यम से मिनी स्टेडियम की मांग व नशे से दूर रहने की अपील की।

टनकपुर से खटीमा तक लगभग 25 किलोमीटर की हाफ मैराथन में टनकपुर मनिहार गोठ के युवाओं ने दौड़ लगाते हुए रविवार की देर शाम खटीमा पहुंचे और मीडिया के माध्यम से उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मनिहार गोठ में एक मिनी स्टेडियम की मांग की और साथ ही नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने की अपील की। वहीं युवाओं ने बताया कि उनके क्षेत्र मनिहार गोठ में एक मिनी स्टेडियम की सख्त आवश्यकता है, जिससे युवाओं को दौड़ लगाने, भर्ती परीक्षा की तैयारी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों व युवाओं को नशे से दूर रहने की बात कही। इस दौरान इसाक हुसैन, रियासत हुसैन, अफजल अली, नवीन चंद्र, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद कैफ, तनुज पचोली, मोहम्मद आरिफ, फरदीन आदि शामिल रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पापिया विश्वास पत्नी श्री सुबीर कुमार विश्वास निवासी मौ0 जामा मस्जिद महुआखेड़ागंज तह0 काशीपुर व जिला ऊधमसिंहनगर से रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्राथी ने उक्त मकान नं0- 09/75 वाकै वार्ड नं0-09 हकीमगंज महुआखेड़ागंज को श्री अशफाक अली पुत्र श्री बाबू निवासी वार्ड नं0- 09 मौहल्ला हकीमगंज महुआखेडागंज, काशीपुर ऊधमसिंहनगर रजिस्ट्रड बैनामें के आधार पर क्रय किया है। प्रार्थी वर्तमान में उक्त निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहता है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त गकान नं0-09/75 महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भूरी पत्नी श्री तौफिक निवासी ग्राम व पोस्ट चांदपुर तह0 व जिला मुरादाबाद (उ0प्र0) द्वारा रजिस्ट्रड बनाने, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। प्रार्थनी ने उक्त खसरा नं0- 1000 मिन कुल क्षेत्रफल 113.84 वर्गमीटर वाकै महुआखेडागंज को श्री आजाद अहमद पुत्र श्री मुखतियान अहमद निवासी मौ. आर्दश मिश्रीनगर महुआखागज ऊधम सिंह नगर रा रजिस्ट्रड बेनामे कर पंजीकृत क्रय किया हैं। प्रार्थनी वर्तमान में उक्त खसरे घर निर्मित भूमि को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं0- 1000 मिन कुल क्षेत्रफल 113.84 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेडागंज के कार्यालय मे लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के सपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल कुमार पुत्र श्री आनंद प्रकाश निवासी मौ0 विजयनगर महुआखेडागंज तह0 काशीपुर व जिला ऊधमसिंहनगर से रजिस्ट्रड दान पत्र, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्राथी ने उक्त मकान नं0-08/449 वाकै वार्ड नं0-08 शक्तिचौराहा महुआखेडागंज को श्रीमती निमलेश देवी पत्नी श्री आनंद प्रकाश निवासी गौहल्ला विजयनगर महुआखेडागंजइ काशीपुर ऊधमसिंहनगर आपने पुत्र को रजिस्ट्रड दान पत्र किया है। प्रार्थी वर्तमान में उक्त निर्मित्त मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहता है। रजिस्ट्रड दान पत्र, शपथपत्र के आधार पर उक्त मकान नं0 -08/499 महुआखेडागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेडागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज, उधमसिंह नगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सायमा बी पत्नी श्री फुरकान अली निवासी ग्राम भगवन्त नगर तह0 स्यार जिला रामपुर (उ0प्र0) द्वारा रजिस्ट्रड बैनामे, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं। प्रार्थनी ने उक्त खसरा नं0 1022 मिन कुल क्षेत्रफल 120.81 वर्गमीटर वाकै महुआखेडागंज को श्री रईस अहमद पुत्र श्री अनवार हुसैन निवासी मौ0 हकीमगंज महुआखेडागंज ऊधम सिंह नगर के रजिस्ट्रड बेनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थनी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित भूमि को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज कराना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं0- 1022 मिन कुल क्षेत्रफल 120.81 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेडागज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपराध नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना सभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

# जनता के दरवाजे पर प्रशासन-जनसुनवाई में जिलाधिकारी का सख्त रुख

## जिलाधिकारी के प्रशासन को सख्त निर्देश, कोई भी फरियादी निराश न लौटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। शुरुआत से ही जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया कि जन समस्याओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई या विलंब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी और परिणाम आधारित होना चाहिएख्र अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की कुल 38 शिकायतें दर्ज हुईं। उपस्थित अधिकारियों ने अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि जांच अथवा विभागीय प्रक्रिया वाले प्रकरण तुरंत संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही हेतु हस्तांतरित किए




गए। मुख्य शिकायतों में अपात्र जनजाति प्रमाणपत्र निरस्तीकरण, विकास कार्यों की तकनीकी जांच, मार्गों से तारबाड़ हटाना, रई-सिल्थाम-ग्रीफ बैंड मार्ग के बंद कलमठ को खोलना, मोटर मार्ग एवं पेयजल योजनाओं की अनियमितताएं, निर्माण कार्यों में देरी, भूमि व रजिस्ट्री विवाद, वन पंचायत भूमि, पाइपलाइन सुधार, राजी जनजाति की समस्याएं तथा वाहन हस्तांतरण से जुड़े मामले शामिल रहे। साथ ही सड़क मरम्मत, पेयजल सुधार, बिजली आपूर्ति, सोलर लाइट, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व प्रमाणपत्र संबंधी शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता बिना भटके सीधे राहत पाए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि "कोई भी फरियादी निराश न लौटे" यही प्रशासन की वास्तविक परीक्षा है। कार्यक्रम उपरांत जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। 36 दिन से अधिक लंबित मामलों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए विभागों को तुरंत समाधान व नियमित अपडेट देने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनहित से संबंधित स्थानीय समाच. ार रिपोर्टों पर भी तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। जनसुनवाई में एसडीएम सदर मनजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने पुनः आश्वस्त किया कि हर शिकायत का समाधान तय समय सीमा में कठोर अनुश्रवण के साथ सुनिश्चित किया जाएगा।

# फड़ खोखा ठेला व्यवसासियों के लिए चयनित किया जाएं स्थाई स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** फड़ खोखा ठेला स्वामियों ने उत्तराखण्ड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि की अगुवाई में सोमवार को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर फड़ खोखा ठेला व्यवसासियों के लिए स्थाई स्थान चयनित किये जाने की मांग की है।

अनिल वाल्मीकि ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर हर बार सिर्फ फड़ खोखा ठेला स्वामियों को ही खदेड़कर उनका शोषण किया जाता है, जिससे उन्हें बार-बार असुविधाओं का सामना करना पड़ता है और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने बाजपुर नगर में एक समान रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की भी माँग की।

इस मौके पर महीपाल, बाबू, हर्षित, रवि, कैलाश कुमार, लालाराम, शफीक अहमद, अजय, सोनू, सनी, राकेश, धन सिंह, दौलत, भूरा, सुरेश, राजीव कुमार, सतपाल सिंह, भाग सिंह, संजीव कुमार, अभिषेक चन्द्रा,राजेन्द्र चन्द्रा, बबली सागर, पप्पू दिवाकर, विकास चन्द्रा, अरविन्द कुमार, मौ. अजीम, सोहन लाल आदि फड़ खोखा ठेला व्यवसायी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खटीगा की तर्ज पर बाजपुर के राज्य आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण करने की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** खटीमा की तर्ज पर बाजपुर के राज्य आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण करने की मांग को लेकर सोमवार को एडवोकेट बहादुर सिंह भंडारी के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पूर्व में हमारे द्वारा राज्य आन्दोलन में सक्रिय सहभागिता की गयी थी, जिसके चिन्हीकरण हेतु हमारे द्वारा उपजिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किये गये थे। उस पर विचार करते हुये उपजिलाधिकारी द्वारा बाजपुर राज्य आन्दोलनकारियों की एक सूची भी तैयार की गयी थी। परन्तु उसमें अभी तक कोई भी कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा नहीं की गई। जिससे समस्त आन्दोलनकारियों में भारी रोष है। तथा राज्य सरकार से मांग करते है कि बाजपुर के राज्य आन्दोलनकारियों का खटीमा की तर्ज पर चिन्हीकरण करते हुये प्रमाण-पत्र शीघ्र से शीघ्र दिये जाने की संस्तुति राज्य सरकार द्वारा की जानी चाहिये। इस मौके पर,हरीश, मकसूद अहमद, दया किशोर जोशी, राकेश नाथ, देवेंद्र शर्मा, नंदलाल कंबोज, देवेंद्र प्रसाद, तनवीर खां उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु अनुसूचित जाति के शिक्षित एवं बेराजगार युवक/युवतियों को विजन एजुकेशनल एण्ड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी बाजपुर द्वारा सी.सी.सी. (कोर्स ऑन कम्प्यूटर कान्सेप्ट) ट्रेड में 60 प्रशिक्षणार्थियों को दिये जाने वाले निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र पन्त एवं नगमा परवीन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। संस्थान के प्रबन्धक धर्मवीर सरना ने बताया कि योजना के अन्तर्गत सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कुछ लाभार्थियों को रोजगार से जोड़ा गया है एवं वंचित लाभार्थियों को भी रोजगार दिलाने हेतु संस्थान द्वारा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापक नीरज गोला, प्रमोद जोशी, जेबा नाज खान सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



### 11वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में प्रतिभाग करके वापस लौटी छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज बाजपुर की गाइड टीम 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में प्रतिभाग करके वापस लौट आई है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय की चार छात्राओं का चयन हुआ था। जिसमें नन्दिती चन्द्रा, वन्दना गोस्वामी, अन्नू रानी, अदिति पाल विद्यालय की गाइड कैप्टन रेखा उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की टीम से प्रतिभाग करने लखनऊ गए। विद्यालय पहुंचने पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रीति रस्तोगी ने छात्राओं को जम्बूरी के प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।छात्राओं ने कलर पार्टी, मार्च पास्ट, कैम्प क्राफ्ट, कैम्प फायर, पीजेन्ट शो प्रदर्शनी में ए ग्रेड प्राप्त किया एवं पायनियरिंग हस्त कौशल में बी ग्रेड प्राप्त किया है।



# 'सप्तशक्ति संगम 2025' महा-सम्मेलन संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** विवेकानंद विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, चंपावत में 'सप्तशक्ति संगम 2025' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष संगोष्ठी में कुटुंब प्रबोधन एवं मूल्य स्थापना से जुड़े विविध विषयों पर सारगर्भित विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुमन पाण्डेय, सहायक प्रोफेसर पीजी कॉलेज लोहाघाट ने मातृशक्ति एवं भारत के समग्र विकास में उनकी भूमिका पर अपने प्रेरक विचार रखे। उन्होंने भारतीय दृष्टि में संस्कार, संस्कृति और परिवार की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। महिलाओं की भूमिका विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए ममता गहतोड़ी ने समाज में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता और उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट माताओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने परिवार एवं समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनमें संयुक्त परिवार को सहेजकर रखने वाली भुवनेश्वरी देवी, स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनी नीलम कुमारी, तथा नवजात शिशु की प्रथम लक्ष्मी कहलाने वाली सोनू भट्ट को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तनुजा पांडे ने की, जबकि संचालन स्नेहलता द्वारा सुचारू रूप से किया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर लगभग 280 महिलाओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही, जिसने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में विद्यालय की अध्यापिकाओं किरण वर्मा, हेमा रावत, जीता बिष्ट, नीमा वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओखलकांडा।** विकासखंड ओखलकांडा के जोश्यूड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली एवं सुविधाओं को सुदृढ़ बनाए जाने की स्थानीय जनता की मांगों के क्रम में आज सोमवार को ब्लॉक प्रमुख ओखलकांडा केडी रूवाली ने स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों, दवाओं की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की नियमितता के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। ब्लॉक प्रमुख ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा आवश्यक मरम्मत एवं व्यवस्था सुधार हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाए।

निरीक्षण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ओखलकांडा, जिला विकास अधिकारी गोस्वामी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवाली, ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंता, जल निगम के अवर अभियंता तथा स्वास्थ्य विभाग की अन्य तकनीकी टीमें उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित आवश्यक सुधार कार्यों और प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी भी साझा की। मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं को ब्लॉक प्रमुख के समक्ष रखा। ब्लॉक प्रमुख ने जनता को आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री मेधावी परीक्षा में जीवन, मीनाक्षी, करिश्मा और रवि का हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राउमावि खूनाबोरा के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जीवन सिंह और मीनाक्षी रौतेला ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त समर्पित शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय का सतत मार्गदर्शन और प्रेरणादायी शैक्षणिक माहौल प्रमुख रहा।

उधर भारत-नेपाल सीमा से लगे दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र जूनियर स्कूल पासम की छात्रा करिश्मा ने चयनित होकर नया कीर्तिमान रचा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय में बेहतर परिणामों के पीछे शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नरेश जोशी का मार्गदर्शन रहा। इसी प्रकार जूनियर स्कूल फोर्ती में प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह मेहता के कुशल मार्गदर्शन में रवि जोशी का चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा.) एवं डायट प्राचार्य मान सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम भट्ट आदि ने बधाई प्रेषित की है। बच्चों की यह उपलब्धि साबित करती है कि संसाधनों की कमी कभी प्रतिभा का रास्ता नहीं रोक सकती। संकल्प और मेहनत से हर कठिनाई पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

# सकैनिया चौकी में तैनात एसआई का निधन, पुलिस विभाग ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र सकेनिया चौकी में तैनात एसआई सुरेश सिंह ढेक का बीमारी से उपचार के दौरान मौत हो गई। वह लगभग 34 वर्ष के थे।

वर्ष 2012 बैच के 34 वर्षीय एसआई पद में तैनात सुरेश सिंह मूल रूप से लोहाघाट चंपावत के निवासी थे। 2023 से सकेनिया चौकी मैं तैनाती हुई। एक साल पहले सुरेश सिंह के पिता की मृत्यु हो चुकी थी। गदरपुर सकैनिया के पास वह अपनी पत्नी और दो बच्चे के साथ किराए में रहते थे। बताया कि एक दिसंबर को वहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है दो दिसंबर को निमोनिया की शिकायत पर उनको लोहाघाट चंपावत में उपचार के लिए ले गए। बाद में रविवार सुबह चिकित्सकों के द्वारा उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। गदरपुर थाने में हुई शोक सभा में पुलिसकर्मियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वाले में थानाध्यक्ष संजय पाठक, मुकेश मिश्रा, विजय कुमार, गिरीश कुमार, संजय बोरा आदि तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### दरोगा के निधन पर शोक जताने के बजाय सोशल मीडिया पर श्रेय लेने की होड़

**गदरपुर।** पुलिस के एक होनहार सब इंस्पेक्टर के आकस्मिक निधन पर शोक जताने के बजाए कुछ छुटभैया नेता परिवार की मदद के नाम पर फोटो को सोशल मीडिया पर डालकर राजनीतिक रोटियां सेकने में जुटे हैं। सोशल मीडिया पर वाहवाही लूटने के इरादे से डाली गई फोटो ने एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार किया है। फोटो को देख कर लोग तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। तो वहीं कुछ लोग मौत पर हो रही राजनीति को लेकर कड़ी आलोचनाएं कर रहे हैं।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के युवाओं का स्टेट जू-जित्सु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हल्द्वानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड स्टेट जू-जित्सु चैंपियनशिप 2025 में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के युवाओं ने शानदार कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सच्चे चैंपियन सिर्फ मेडल्स से नहीं बनते, बल्कि अटूट प्रतिबद्धता और लगातार कड़ी मेहनत से बनते हैं।

टॉप अचीवर्स में आराध्या ने अंडर-10 गर्ल्स कैटेगरी में पहला स्थान हासिल करके और गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं आरव चंदेल ने अपनी-अपनी कैटेगरी में एक गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल जीतकर सराहनीय और प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। आरव की उपलब्धियां उनकी असाधारण शारीरिक सहनशक्ति, रणनीतिक सोच और मजबूत प्रतिस्पर्धी भावना को दर्शाती हैं। स्कूल मैनेजमेंट ने छात्रों की उपलब्धियों पर बहुत गर्व व्यक्त किया। प्रिंसिपल और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने युवा चैंपियंस को बधाई दी और बताया कि ऐसी उपलब्धियां पढ़ाई, खेल और समग्र व्यक्तित्व विकास पर संतुलित ध्यान का नतीजा हैं।

# कांग्रेस की दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली रैली, सफल बनाने को बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** कांग्रेसी नेताओं ने दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' रैली की तैयारी के लिए गदरपुर में बैठक की। जिसमें पहुंचे किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि देश में पहली चोरी तब हुई जब केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया बदल दी पहले चुनाव आयुक्त का चयन एक पारदर्शी और संतुलित प्रणाली के तहत होता था, लेकिन अब सरकार ने चयन प्रक्रिया में बदलाव कर लो. कतंत्र की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि 14 दिसंबर की रैली ऐतिहासिक होगी और अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को रैली में लेकर जाने की अपील की। वहीं कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि यह महारैली राहुल गांधी के नेतृत्व को मजबूत करेगी और इसमें पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में भागीदारी होगी। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि आने वाली 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की रैली की तैयारी जमकर चल रही है, जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ वहां पहुंचने की अपील करी गई है। बैठक में पहुंची ममता हालदार ने कहा कि इस महा रैली में देश भर के कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। इस दौरान मास्टर रामविलास, सुखविन्दर सिंह,चंदन नयाल, सुमित्तर भुल्लर, टेकचंद कंबोज, भीम ठुकराल,सलीम बाबा, शाकिर अली,फैजान खान, ब्रजेश चौधरी,मुकेश चावला, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में हटवाया गया अवैध अतिक्रमण

- ठेले पर एक्सपायर्ड जूस देख भड़के कोतवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जाम मुक्त, यातायात व्यवस्था को लेकर कोतवाल नरेश चौहान ने पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम के साथ सोमवार को नगर में अवैध अतिक्रमण अभियान चलाया। इस अभियान के पहले दिन मेन बाजार, बैरिया रोड, रामराज रोड से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। वही नगर में चलने वाले ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर में लगातार वाहनों की लम्बी कतारे देखी जा रही थी। जिससे दिन प्रतिदिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही थी। नैनीताल को जाने वाले इस हाइवे पर यात्रियों को काफी समय तक जाम में फंसना पड़ता था। जिसे निपटने के लिए प्रशासन ने नया प्लान बनाया है। जिसके चलते ई रिक्शा मेन सड़को पर शहर के बीच नहीं जा सकेंगे। उनके लिए रूट निर्धारित किए गऐ है। फल बेचने वाले रेहड़ी वालों को शहर के बीच से हटाकर नगर पालिका की जगह में स्थानांतरित कर दिया गया। जिन दुकानदारों ने नाले के बाहर तक समान रखा हुआ था उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। वही अभियान के दौरान बेरिया रोड पर फल वाले के ठेले पर पैक्ड एक्सपायर्ड जूस देखने मिला। जिसके बाद कोतवाल ने ठेला स्वामी को जमकर फटकार लगाई और उन्होंने कहा कि ऐसा कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि जल्द ही अन्य बदलावां के साथ शहर से अतिक्रमण हटाया जाएगा और अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज दास, एसएसआई जसविंदर सिंह, एसआई देवेंद्र मनराल सहित तमाम पुलिस कर्मी व नगर पालिका के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# फीस फॉर्म में विलंब शुल्क के विरोध में कॉलेज में दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे और कॉलेज अध्यक्ष एबीवीपी नीरज कंडारी के नेतृत्व में कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाफ नाराजगी जताते हुए महाविद्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए । राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष नीरज कंडारी ने कहा कि रामनगर महाविद्यालय में दूर दराज से छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि किन्हीं कारणों से कुछ छात्राएं परीक्षा फॉर्म बनने से रह गए थे, जिस पर अब विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऐसे छात्र छात्रों पर दोगुना विलंब शुल्क वसूलने का आदेश जारी किया गया है जो की पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर पूर्व में महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से एक ज्ञापन कुलपति को भेजा गया था, लेकिन आज तक उसे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कुलपति से मांग करते हुए कहा कि जो परीक्षा शुल्क पूर्व में लिया जाता था वहीं शुल्क छात्र-छात्राओं से लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

### नियमित टीकाकरण की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खण्ड रुद्रपुर की समस्त एएनएम को नियमित टीकाकरण, यू-विन, आरसीएच, एचएमआईएस, डाटा, प्रबन्धन, माईक्रो प्लानिगं, एईएफआई, वीपीडी सर्विलांस का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सर्विलांस मेडिकल आफिसर डा. मीनाक्षी सुमन ने जिला स्तर पर टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव की पहचान, वर्गीकरण, रिर्पोटिंग एवं निगरानी प्रणाली संबंधी जरूरी सुझाव दिए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश आर्या द्वारा बताया गया कि सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद में निवासरत सभी समुदाओं को टीकाकरण की सेवायें देकर उन्हें बीमारियों से बचाया जाना है। इसी के साथ प्रदीप महर, सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं प्रदीप पाठक, वीसीसीएम के द्वारा यू0-विन पोर्टल पर एन्ट्री करने से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान की गई।

# पसंद के स्थान पर तैनाती का निहित अधिकार नहीं

## सहायक अध्यापिका की पदोन्नति के बाद स्थानांतरण को चुनौती देती याचिका खारिज

शाह टाइम्स संवाददाता



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक प्राथमिक स्कूल की सहायक अध्यापिका की पदोन्नति के बाद हुए स्थानान्तरण को चुनौती देती याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को अपनी पसंद के स्थान पर तैनात रहने का कोई निहित अधिकार नहीं है। याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता कमला शर्मा जो 1999 से ऊधम सिंह नगर जिले के जसपुर स्थित सरकारी प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं उन्हें 18 अगस्त 2025 को सरकारी जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापिका के रूप में पदोन्नत किया गया और गदरपुर ब्लाक के बलराम नगर में स्थानांतरित कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने पहले भी इस ट्रांसफर को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की थी, जिसे 29 अगस्त 2025 को निपटा दिया गया था। उस आदेश के तहत दिए गए शिक्षिका द्वारा विभाग में प्रत्यावेदन दिया जिसे विभाग ने 11 नवंबर 2025 को खारिज कर दिया गया। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता को पदोन्नति के बाद स्थान्तरण चाहने के लिए स्कूलों का विकल्प देने का अवसर दिया गया था ए लेकिन उन्होंने किसी भी स्कूल का विकल्प नहीं दिया। इसलिए सक्षम प्राधिकारी के पास उन्हें बलराम नगर ट्रांसफर करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। इससे पहले 17 मार्च 2021 को भी याचिकाकर्ता को सहायक अध्यापिका, सरकारी जूनियर हाई स्कूल के पद पर पदोन्नत किया गया था, लेकिन उन्होंने उस समय भी अपनी पसंद का स्कूल न होने के कारण ट्रांसफर की गई जगह पर ज्वाइनिंग करने से मना कर दिया था। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के राजेंद्र सिंह और अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य मामले में दिए गए फैसले पर भरोसा जताया। इस फैसले के पैरा 8 का हवाला देते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में कहा एक सरकारी कर्मचारी को अपनी पसंद की जगह पर तैनात रहने का कोई निहित अधिकार नहीं है और न ही वह इस बात पर जोर दे सकता है कि उसे एक जगह या दूसरी जगह पर ही तैनात किया जाए। प्रशासनिक आवश्यकताओं के चलते उसे एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है। एक कर्मचारी का ट्रांसफर न केवल नियुक्ति की शर्तों में निहित एक घटना है बल्कि इसके विपरीत किसी विशिष्ट विकल्प के अभाव में सेवा की एक अंतर्निहित अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में कोई भी सरकारी कर्मचारी यह जोर दे कि एक बार किसी विशेष स्थान या पद पर नियुक्त या तैनात होने के बाद उसे तब तक उसी स्थान या पद पर बने रहना चाहिए जब तक वह चाहता है।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई

उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में खराब स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। डायरेक्टर जनरल हेल्थ ने कोर्ट को बताया कि भवाली सेनेटोरियम अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में बदलने की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए 250 करोड़ का फाइनेंशियल प्रपोजल शासन को भेजा गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से एक सप्ताह में प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी पूछा कि कितने बेड वाले अस्पताल का प्रस्ताव भेजा गया, जिस पर डीजी हेल्थ ने बताया कि 200 बेड का प्रस्ताव भेजा गया है। बीड़ी पांडे अस्पताल में 200 बेड हैं, लेकिन वर्तमान में 120 बेड ही संचालित हैं, वहीं रामजे अस्पताल में केवल 10 बेड हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने याचिका दायर कर कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और स्टाफ की कमी, खराब मशीनों के कारण मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। याचिका में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग की गई है।

### संदेश का लाभः नाबालिग सौतेली पुत्री से दुराचार का आरोपी बरी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपनी नाबालिग सौतेली पुत्री से दुराचार करने के आरोपी पिता को निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराने के आदेश को संदेह का लाभ देते हुए रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ ने रुद्रपुर की पॉक्सो फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वारा आरोपी मनोज को 5 दिसंबर 2025 को सुनाए गए इस फैसले में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। निचली अदालत ने आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपी मनोज पर अपनी सौतेली बेटी (एक नाबालिग) के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। उसके खिलाफ किच्छा पुलिस थाने में 17 अप्रैल 2019 को पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मुकदमा पीड़िता ने स्वयं दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष के दो प्रमुख गवाह, पीड़िता और उसकी माँ सुनवाई के दौरान अपने पूर्व के बयानों से मुकर गए। पीड़िता ने अदालत में कहा कि उसने पुलिस के डर के कारण धारा 164 सीआरपीसी के तहत बयान दिया था और यह स्वैच्छिक नहीं था। वहीं पीड़िता की माँ ने यौन उत्पीड़न की किसी भी घटना की जानकारी होने से साफ इनकार कर दिया जिससे अभियोजन पक्ष के दावों को गहरा झटका लगा। कोर्ट ने मेडिकल साक्ष्य को भी अभियोजन पक्ष के खिलाफ माना। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल साक्ष्य हाल ही में हुए यौन संबंध की पुष्टि नहीं करते हैं। इसके अलावा डीएनए रिपोर्ट को भी अलग से निर्णायक साक्ष्य नहीं माना गया जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने अख्तर अली बनाम उत्तराखंड राज्य मामले में भी बल दिया था। चूँकि यह मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था, कोर्ट ने शरद बिरधीचंद शारदा बनाम महाराष्ट्र राज्य (1984) मामले में स्थापित 'पांच सुनहरे सिद्धांतों' का हवाला दिया। इन सिद्धांतों के अनुसार परिस्थितिजन्य साक्ष्य की श्रृंखला इतनी पूर्ण होनी चाहिए कि अभियुक्त के निर्दोष होने की कोई उचित संभावना न बचे। हाईकोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि इस मामले में साक्ष्यों की श्रृंखला खंडित थी जिससे आरोपी के अपराध को संदेह से परे साबित नहीं किया जा सका।

### रिपोर्ट बनाकर पेश करें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर के भाजपा नेता मदन जोशी व अन्य के खिलाफ दंगा भड़काने की सुनियोजित साजिश करने के मामले दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसएसपी नैनीताल से कहा है कि इस मामले में एक रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में पेश करें। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित जांच अधिकारी के द्वारा कोर्ट को बताया गया कि नामजद सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ितों की जानमाल की रक्षा की जा रही है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि इसपर एक रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### इस मामले में सुनवाई 12 को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने 1975 के बाद से आज तक नैनीताल जिले के रामनगर कोर्बेट से जुड़ा क्षेत्र सुंदरखाल में रह रहे लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से राज्य सरकार द्वारा वंचित करने व उनको अभी तक विस्थापित नही करने के मामले पर सुनवाई की। मामले में आज राज्य सरकार ने कोर्ट के पूर्व के आदेश पर शपथ पेश किया। जिसमें कहा गया कि सुंदरखाल में एक बड़ी आबादी निवास कर रही है। इनको एक साथ विस्थापित करने के लिए एकमुश्त भूमि एक जगह पर नही मिल पा रही है। जो भी मिल रही है वह टुकड़ों में मिल रही है। अब राज्य सरकार इनके साथ एक सुझाव प्रस्तुत करना चाह रही है कि वे प्रति परिवार एक मुस्त धनराशि लेकर अपने आवास कहीं अन्य जगह बना लें। जिससे कि उनकी समस्या का समाधान हो सके। जिसपर कोर्ट ने सुनवाई हेतु अगली तिथि 12 दिसंबर की नियत की है।

## पूर्व आदेशों के अनुपालन में करें सूखाताल झील का सौंदर्यकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल की सूखाताल झील के सौन्दर्यीकरण के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट की खंडपीठ ने याचिका को निस्तारित करते हुए कार्यदायी संस्था को सूखाताल झील सौंदर्यीकरण के तहत कराए जा रहे कार्यों में पूर्व के आदेशों में दिए गए दिशा निर्देश का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। बता दें सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले में न्यायमित्र कार्तिकेय हरिगुप्ता की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि सूखाताल झील के सौंदर्यीकरण में वेटलैंड के नियमों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि जुलाई 2024 में न्यायालय ने सौन्दर्यीकरण कार्य पर लगी रोक को हटाने के साथ ही डीडीए को तीन माह के भीतर सभी सौंदर्यीकरण कार्य पूरा करने का निर्देश दिये थे। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने डीडीए को एक सप्ताह के भीतर सौन्दर्यीकरण के संबन्ध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिये थे लेकिन रिपोर्ट आज तक दाखिल नहीं की गई है जिसपर कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए कहा कि पूर्व के आदेशों का अनुपालन करते हुए कार्यों को पूर्ण करें।

## अतिथि गृह का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के यूजीसी-एमएमटीटीसी



(मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर) के स्वर्ण जयंती अतिथि गृह का लोकार्पण सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने किया। उन्होंने नवनिर्मित अतिथि गृह को विश्व. विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कुलपति प्रो. रावत ने अपने संबोधन में कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय अपने 50 वर्ष पूरे कर एक नए विस्तार और उत्कृष्टता के चरण में प्रवेश कर रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष में यह अतिथि गृह केवल एक अवसंरचना कामयाबी नहीं बल्कि विश्व. विद्यालय की प्रगति तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक प्रशिक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि आधु. निक अतिथि गृह राष्ट्रीय स्तर के संसाधनों और विशेषज्ञों को विश्व. विद्यालय से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्रो. दिव्या उपाध्याय निदेशक एमएमटीटीसी, प्रो. रीतेश साह, प्रो. महेंद्र सिंह राणा समेत संजय पंत, जसोद सिंह बिष्ट, इंद्र सिंह नेगी, जितेन्द्र बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट तथा कैलाश जोशी आदि उपस्थित रहे।

## 34 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के चुनाव हेतु को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुर्बान अली मुख्य एवं मुख्य सलाहकार चुनाव समिति रविन्द्र बिष्ट की उपस्थिति में बार एसोसिएशन चुनाव कार्यालय द्वारा नामांकन पत्रों का विक्रय प्रातः 10:30 बजे से शाम 3 बजे तक किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु 4, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु 2, उपाध्यक्ष पद हेतु 1, महिला उपाध्यक्ष पद हेतु 2, महासचिव पद हेतु 3 तथा संयुक्त सचिव प्रशासन हेतु 2 जबकि संयुक्त सचिव प्रेस हेतु 2 जबकि कोषाध्यक्ष पद हेतु 2 वहीं पुस्तकालयध्यक्ष हेतु 1 तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य 5 पदों हेतु 8 जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी महिला पद हेतु 1, कनिष्ठ कार्यकारिणी के 4 पदों हेतु 7 तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी महिला सदस्य पद हेतु 1 कुल 36 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गये। नामांकन पत्रों के बिक्री में कमलेश कुमार तिवारी, राजेश शर्मा, राजीव पाठक, विशाल सिंह मेहरा, पंकज कपिल, मनीष बिष्ट्ट वन्दना मेहरा, मीनाक्षी शर्मा, देविका तिवारी तथा श्वेता डोभाल, चित्रार्थ काण्डपाल, संगीता पाटनी, शीतल सेलवाल सहित चुनाव कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### यौन शोषण के आरोपी को नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी ठेकेदार उस्मान खान के जमानत पर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई इसी बुधवार यानी 10 दिसंबर की नियत की है। बता दें सोमवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार आरोपी उस्मान के खिलाफ आरोप दर्ज है कि उसने एक 12 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है। जब इसकी शिकायत परिजनों ने नैनीताल के मल्लीताल थाने में दर्ज की गई थी। स्थानीय लोगो ने इसका विरोध किया। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ भी की। उसके बाद पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए आस्वासन दिया कि जांच के उपरांत उस्मान को हिरासत में लिया जाएगा। आगे यह भी कहा कि आरोपी को जांच के उपरांत सजा मिलेगी।

### नियमितिकरण कट आफ डेट में संशोधन की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों व राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी का नियमित. किरण नियमावली 2025 जारी करने पर आभार प्रकट किया गया है वहीं दूसरी ओर शासन द्वारा नियमितीकरण नियमावली की तिथि में संशोधन करने हेतु गठित उपसमिति द्वारा कट ऑफ डेट में संशोधन करने हेतु ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वालों में कंचन चंदोला (प्रदेश वरिष्ठ राज्य आंदोलनक. री), अरविंद नेगी (उपसचिव राज्य कर्मचारी अधिकारी महासंघ), दीपक पाण्डे (वरिष्ठ उपाध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाँयनि), गौतम आर्य, पंकज राणा (उत्तराखण्ड प्रदूषण बोर्ड के कार्मिक) समेत रविन्द्र पुंडीर तथा सीमा आदि शामिल हैं।

### ड्राईफ्रूट चोरी करते पकड़ा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित एक होटल व एक दुकान में सेंधमारी कर तीन नाबालिग दोस्तों ने सीसीटीवी कैमरे व ड्राई फ्रूट चोरी कर लिए। क्षेत्र का सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो तीनों दोस्त पकड़ में आ गए, हालांकि दुकान संचालन के कार्रवाई नहीं चाहने पर तीनों को काउंसलिंग के बाद छोड़ दिया गया। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल रोपवे को जाने वाले मार्ग में स्थित एक होटल कर्मियों को बाहर से कैमरे गायब मिले। मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र स्थित एक दुकान से भारी मात्रा में ड्राई फ्रूट भी चोरी होने की सूचना पुलिस तक पहुंची। सूचना पर क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाले गए तो पुलिस ने तीन किशोरों को पकड़ लिया। जिनके घर से ड्राई फ्रूट भी बरामद हो गया। स्वजनों के समझाने बुझाने पर दुकान व होटल स्वामी ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

## फायर ब्रिगेड ने आग पर तत्काल पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** देवलचौड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय के किचन के पास रखी लकड़ियों में सोमवार शाम को अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर विभाग के अनुसार इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, हालांकि यदि आग किचन तक पहुंच जाती, तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दमकल विभाग के अधिकारी एफएसओ मिन्दर पाल सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना एक राहगीर ने दी थी, जिसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गई। स्कूल के किचन के पास रखी लकड़ियों में आग लग गई थी, दमकल टीम ने लगभग 5 से 7 मिनट में आग पर काबू पा लिया। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि स्कूल में अक्सर आंगनबाड़ी से कुछ अराजक तत्व आते हैं, जिनमें से कई नशा करने वाले होते हैं। ऐसे ही किसी व्यक्ति की शरारत से यह घटना हो सकती है। इससे पहले भी इस स्कूल से एक गैस सिलिंडर चोरी हो चुका है। जो लकड़ियां जली हैं, वह एक महीने के मध्याह्न भोजन के लिए आवश्यक ईंधन का हिस्सा थीं, जिनसे बच्चों का खाना तैयार किया जाना था।

### कूकर फटने से दो घायल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट में कूकर फटने से दो रेस्टोरेंट कर्मी घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल न्यू पालिका बाजार के एक रेस्टोरेंट में सुबह सवेरे कर्मचारियों ने गैस में छोले से भरा कूकर चढ़ाया था। इस दौरान रेस्टोरेंट में कर्मी काम कर रहे थे। रेस्टोरेंट में गैस के ऊपर रखे कूकर में अचानक ब्लास्ट हुआ तो वहां भगदड़ मच गई। जब आसपास के लोगों ने कर्मियों के कराहने की आवाज सुनी तो वह रेस्टोरेंट पर पहुंचे। इस दौरान वहां दो चोटिल कर्मी कराह रहे थे। बीडी पांडे अस्पताल के डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि रेस्टोरेंट में कूकर फटने से संतोष (40) के हाथ पैर में खुली चोट आई है जबकि संतोष कुमार (28) को गुम चोट आई है।

## पहाड़ों में जल संरक्षण ज़रूरी: प्रो. रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उन्नत भारत अभियान के तहत कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा गोद लिए गए देवीपुरा ग्राम में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें यह आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा गांव में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की प्रगति का मैदानी निरीक्षण करने हेतु कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की पहल पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत रहे। कुलपति प्रो. रावत ने ग्रामीणों के जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वाटर टैंक प्रदान किए और कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि





शैक्षणिक ज्ञान और संसाधनों को सीधे ग्रामीण समुदायों तक पहुँचाकर व्यावहारिक समाधान विकसित किए जाएं। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को पठन सामग्री वितरित कर शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने का भरोसा दिलाया। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डा. सुरेश चंद्र पांडेय ने महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकार विषय पर व्याख्यान देते हुए ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा तथा संपत्ति अधिकार और बाल संरक्षण कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति कार्यक्रम की विशेषता रही। ग्राम प्रधान प्रेमा बर्गली समेत ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडेय तथा पूर्व प्रधान धर्मेंद्र रावत ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। इसी क्रम में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. मनोज सत्याल समेत हेमा मेहरा, भगवती देवी, सुनीता देवी, मानसी राजपूत तथा दीपा मेहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. ललित मोहन ने किया। इस अवसर पर उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, डा. जितेंद्र कुमार लोहानी तथा डा. प्रकाश चन्याल उपस्थित थे।

# कानून की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारी

## हाईकोर्ट की अवमानना कर लोगों को बेघर व बेदखल करना बेहद निंदनीय

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा कुछ लोगों के लिए रोक लगने के बावजूद वन अधिकार कानून की धज्जियां उड़ा कर नैनीताल जिले के रामनगर तहसील में बसे पूछड़ी गांव में पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग लोगों की मकानों को तोड़ रहे हैं। इस गैर कानूनी, जन विरोधी कार्यवाही पर शांतिपूर्ण तरीकों से विरोध कर रहे आंदोलनकारियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इन घटनाओं को देखते हुए लगता है कि उत्तराखंड राज्य में कानून का राज अपने घुटनों पर है। यह कहना है राजीव लोचन साह (अध्यक्ष) उत्तराखंड लोक वाहिनी, विनोद बडोनी, शंकर गोपाल व राजेंद्र शाह (चेतना आंदोलन), तरुण जोशी (वन पंचायत संघर्ष मोर्चा), हीरा जंगपांगी (महिला किसान अधिकार मंच), भुवन पाठक, अजय जोशी एवं शंकर बर्थवाल (सद्भावना समिति उत्तराखंड), इस्लाम हुसैन (उत्तराखंड सर्वोदय मंडल), नरेश नौडियाल (उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी), हेमा जोशी (सामाजिक कार्यकर्ता) बची सिंह बिष्ट (जनमैत्री संगठन नैनीताल) तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों का। कहा कि अभी बुलडोजर चलाकर पचास से ज्यादा घरों को तोड़ा जा रहा है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीश कुमार, गिरीश आर्य, ललित उप्रेती, महेश जोशी और अन्य साथी के साथ भुवन, आसिफ, सुनील पर्णवाल, तुलसी छिमवाल, सरस्वती जोशी, गीता और दीपक तिवारी अभी पुलिस हिरासत में हैं। इसके आलावा कुछ गांववासी भी हिरासत में हैं। गांववालों के साथ मारपीट होने की खबर भी मिल रही है। इन सभी ने कहा है कि हम उत्तराखंड सरकार को याद दिलाना चाहेंगे कि जिस राज्य में सत्र प्रतिशत से ज्यादा जमीन वन जमीन है उस राज्य में लगभग बीस साल बीतने के बावजूद वन अधिकार कानून पर अमल ही न करना जनता के बुनियादी अधिकारों पर हमला है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर वन और पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। कहा कि गिरफ्तार हुए लोगों की तत्काल रिहाई कराने के साथ साथ हम इस गैर कानूनी बेदखली प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने के लिए मांग करते हैं। हम यह भी मांग करते हैं कि जिनके घरों को तोड़ा गया या जिनकी संपत्तियों या खेती पर क्षति हुई है उन लोगों को मुआवजा दिया जाये और जिम्मेदार अधिकारियों पर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही की जाये।

### ई केवाईसी का सरलीकरण करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में इन दिनों राशनकार्ड धारकों को ई केवाईसी कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा मंडल नैनीताल के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट के मुता. बिक ई केवाईसी कराने के लिए लोगों को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कहा कि यह सब परेशानी कनेक्टिविटी की वजह से हो रही है जो कभी आती है तो कभी चली जाती है। कहा कि मामले को लेकर जिला पूर्ति खाद्य अधिकारी नैनीताल को ज्ञापन दिया गया है जिसमें ई केवाईसी का सरलीकरण करने की गुजारिश की गयी है जिससे राशनकार्ड उपभोक्ताओं को बेवजह परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में डेढ़ दर्जन से भी अधिक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## नितेंद्र सिंह बिष्ट व प्रेम शर्मा ने पटालसु पीक पर की सफलतापूर्वक चढ़ाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** ग्रीन अर्थ गार्जन गलोबल फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर 4220 मीटर (14,000 फीट) ऊँची पटालसु पीक की चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इस अभियान का उद्देश्य मस्क मृग की घटती संख्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) को बढ़ावा देना था। नैनीताल के नितेंद्र सिंह बिष्ट और रुद्रपुर के प्रेम शर्मा ने इस महत्वपूर्ण प्रयास में भाग लिया और इस चोटी तक पहुँचने के लिए अपार समर्पण और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस चढ़ाई के दौरान उन्होंने उत्तराखंड के युवा विकास की आवश्यकता को भी उजागर किया। ग्रीन अर्थ



गार्जन ग्लोबल फाउंडेशन की टीम का मानना है कि युवा पीढ़ी को सामुदायिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। मुख्य अभियान के समापन पर नित. द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यह यात्रा न केवल चोटी को हासिल करने के लिए थी बल्कि यह हमारे वन्यजीवों की रक्षा करने और सतत विकास की दिशा में कदम उठाने के लिए एक प्रेरणा थी। हमें उम्मीद है कि हम दूसरों को इस दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकें। कहा कि इस सफलता ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

### एक नजर

### कुविवि की आरपीआर सैल ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इन्टीलेक्चल प्रोपर्टी राइट (आईपीआर) सैल द्वारा एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. वीना पाण्डे (जैव प्रौद्योगिकी विभाग भीमताल) द्वारा बताया गया कि संगोष्ठी के वक्ता प्रो. एचएस चावला (रिटायर्ड प्रोफेसर जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर) ने राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 100 प्रतिभागियों को आईपीआर तथा प्लांट वैरायटी प्रोटेक्शन विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बौद्धिक संपदा संरक्षण हेतु प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन कराते हुए कृषि संबन्धित और विभिन्न प्लांट्स वरायटी के संरक्षण के सभी पहलुओं पर जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत, सभी विभागाध्यक्षों तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### छात्राओं को दी गई अहम जानकारियां

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के राजकीय इंटर कालेज ढोकाने सुयालबाड़ी रामगढ़ में सोमवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत किशोरी बालिकाओं के असुरक्षित स्थानों का संवेदीकरण कार्यशाला तथा स्वस्थ बेटी-उज्जवल भविष्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से महिला मेडिकल आफिसर डा. कविता जोशी द्वारा मैन्सुरेशन हाइजीन तथा एनीमिया समेत गर्भाशय कैंसर, पौष्टिक आहार तथा स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा नन्दा गौरा योजना, बाल विवाह, यूसीसी तथा चाइल्ड हेल्थ लाइन व महिला हैल्प लाइन के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य मनोज गैड़ा द्वारा बालिकाओं की शिक्षा के महत्व को बताया गया। कार्यशाला के अंत में बाल विवाह पर शपथ ली गयी। कार्यकर्त्रियों ने यूसीसी के महत्त्व को नाटक द्वारा प्रस्तुत किया। मंच का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ती चंपा द्वारा किया गया।

### 14 दिसंबर को रातीघाट में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**नैनीताल।** रोटरी क्लब, स्वास्थ्य विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की ओर से आगामी 14 दिसंबर को शहीद संजय सिंह बिष्ट राजकीय इंटर कालेज रातीघाट में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जा रहा है जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डाक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मी मिलकर लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करेंगे। रोटरी क्लब की शिवांगी साह ने बताया कि इसमें स्वास्थ्य के साथ ही कानूनी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से इस शिविर का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने का आग्रह किया है।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 51वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 51वें दिन पिथौरागढ़ के उल्का देवी मंदिर परिसर में एक पौधा धरती माँ के नाम के तहत अपने स्वर्गीय पिताजी तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

### कर्नल पांडे ने किया डीएसबी परिसर का भ्रमण

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल के पूर्व छात्र रहे कर्नल विपिन पाण्डे ने अपने पुराने कालेज डीएसबी परिसर का सोमवार को भ्रमण किया। बता दें कि कर्नल विपिन पाण्डे ने वर्ष 1976 में एमएससी भौतिकी विज्ञान से डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल से उत्तीर्ण की तथा बाद में फौज ज्वाइन की एवं अवकाश प्राप्त के बाद कारपोरेट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान एलुमनी सेल के महासचिव प्रो. ललित तिवारी ने उनसे मुलाकात की तथा विद्यार्थी जीवन से अब तक के उनके अनुभवों को जाना। कर्नल पांडे ने विभागाध्यक्ष प्रो. सुची बिष्ट से मुलाकात की तथा लैब भी देखे तथा विद्यार्थियों से मुलाक. त की तथा अनुभव साझा किया। कर्नल पांडे ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र भी दिए। इस दौरान प्रो. विमल पांडे, प्रो. सीमा पांडे तथा डा. राज. कुमार आदि चर्चा में शामिल रहे।

### मधुमक्खियों ने बोला हमला, मौत

**नैनीताल।** जिले के तहत भीमताल विकास खंड के दो गांव के समीप समीपवर्ती ग्राम गांजा निवासी रफीक (62) पर जंगली मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिन्हें इलाज के लिए एसटीएच हल्द्वानी में भर्ती कराया गया जहां देर रात्रि उपचार के दौरान रफीक ने दम तोड़ दिया। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि रफीक पर बीते दिवस दो गांव के प्रातः दस बजे अचानक जंगली मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। गंभीर हालात में 108 द्वारा हल्द्वानी ले जाया गया। जहां देर रात्रि इलाज के दौरान रफीक ने दम तोड़ दिया। रफीक की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। रफीक नाव चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गया। ग्राम प्रधान डा. बबीता मनराल ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।




# टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी भारतीय टीम

**● भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैंचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी**

**कटक, वार्ता।** भारतीय टीम मंगलवार को बाराबती स्टेडियम की रोशनी में हालिया फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज आश्चर्यचकित कर सकते है। भारत कल आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा। इस साल के एशिया कप में अजेय रहने और ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ, उनमें आत्मविश्वास और दम दोनों हैं। इस प्रारुप में एक विश्व चैंपियन टीम, वे विस्फोटक बल्लेबाजी को एक विविध और खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलाते हैं। अभिषेक शर्मा, जो हमेशा शीर्ष पर एक जीवंत चिगारी रहे हैं, पावरप्ले में लय सेट करने का प्रयास करेंगे। शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा बीच में स्थिरता के साथ स्ट्राइक रोटेट करने और शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

वहीं अगर निचले क्रम की बात की जाए तो हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और शिवम दुबे, या हर्षित राणा, वह गहराई और फिनिशिग टच देते हैं जो कुछ ही पलों में खेल का रुख बदल सकता है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण गति, स्विग और स्पिन का एक संगम है। जसप्रीत बुमराह, जो शायद दुनिया के सबसे धारदार तेज गेंदबाजों में से एक हैं, आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें अर्शदीप सिंह अपनी चतुराई और सटीकता से उनका साथ देंगे। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपनी स्पिन वैरायटी से किसी भी बल्लेबाजी को मुश्किल में डाल सकते हैं। वहीं अगर दक्षिण अफ्रीका की बात की जाए तो वह हाल के टी-20 में उतार-चढ़ाव वाली फॉर्म के साथ आई है, जिसे पाकिस्तान और नामीबिया से हार का सामना करना पड़ा है। वे क्विटन डी कॉक और एडन मारक्रम के अनुभव पर भरोसा करेंगे ताकि शुरुआत में ही लय बनाई जा सके, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस पर बीच के ओवरों में पारी को संभालने की जिम्मेदारी होगी। निचले क्रम में, डेविड मिलर और यानसन जैसे खिलाड़ी तेजी से रन जोड़ सकते हैं, लेकिन मेहमान टीम जानती है कि वे धीमी शुरुआत का जोखिम नहीं उठा सकते। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी की अगुवाई खतरनाक एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी कर रहे हैं। वे अपनी गति और सटीकता से मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते है। यानसन की उछाल और अतिरिक्त तेजी एक और रोमांच जोड़ती है, लेकिन द. अफ्रीका को यहां सफल होने के लिए, भारत की बल्लेबाजी फॉर्म के खिलाफ उनका प्रदर्शन शानदार करना होगा।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने वेल्स को हराया




**● भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने 14वें सुनेलिता ने 24वें व इशिका ने 31वें मिनट में गोल किए**

**चिली, वार्ता।** भारतीय टीम ने महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 के नौ से 16वें क्लासिफिकेशन मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराया। सैंटियागो में सेंट्रो डेपोर्टिवो डी हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए हिना बानो ने (14वें), सुनेलिता टोप्पो ने (24वें), और इशिका ने (31वें) मिनट में गोल किए, जबकि वेल्स के लिए एकमात्र गोल एलोइस मोटने (52वें) मिनट में किया। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। भारत ने नियमित अंतराल पर मौके बनाए लेकिन शुरुआती गोल जल्दी नहीं कर पाया। वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक से बढ़त बनाने का अवसर मिला था, लेकिन निधि ने शानदार बचाव करते हुए उनके प्रयास को विफल कर दिया। पहले क्वार्टर के आखिर में साक्षी राणा के शानदार खेल के बाद हिना बानो के टैप-इन से भारत आखिरकार डेडलॉक तोड़ने में कामयाब रहा। अपनी बढ़त को दोगुना करने के प्रयास में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर के साथ दबाव बनाए रखा। भारत लगातार मौके बनाता रहा और अपनी कोशिशों का फल मिला, साक्षी राणा के शुरुआती शॉट के बाद गेंद सुनेलिता टोप्पो के पास आई, जिन्होंने करीब से कोई गलती नहीं की और बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही भारत ने अपनी बढ़त को 3-0 कर दिया, जब वेल्स गोलकीपर से रिबाउंड होकर गेंद इशिका के पास आई और उन्होंने गोल कर दिया। ज्योति सिंह की टीम ने खेल की गति को नियंत्रित किया, लाइनों के बीच खेलकर और दबाव बनाते हुए वेल्स की रक्षा पंक्ति को परेशान किया। भारत ने मौके बनाना जारी रखा, वेल्स को अपने ही हाफ में धकेल दिया और तीसरे क्वार्टर को खत्म किया और आखिरी पीरियड में भी गेंद पर दबदबा बनाए रखा। वेल्स को दूसरे छोर पर एक मौका मिला और एलोइस मोट ने इसका फायदा उठाया, अपनी टीम के लिए एक गोल किया।

# टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान टीम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव: सलमान आगा

**● आईसीसी के अनुसार पाक टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले टीम में कोई बड़े बदलाव की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को उसकी भूमिका बता दी गई, हम उसी के साथ आगे बढ़ेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, पाकिस्तान टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा, क्योंकि इस साल की शुरुआत में सलमान के टी-20 कप्तान बनने के बाद से टीम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में हाल ही में सफलता हासिल की है। एशियाई टीम ने हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर त्रिकोणीय जीती थी और सलमान को उम्मीद है कि वहां खेलने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ी अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण में भी टीम का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक पॉडकास्ट में सलमान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि विश्व कप से पहले कोई बड़ा बदलाव होगा, यही संयोजन रहेगा। सभी खिलाड़ियों को उनकी भूमिका बता दी गई हैं, और हम इन्हीं भूमिका के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले छह मैच बचे हैं, हमें लगातार अच्छा खेलना होगा। हम इन छह मैचों में बड़े बदलाव नहीं कर सकते। सलमान जिन छह मैचों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें से तीन मैच जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घर से बाहर होंगे, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को आखिरी रूप दे रही है, जिसमें पाकिस्तान को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया के साथ रखा गया है। अगर पाकिस्तान त्रिकोणीय में शामिल अपनी टीम के अधिकतर खिलाड़ियों के साथ रहता है, तो यह पूर्व कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज नसीम शाह के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि ए दोनों उन खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल थे।

# बडौदा ने सर्विसेज को 13 रनों से हराया

**हैदराबाद, वार्ता।** अमित हरिराम पासी (114) की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर बडौदा ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 13 रनों से शिकस्त दी। बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सर्विसेज के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बडौदा के लिए अमित हरिराम पासी ने 55 गेंदों में 10 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 114 रनों की शतकीय पारी खेली। शाश्वत रावत (14), कप्तान विष्णु सोलंकी ने (25), शिवा. लिक शर्मा (16), निनाद रथ्वा (12) रनों का योगदान दिया। भानु पनिया 15 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। सर्विसेज के लिए अभिषेक तिवारी ने तीन विकेट लिए। मोहित राठी और रवि चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सर्विसेज, बडौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। सर्विसेज के लिए कुंवर पाठक और रवि चौहान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। नौवें ओवर में महेश पिठिया ने कुंवर पाठक को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कुंवर पाठक ने 29 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए (51) रन बनाए। इसके अलावा रवि चौहान ने 32 गेंदों में (51), कप्तान मोहित अहलावत ने 22 गेंदों में (41), नकुल शर्मा 13 गें. दों में (24) रन बनाकर आउट हुए। पुलकित नारंग चार गेंदों में 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बागेश्वर

पत्रांक 1276 /लेखा0/निविदा/2025–26 दिनांक 08.12.2025

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण निर्माण विभाग,लोक निर्माण विभाग,सिंचाई/लघु सिंचाई, जल निगम आदि विभागों में डी श्रेणी एवं डी0 श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दिनांक 24/12/2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है । निविदा प्रपत्र दिनांक 23/12/2025 के अपरान्ह 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है । प्राप्त निविदायें दिनांक 24/12/2025 को गठित निविदा समिति के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी । सशर्त निविदा मान्य नही होगी एंव किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा । निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि 3(तीन) माह होगी। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदायें अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र0स0 | योजना का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा खोली में स्थित घटगाड़ मैदान में व्यायामशाला का निर्माण कार्य | 10000.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम आरे के द्वारसों तोक में मवाड़ी गधेरे से गांव की ओर सी सी मार्ग | 20000.00 | 15 दिन |
| 3 | ग्राम पंचायत अनर्सा में स्थित हाईस्कूल में फर्श एवं टाईल निर्माण कार्य | 10000.00 | 15 दिन |
| 4 | टाईप 2 आवासीय भवन मरम्मत | 10600.00 | 15 दिन |
| 5 | चतुर्थ श्रेणी आवासीय भवन मरम्मत | 7020.00 | 15 दिन |

नोट–

1– निविदा की दरें प्रतिशत में मान्य होगी।

2– प्रत्येक निर्माण कार्य की पृथक–पृथक निविदा प्रस्तुत की जानी है तथा लिफाफे के बाहर निर्माण कार्य का नाम अवश्य अंकित किया जाय।

3– निविदा के साथ रू0 100/– का नाम जूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीद टिकट लगा होना चाहिए।

4– पंजीकृत ठेकेदार अपना पंजीकरण प्रमाण–पत्र,पैन नम्बर एंव जी0एस0टी0नम्बर की फोटो प्रतियॉ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें, तभी उनकी निविदा को तुलनात्मक विवरण में शामिल किया जावेगा।

5– निविदायें तभी खोली जायेगी जब प्रत्येक कार्य के लिए कम से कम 3 निविदायें प्राप्त होगी।

6– धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र,अथवा बैंक एफ0डी0आर0जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हो,निविदा के साथ संलग्न करें।

7– सफल निविदादाता को 10 प्रतिशत जमानत धरोहर धनराशि अनुबन्ध के समय डाकघर बचत पत्र अथवा बैंक की एफ0डी0आर0जो खण्ड विकास अधिकारी बागेश्वर के पदनाम से बन्धक की धरोहर राशि समायोजित करते हुए ली जायेगी।

8– निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को शासन द्वारा जारी निर्देशों तथा धनराशि स्वीकृति आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुरूप कार्य सम्पादन करना होगा।

खण्ड विकास अधिकारी,
बागेश्वर

## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए–27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली–110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com

### ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),, (सम्पर्क नं. **8291220220,** ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपोइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा** मैसर्स राज लक्ष्मी फूड्स साझेदारों द्वारा साझेदारी फर्म – श्रीमती सपना गर्ग और ललित गर्ग नया गांव, कालाढूंगी, जिला नैनीताल पिनकोड– 262401 श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग मकान नंबर 117 गांधी नगर, तेह बाजपुर यूएस नगर, बाजपुर 262401 श्री ललित गर्ग (साझेदार/बंधककर्ता/गारंटर) मकान नंबर 117, गांधी नगर, तेह बाजपुर, यूएस नगर, बाजपुर 262401 | फैक्ट्री भूमि एवं भवन का ईएमटी, खाता संख्या 00016, खसरा संख्या 253, ग्राम– नया गाँव, चंदनपुर, कालाडुंगी, जिला– नैनीताल 263140 में स्थित, क्षेत्रफल 1260.00 वर्ग मीटर, श्री ललित गर्ग (भागीदारों में से एक) के नाम पर है। चौहदी– (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व– जंगल, पश्चिम– विक्रेता की संपत्ति उत्तर– विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण– रतन राम की भूमि (संपत्ति सांकेतिक कब्जे में है, भौतिक कब्जे के लिए डीएम आदेश प्राप्त है) | 19.10.2023 तक रुपये 35815947.93, प्लस 20.10.2023 से प्रभावी ब्याज प्लस 19.10.2023 के बाद व्यय–वसूली | a. 93.50 लाख b. 9.35 लाख c. 1,00,000/- d. 02.12.2025 | 30.12.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.12.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के बीच वैभव अग्रवाल (अधिकारी) मोबाइल नम्बर 9811237992 एवं श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), मोबाइल नम्बर 8826933887 |
| 2 | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा** मैसर्स राज लक्ष्मी इंटरप्राइजेज मालिक श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग नयागांव चंदन सिंह, बाजपुर रोड, कालाढूंगी नैनीताल, बाजपुर 263140 मालिक श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग निवासी– मकान नंबर 117 गांधी नगर, तहसील बाजपुर, यूएस नगर, बाजपुर 262401 (बंधककर्ता/गारंटर) श्री ललित गर्ग पुत्र श्री सतपाल निवासी– मकान नंबर 117, गांधी नगर, तहसील बाजपुर, यूएस नगर बाजपुर 262401 | भूमि एवं भवन का ईएमटी, जो श्री ललित गर्ग के नाम पर है, खाता संख्या 0022, खसरा संख्या 277 मिन, क्षेत्रफल 0.350 हेक्टेयर, ग्राम नयागांव चंदन सिंह, तहसील कालाढूंगी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड 263140 में स्थित चौहद्दी– (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व– गूल, पश्चिम– इंदरपाल व अन्य की भूमि, उत्तर– दानकर्ता द्वारा छोड़ी गई 15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण– रतन राम की भूमि। (संपत्ति सांकेतिक कब्जे में है) | 31.12.2024 तक रुपये 1,73,38,290.71 तथा 01.01.2025 से प्रभावी ब्याज प्लस 31.12.2024 के बाद व्यय–वसूली | a. 118.00 लाख b. 11.80 लाख c. 1,00,000/- d. 02.12.2025 | 30.12.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.12.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के बीच वैभव अग्रवाल (अधिकारी) मोबाइल नम्बर 9811237992 एवं श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), मोबाइल नम्बर 8826933887 |
| 3 | **आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम)।। शाखा मैसर्स साह ट्रेडर्स (उधारकर्ता)** 15 तिनारा, खत्यारी, अल्मोडा, उत्तराखंड–263601 **शशि साह (मालिक एवं बंधककर्ता) पत्नी मुन्ना लाल शाह** जौहरी बाजार, अल्मोडा, उत्तराखंड–263601 **पवन साह (गारंटर) पुत्र मुन्ना लाल साह** मकान नंबर 16, जौहरी मोहल्ला, अल्मोडा, उत्तराखंड– 263601 | संपत्ति बियरिंग खाता संख्या 439, खेवट संख्या 2209, गाँव माय भीतर पट्टी खासपराजा अल्मोड़ा में स्थित। जिसका क्षेत्रफल 25 वर्ग मीटर, जो शशि शाह पत्नी मुन्ना लाल शाह के नाम पर है। **चौहद्दी–** उत्तर– 6 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण– अन्य भूमि, पूर्व– अन्य भूमि, पश्चिम– 5 फीट चौड़ा रास्ता (भौतिक कब्जा) | रुपये 83,29,722.13 दिनांक 30.11.2025 तक देय है, साथ ही दिनांक 01.12.2025 से ब्याज, व्यय, अन्य शुल्क आदि, यदि कोई हो, तो वसूलियों को घटाकर। | a. 3,50,000/- b. 35,000/- c. 10,000/- d. 03.12.2025 | 30.12.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.12.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति श्री अंकित कृष्ण सांवरे (प्रबंधक) मो: 9457931468 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 4 | **आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा एआरएम ।। शाखा पूजा पुत्री बनवारी लाल (उधारकर्ता/बंधककर्ता)** 301 वार्ड नंबर 08, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन– 263153, **श्रीमती. नीतू पत्नी भगवान दास (गारंटर)** वार्ड नंबर 08 रामपुरा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, 263153, मो: 9568276524 **दिनेश (सह–उधारकर्ता)** 191 वार्ड नंबर 8, रामपुरा, रुद्रपुर, यूएस नगर पिन – 263153, | ग्राम बरीराई, तहसील गदरपुर, जिला यू एस नगर में स्थित आवासीय भवन का ईएमटी, जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 00820 वर्ग 1 गा, खसरा क्रमांक 1401 मिन है, जिसका क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट या 78.07 वर्ग मीटर है। चौहद्दी :– पूर्वः 3.962 मीटर चौड़ी सड़क (13 फुट) उसके बाद नहर, पश्चिमः दिवाकर राणा की भूमि, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः विक्रेता की भूमि, (सांकेतिक कब्जे में संपत्ति) | रु. 27,03,052.78 (केवल सत्ताईस लाख तीन हजार बावन और अठहत्तर पैसे) दिनांक 12.12.2023 तक साथ ही व्यय, अन्य शुल्क आदि सहित अतिरिक्त ब्याज, यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. रू.19.39 लाख b. रू.1.94 लाख c. रू.10,000/- d. 04.12.2025 | 30.12.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.12.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच। श्री नितिन कक्कड़, मो: 9096368559 और श्री मनोज कुमार, (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: **08.12.2025**, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# कार की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में एक कार चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसको अमृत घोषित कर दिया। कार चालक कार को छोड़कर मुकेश से फरार हो गया वहीं पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया और उसके पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार समय करीब लगभग 8.20 बजे एक स्विफ्टडिजायर द्वारा साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी है। घायल व्यक्ति को पब्लिक द्वारा सरकारी अस्पताल रुड़की भिजवाया गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति को मृत्यु घोषित कर दिया गया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। स्विफ्ट डिजायर को पुलिस द्वारा कब्जे लिया गया तथा अज्ञात मृतक व्यक्ति की साइकिल वह स्विफ्ट डिजायर दोनों को सुरक्षा के दृष्टिगत थाना हाजा लाया गया है। अज्ञात मृतक व्यक्ति परिजनों के तलाश की जा रही है। मृतक का हुलिया उम्र लगभग 70 वर्ष बाल सफेद स्वेटर पर नीला पीला सलेटी व सफेद रंग की स्वेटर पहने हुए है।

# कुरूर्तापूर्वक छोटे हाथी में गोवंशीय पशु को लाद कर ले जाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा कुरर्ता पूर्वक छोटे हाथी में दो गोवंशीय पशु लादकर ले जाने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर मैं जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें एक्टिव पुलिस के द्वारा चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को छोटे हाथी वाहन



संख्या संबंधित में दो गाय को कुरर्ता पूर्वक रस्सी से बंधकर ले जाने के आरोप में दबोच लिया गया। पूछताछ करने पर उन दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम सुनील पुत्र रामनाथ उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खेड़ा मुगल थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश नाथुराम पुत्र रतिराम उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम खेड़ा मुगल थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अशीष भट्ट कांस्टेबल अरविंद चंदेल गंगा सिंह शामिल रहे पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समस्त पेश किया जा रहा है।

# पांच लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक नसा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में नशीले पदार्थो की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान 7 दिसंबर 2025 को चौकी क्षेत्र में मुखबीर की सूचना पर एक नसा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से पाच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम जय सिंह पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह निवासी ग्राम शिवगढ़ थाना पथरी उम्र 46 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह कांस्टेबल मदन वर्मा अरविंद चौहान शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# शांति व्यवस्था भंग करने में एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को रुड़की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकडे गये अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रविन्द्र पुत्र कोटाराम निवासी सोरन मोहल्ला शाहपुर जिला- मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश उम्र 42 वर्ष के द्वारा शराब पीकर सरेआम सड़क पर गाली गलौच कर हुडदग मचा रहा था। शांति भंग करने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया। नहीं माना यदि इसे गिरफ्तार नहीं किया जाता तो यह संज्ञेय अपराध कारित कर देता जिसे अंतर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्र को पकडने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल अमित रावत, कांस्टेबल गुलबहार शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोत वाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा सात दिसंबर 2025 को चेकिंग के दौरान सुलतानपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ जो किसी बड़ी घटना को अन्जाम देने की फीराक में था। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आदित्य ऊर्फ शाखा पुत्र हरपाल निवासी टीक्कमपुर सुलतानपुर कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल किशोर नेगी संदीप रावत शामिल रहे। पकड़े व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### झबरेड़ा क्षेत्र के किसान व पशुपाल बेहद परेशान

# कृत्रिम गर्भाधान असफल होना बड़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसान व पशुपालकों को बेहद खराब दिनों का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालकों के सामने कृत्रिम गर्भाधान असफल साबित होना चिंता का विषय बना हुआ है। पशुओं के समय पर गर्भधारण न करने से किसान व पशुपालक परेशान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा तथा ग्रामीण क्षेत्र के किसान व पशुपालकों को बेहद खराब दिनों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र के किसान तथा पशुपालक अनुज रोहित कुमार, आलम मलिक, सुलेमान, जयवीर, प्रदीप कुमार, यशवीर सिंह, जमशेद अली, भोला सिंह, कुलदीप, रोहताश आदि का कहना है कि आजकल पशुपालको को बेहद खराब दिनों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में ग्रामीणों के जीवन में खेती-बाड़ी के बाद पशुपालन कर दूध आदि बेचकर आजीविका चलाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है लेकिन इस समय पशुपालकों के सामने पशुओं गाय भैंस दोबारा कृत्रिम गर्भाधान असफल साबित होना चिंता का विषय बना हुआ है। पशुओं के समय पर गर्भधारण न रहने से किसान व पशुपालक परेशान है। क्षेत्र में पशुपालकों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इसमें पशुओं के स्वास्थ्य और उनके गर्भधारण से जुड़ी समस्या अहम समस्या है। किसानों का कहना है कि सरकार पशुपालन के लिए तथा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन धरती पर कुछ नहीं हो पता है।

कस्बे में पशु चिकित्सा केंद्र तो है लेकिन इसमें दर्जनों गांव झबरेड़ी, डेलना, साबतवाली, खजूरी, माजरा, भक्तोंवाली, कोटवाल आलमपुर, सढ़ोली, खड़खड़ी दयाल आदि आते हैं कस्बे में स्थित पशु चिकित्सा केंद्र पर कार्यरत डॉक्टर रविंद्र कुमार का कहना है कि गर्भधारण न रहने पर पशुओं का इलाज सुचारू रूप से करवाना चाहिए तथा सर्दियों का मौसम शुरू होने पर पशुओं के नीचे सुखा रखें तथा उनको ताजा पानी पिलाई अगर पशु बाहर खुले में है तो उनको समय से अंदर बैठाएं। हरा चारा के साथ-साथ मिनरल मिक्सर भी दुधारू पशु को देना चाहिए इससे दूध उत्पादन में कमी नहीं होगी।

### एमपी में होगी इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट सीरीज

# राज्य के तीन खिलाड़ी लीग में करेंगे प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** मध्यप्रदेश में होने वाले उमंग इंटरनेशनल व्हीलचेयर सीरीज में इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में उत्तराखंड की व्हीलचेयर टीम के कप्तान मनोज कुमार सहित दो खिलाड़ी महेंद्र और विकास खेलेंगे।

मनोज कुमार को टीम का सदस्य बनाए जाने पर खानपुर और लक्सर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। माजरी गांव निवासी मनोज कुमार वर्तमान समय में उत्तराखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। उन्होंने बताया कि आगामी आठ से 10 दिसंबर तक मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय उमंग इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत सहित श्रीलंका और नेपाल की टीम प्रतिभाग करेंगी। बताया कि उत्तराखंड से उन्हें और दो अन्य खिलाड़ी महेंद्र और विकास को भारतीय टीम के लिए चुना गया है।

उमंग इंटरनेशनल व्हीलचेयर सीरीज में भारत का पहला मुकाबला आठ दिसंबर को श्रीलंका से होगा। 10 को भारत का सामना नेपाल से होगा व 11 दिसंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम में जगह मिलने पर खानपुर और लक्सर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम रूडकी का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता के नेतृत्व मे शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। आज भी बीएसएम चौक की तरफ एसपी गुप्ता के नेतृत्व मे नगर निगम टीम व पुलिस प्रशासन के साथ अतिक्रमण



हटवाया गयां। लोगों की दुकानों के बाहर किया गया अवेध अतिक्रमण हटाने के लिए टीम के साथ नोकझोंक भी हुई लेकिन अधिकारियों ने जो अस्थायी अतिक्रमण किया था उसका तुडवाया भी और उठवाया भी। वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम को साथ लेकर लगातार अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। और यह अभियान जनहित में लगातार जारी रहेगा।

# सिविल अस्पताल के शौचालय की स्थिति बदहाल, मरीज व तीमारदार परेशान

**❖दीवारों पर गंदगी, टूटा गेट और नल पाइप, स्वच्छता के दावों की खुली पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल परिसर के शौचालय की बदहाल स्थिति मरीजों और तीमारदारों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। स्वच्छता की सलाह देने वाला अस्पताल खुद गंदगी और अव्यवस्था से जूझ रहा है। शौचालय में बदबू, जमी गंदगी, टूटा गेट, लीक पाइप और यूरिनल के पाइप तक न होने से हालात बेहद खराब हैं। वॉशबेसिन पर महीनों से जमी गंदगी अस्पताल प्रशासन की लापरवाही उजागर कर रही है।

स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर लाखों खर्च होने के बावजूद स्थिति शर्मनाक बनी हुई है। तीमारदार राजवीर ने शौचालय की दुर्दशा दूर करने की मांग की। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। गेट पर व्हीलचेयर नहीं है साथ ही फायर बॉक्स में पाइपलाइन गायब है जिससे मरीजों की परेशानी और बढ़ गई है। मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से सुविधाओं में जल्द सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि जब सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर करोड़ों खर्च कर रही है, तो इस तरह की लापरवाही साबित करती है कि कई योजनाएं अब भी कागजों तक सीमित हैं।

### लक्सर तहसील में एक चौथाई राशन कार्ड की हुई ई-केवाईसी

# 55 हजार से अधिक की होनी है ई-केवाईसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र में राशनकार्ड की ई-केवाईसी प्रक्रिया बेहद धीमी चल रही है। अब तक कुल 55 हजार से अधिक कार्डधारकों में से मात्र 25 प्रतिशत की ही ई-केवाईसी पूरी हो पाई है। ऐसे में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है।

जानकारी के अनुसार खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अपात्र व मृत व्यक्तियों के नाम हटाने के उद्देश्य से शासन ने सभी राशनकार्ड की ई-केवाईसी अनिवार्य की थी। पूर्ति विभाग ने अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की थी, जिसे बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दिया गया। इसके बावजूद प्रगति संतोषजनक नहीं है। विभाग की ओर से विक्रेताओं और कार्डधारकों को ई-केवाईसी के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए विभाग समय सीमा और बढ़ाए जाने की संभावना से इन्कार नहीं कर रहा है।

**सभी सदस्यों को देनी होगी बायोमीट्रिक पहचान-** **राशनकार्ड** धारक राशन विक्रेताओं के माध्यम से ई - केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों को विक्रेता के पास मौजूद मशीन पर बायोमीट्रिक पहचान देनी होगी। नौकरी व दूसरे कारणों से बाहर रह रहे लोगों के परिजनों को इसमें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन बच्चों के आधार कार्ड में उनकी बायोमीट्रिक पहचान दर्ज नहीं है उनके परिजनों को भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें पहले बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने और इसके बाद ई- केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

वहीं बबीता क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, लक्सर का कहना है कि लगभग 25 फीसदी राशनकार्ड की ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कार्य तेजी से कराया जा रहा है। राशनकार्ड में दर्ज जिन बच्चों के आधार कार्ड अपडेट नहीं हैं उन कार्डधारकों को पहले आधार कार्ड अपडेट कराने होंगे।

### राजस्थान व उत्तराखण्ड में प्रतियोगिता से

# मैडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजस्थान और उत्तराखंड में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का रुड़की पहुंचने पर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह खिलाड़ी भविष्य देश का नाम दुनिया में रोशन करेंगे।

सोलानी पार्क के समीप स्थित रुड़की वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के कोच फिलीप मैथ्यू ने बताया कि 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक उदयपुर राजस्थान में आयोजित खेलों इंडिया प्रतियोगिता में रुड़की के विशाल गोस्वामी ने एक सिल्वर और दो ब्रोंज मैडल जीते हैं। इसके साथ ही अनिकेत ने सिल्वर, लव, राजीव और विचित्रा गुप्ता ने एक-एक ब्रॉन्ज मैडल जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। वहीं 28 से 30 नवंबर तक टीहरी में आयोजित प्रेसिडेंट कप अंतरास्ट्रीय प्रतियोगिता में अनु कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रान्ज मैडल जीता है। उनके वापस लौटने पर एकेडमी पर आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। जनता ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने न सिर्फ शहर बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है और आने वाले समय में यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों की हर संभव मदद का आश्वासन



देते हुए खेल को अपना शत प्रतिशत देने की बात कही। इस अवसर पर अमित गुप्ता, दीपक पांडेय, आकाश गौतम, मुकेश रावत, गुरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईआईटी ने किया स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले का शुभारम्भ

**❖भारत के नवोदित नवाचारकर्ताओं ने प्रौद्योगिकी आधारित राष्ट्र-निर्माण के सप्ताह का आरम्भ किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने रीथिंक! द टिंकरिंग लैब में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एस.आई.एच.) 2025 ख्र हार्डवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले का शुभारम्भ किया, जिसमें देशभर के 150 छात्र और 36 संकाय मार्गदर्शक एकत्र हुए। शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल (एम.आई.सी.) तथा ए.आई.सी.टी.ई. के अंतर्गत नामित नोडल केन्द्र के रूप में आईआईटी रुड़की देश के भावी हार्डवेयर नवोन्मेषकों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथियों, संकाय समन्वयकों तथा प्रतिभागी टीमों की उपस्थिति में हुआ। इसके उपरान्त एस.आई.एच. 2025 के केन्द्रीय शुभारम्भ से वर्चुअल रूप से जोड़ा गया। समारोह में प्रो. वरुण शर्मा (एस.पी.ओ.सी., एस.आई.एच. 2025) का स्वागत भाषण तथा शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल के नोडल केन्द्र प्रतिनिधियों के उद्गार शामिल थे।

कार्यक्रम में ए.आई.सी.टी.ई. के नोडल केन्द्रों के प्रमुख श्रीकांत संगलुडकर तथा विकास वर्मा की उपस्थिति ने भी गरिमा प्रदान की। इसके उपरांत केन्द्रीय शुभारम्भ ऑनलाइन सम्पन्न हुआ, जिसमें ए.आई.सी.टी.ई. के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने देशभर के 60 नोडल केन्द्रों को एक साथ संबोधित किया। इस वर्ष आईआईटी रुड़की में आयोजित हार्डवेयर संस्करण में 25 टीमें पाँच महत्त्वपूर्ण समस्या-वक्तव्यों पर कार्य कर रही हैं, जो गृह मंत्रालय (एम.एच.ए.) तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एम.ओ.ए. एवं एफ.डब्ल्यू.) द्वारा प्रदान किए गए हैं। इनमें अति-विपरीत मौसम निगरानी, उपग्रह-संपृक्त हैण्डहेल्ड रेडियो, फसल परिपक्वता पूर्वानुमान उपकरण, कम लागत वाली कपास-तोड़ मशीन तथा जूट रेटिंग प्रक्रिया में सुधार हेतु यंत्र



सम्मिलित हैं जो आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत/2047, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा कृषि 4.0 जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों में प्रत्यक्ष योगदान देते हैं। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पन्त ने कहा, "स्मार्ट इंडिया हैकथॉन भारत की प्रौद्योगिकी-संचालित समस्या समाधान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आईआईटी रुड़की को गर्व है कि वह ऐसे नवाचारकर्ताओं की मेजबानी कर रहा है, जो सुरक्षा, कृषि तथा ग्रामीण आजीविका जैसे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सीधे सशक्त करने वाले हार्डवेयर समाधान विकसित कर रहे हैं। यह हैकथॉन आत्मनिर्भर भारत की उस भावना को दर्शाता हैख्रभारत से उभरने वाले विचार, भारत के लिए।"

नवाचार के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता रेखांकित करते हुए प्रो. वरुण शर्मा (एस.पी.ओ.सी., एस.आई.एच. 2025) तथा टिंकरिंग लैब के संकाय समन्वयक ने कहा, "एस.आई.एच. विद्यार्थियों को चुनौतियों को व्यवहार्य, वास्तविक दुनिया के समाधान में बदलने का अनूठा परिवेश प्रदान करता है। आईआईटी रुड़की इस राष्ट्रीय मिशन का समर्थन करने और शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल के साथ मिलकर देश के लिए सुदृढ़ नवाचार पाइपलाइन विकसित करने हेतु प्रतिबद्ध है।" सप्ताहभर चलने वाले इस हैकथॉन के दौरान टीमें आईआईटी रुड़की की टिंकरिंग लैब की पारिस्थितिकी में गहन रूप से कार्य करेंगी। उन्हें मैकेनिकल एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, भौतिकी, ई.सी.ई., डिजाइन तथा टिंकरिंग लैब के तकनीकी विशेषज्ञों सहित विभिन्न विभागों के सदस्य-न्यायाधीशों एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शकों का सहयोग प्राप्त होगा। ग्रैंड फिनाले के दौरान विकसित किए गए समाधान भारत के दीर्घकालीन नवाचार लक्ष्योंख्रप्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता, युवा सशक्तिकरण, कृषि आधुनिकीकरण तथा अगली पीढ़ी के हार्डवेयर नवाचारख्रमें उल्लेखनीय योगदान देंगे। आईआईटी रुड़की सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ देता है और राष्ट्रीय विकास हेतु नवाचार को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता पुनः व्यक्त करता है।

# वंदेमातरम पर राजनीति

सोमवार को राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वंदेमातरम के साथ विश्वासघात किया और तुष्टिकरण की राजनीति के दबाव में वह वंदेमातरम के बंटवारे के लिए झुकी मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मौ. अली जिन्ना ने 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में वंदेमातरम के विरोध का नारा बुलंद किया। उन्होंने सीधे देश के दिवंगत पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू और 1937 में कांग्रेस अध्यक्ष रहे जवाहर लाल नेहरू को यह कहकर विवादों में घेरा कि जब उनका सिंहासन डोलता दिखाई दिया, तब उन्होंने मुस्लिम लीग को जवाब देने और कांग्रेस की वंदेमातरम में निष्ठा को प्रकट करने के बजाए वंदेमातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। वंदेमातरम को लेकर कांग्रेस की तरफ से भी जवाब आया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी वंदेमातरम पर चर्चा में भाग लिया और उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि वंदेमातरम केवल भावना नहीं बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था, लेकिन साथ ही इसमें यह भी जोड़ा कि संसद में इस समय यह चर्चा इसलिए कराई जा रही है क्योंकि आने वाले समय में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी का कहना था कि हम देश के लिए हैं और आप चुनाव के लिए हैं। प्रियंका के अनुसार इस समय वंदेमातरम पर लोकसभा में चर्चा कराने की कोई जरूरत ही नहीं थी। अपनी बात को वजन देते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 सालों से आजाद भारत की जनता के दिलों में बसता आया है। उन्होंने सवाल किया कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। संसद में इस पर बहस कराने के बजाए सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए। उन्होंने तो यहां तक कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदेमातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और आम्बेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान करना है। प्रियंका गांधी ने कटु लहजे में कहा कि पीएम 12 साल से देश चला रहे हैं और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आजादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वंदेमातरम पर इस समय संसद में चर्चा की कोई बहुत ज्यादा जरूरत नहीं थी। यूं भी यह चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिमी बंगाल में वास्तव में चुनाव होने जा रहे हैं और इस सच्चाई से हर कोई वाकिफ है कि भाजपा के लिए यह चुनाव मात्र एक चुनाव नहीं बल्कि एक मिशन जैसा है। वैसे भी वंदेमातरम जैसे प्रतिष्ठित गीत पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीएम मोदी ने जिस अंदाज में बात की, उन्होंने यही संकेत देने की कोशिश की कि सभी वंदेमातरम के पक्ष में थे लेकिन केवल पंडित नेहरू ही उसके विरोध में रहे हैं।

## योजनाओं का लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को



न्यायालय की हालिया टिप्पणी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं दिया जा सकता, सरकारी संसाधनों पर पहला अधिकार प्रदेश के नागरिकों का है, न कि अवैध रूप से रह रहे लोगों का, उप्र की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुचारू कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सभी नगर निकायों को सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, सार्वजनिक संस्थानों पर अनाधिकृत कब्जे की सफाई आवश्यक है और योजनाओं से मिलने वाले लाभ केवल प्रदेश के नागरिकों को ही दिए जाएंगे।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# भारत-रूस की अटल साझेदारी





**योगेश कुमार गोयल**

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थाई प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं।

इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा .ष्टिकोण की .ढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रूपए और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सु.ढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्ट्री की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाईयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचा. लित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है। सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है। रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यवहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलैक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है। पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया है जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा।

भारत द्वारा रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन तक मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा कूटनीति को लोगों की चेतना में स्थापित करती है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव की पुनर्पुष्टि है, जिसमें बौद्ध परंपरा, योग, भारत-रूस सांस्कृतिक आकर्षण और ऐतिहासिक धारा की निरंतरता उपस्थित है। यह पहल वैश्विक सूचना-राजनीति के युग में 'नैरेटिव स्वायत्तता' के निर्माण की ओर भी संकेत करती है, जिसे रूस के 'आरटी इंडिया' ब्यूरो की स्थापना आगे बढ़ाएगी। इस शिखर वार्ता में यूक्रेन संकट पर भारत की स्थिति ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की नई भूमिका को स्पष्ट किया। भारत न तो किसी ध्रुव में समाहित है, न ही किसी वैश्विक सुरक्षा-प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बल्कि वह शांतिवादी और वैचारिक नेतृत्व के नए मॉडल के रूप में उभरा है। ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर भारत और रूस का समन्वय बहुध्रुवीय व्यवस्था के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यह संबंध केवल सुरक्षा और सामरिक हितों से परे है, यह एक सभ्यतामूलक विमर्श है, जहां भारत और रूस अमेरिकी-यूरोपीय प्रभाव-क्षेत्र की एकध्रुवीयता को चुनौती देते हुए वैश्विक संतुलन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में ब्रह्मोस मिसाइल, सुखोई विमान, एस-400 सिस्टम और नई तकनीकों पर साझेदारी यह स्पष्ट करती है कि दोनों देशों का सुरक्षा बंधन साझा रणनीतिक विश्वास का परिणाम है। पहलगाम और मॉस्को हमलों के संदर्भ में आतंकवाद विरोधी एकजुटता की घोषणा यह सिद्ध करती है कि भारत और रूस नए खतरों की प्रकृति को समझते हैं और समाधान तलाशने में भी एकमत हैं। इन सभी आयामों का संकलन बताता है कि भारत-रूस संबंध न तो बीते युग की स्मृति हैं, न ही समीपस्थ हितों की आकस्मिक आवश्यकता। यह रिश्ते का वह मॉडल है, जो विश्वास, समय, भू-राजनीति, तकनीकी क्षमता और साझा दृष्टि के संयोग से निर्मित हुआ है। यह केवल दो राष्ट्रों का गठजोड़ नहीं, दो सभ्यताओं का मार्गदर्शन है। ध्रुव तारे की उपमा इसीलिए सार्थक है क्योंकि ध्रुव तारा केवल चमकता नहीं, दिशा भी देता है। भारत और रूस का संबंध भी दिशा-निर्देशक है, नई विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने वाला, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को पहचान देने वाला और शक्ति-संतुलन को न्यायपूर्ण बनाने वाला। 2030 का रोडमैप इस संबंध को केवल नई मंजिल की ओर नहीं ले जाता बल्कि दुनिया को संकेत देता है कि भारत अब उस युग में प्रवेश कर रहा है, जहां वह ध्रुवों की संरचना में योगदान देने वाली शक्ति है। रूस इस यात्रा में सहायक नहीं बल्कि सहयात्री है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरती की कार्बन भंडारण क्षमता असीमित नहीं

अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.6 करोड़ टन सालाना किया जाए।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पृथ्वी की कार्बन डाईऑक्साइड को सुरक्षित रूप से भूमिगत भंडारण की करने क्षमता पूर्व अनुमानों से कहीं कम है और यह साल 2200 तक खत्म भी हो सकती है। इसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसी तकनीकों को लंबी अवधि का हल मानना मुश्किल है।

पेरिस समझौते के तहत धरती के तापमान को औद्योगिक-पूर्व स्तर से डेढ़ से दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वातावरण से काफी मात्रा में कार्बन डाईऑक्साइड को हटाना होगा। इसका एक तरीका है उद्योगों से निकलने वाली गैस को कैद करके गहराई में चट्टानों के बीच संग्रहित करना। पहले माना गया था कि धरती 10 से 40 हजार गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड संभाल सकती है, लेकिन ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों का नया अध्ययन बताता है कि सुरक्षित क्षमता सिर्फ 1460 गीगाटन है। इस अनुमान में भूकंप से होने वाले रिसाव, तकनीकी दिक्कतों और जमीन के उपयोग पर राजनी. तिक पाबंदियों जैसे कारकों को भी शामिल किया गया है।



अध्ययन में स्थिर तलछटी चट्टानों पर ही गौर किया गया है, जहां फिलहाल अधिकांश कार्बन भंडारण की योजनाएं बनाई जा रही हैं। फिलहाल, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज तकनीक हर साल लगभग 4.9 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड हटाती है। योजना है कि इसे बढ़ाकर 41.6 करोड़ टन सालाना किया जाए। लेकिन पेरिस समझौते का लक्ष्य हासिल करने के लिए 2050 तक प्रति वर्ष 8.7 गीगाटन कार्बन डाईऑक्साइड हटाना होगा - यानी अगले 30 सालों में 175 गुना बढ़ोतरी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगर धरती की सारी सुरक्षित क्षमता भी उपयोग कर ली जाए, तो भी तापमान केवल 0.7 डिग्री सेल्सियस ही घटेगा। जबकि इस सदी में तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अंदेशा है। इसलिए सिर्फ कार्बन कैप्चर के भरोसे नहीं रहा जा सकता। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से घटाना होगा, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा और टिकाऊ तरीकों को अपनाना होगा। अध्ययन यह भी बताता है कि जमीन में दफन कार्बन डाईऑक्साइड का रिसाव जमीन के पानी में घुलकर कार्बोनिक एसिड बना सकता है। इस तरह बढ़ी हुई अम्लीयता से खनिज घुल सकते हैं और जहरीली धातुएं निकल सकती हैं, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरनाक है।

**-स्रोत फीचर्स**

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रहित कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्एक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है। ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है। और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।




और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# क्रिप्टो घोटालेबाजों पर ईडी ने कसा शिकंजा

## सरकार ने लोकसभा में बताया: 4190 करोड़ की संपत्ति जब्त और एक आरोपी भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईडी की कार्रवाई पर लोकसभा में सोमवार को आंकड़े दिए। सरकार ने बताया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने 4189.89 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की।



■ ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है

इन मामलों में एक आरोपी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी भी घोषित किया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि ईडी ने अब तक क्रिप्टो धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों की गहराई से जांच की है। इन जांचों के दौरान न केवल हजारों करोड़ की संपत्ति जब्त या फीज की गई, बल्कि 29 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इसके अलावा, जांच एजेंसी ने 22 आरोप पत्र भी दाखिल किए। यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि सरकार वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के दुरुपयोग को लेकर कितनी गंभीर है, विशेष रूप से तब जब हाल ही में वीडीए को पीएमएलए के दायरे में लाया गया। प्रवर्तन निदेशालय के अलावा आयकर विभाग भी क्रिप्टो निवेशकों पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने तलाशी और जब्ती अभियानों के दौरान वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लेनदेन से जुड़ी 888.82 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता लगाया। विभाग ने अनुपालन को सख्ती से लागू करने के लिए उन करदाताओं को भी रडार पर लिया है जिन्होंने अपने आयकर रिटर्न में 'शेडयूल वीडीए' के तहत सूचना नहीं दी।

वित्त राज्य मंत्री ने बताया कि ऐसे 44057 करदाताओं को सीबीडीटी की ओर से नोटिस भेजे गए हैं, जिन्होंने वीडीए में निवेश या व्यापार तो किया, लेकिन उसकी रिपोर्टिंग नहीं की। संसद में सरकार ने साफ किया कि भारत में फिलहाल क्रिप्टो एसेट्स या वर्चुअल डिजिटल एसेट्स अनरेगुलेटेड हैं। हालांकि, सरकार वीडीए से जुड़े लेनदेन की निगरानी और जांच को मजबूत करने के लिए क्षमता बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पंकज चौधरी ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिप्टो एसेट्स की प्रकृति सीमा रहित है, इसलिए केवल घरेलू स्तर पर नियम बनाना पर्याप्त भी नहीं होगा। नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए वैश्विक समन्वय की जरूरत क्रिप्टो पर नियामकीय ढांचे के भविष्य पर बात करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि नियामकीय आर्बिट्रेज को रोकने के लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। नियामकीय आर्बिट्रेज एक ऐसी

## म्यांमार ने साइबर अपराध के आरोपी 1178 चीनी नागरिक वापस भेजे

**बीजिंग।** चीन के जन सुरक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत से म्यांमार के म्यावाडी में टेलीकॉम धोखाधड़ी के मामलों में शामिल कुल 1178 चीनी नागरिकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर एक बयान में कहा कि एक दिसम्बर से संदिग्धों को चीनी पुलिस की निगरानी में थाईलैंड के रास्ते समूहों में सौंपा गया है। यह हस्तांतरण 14 नवम्बर को चीन, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के बीच हुई एक मंत्री स्तरीय बैठक के बाद हुआ। बैठक में शामिल देशों ने सहयोग को गहरा करने और सीमा पार टेलीकॉम धोखाधड़ी पर मिलकर कार्रवाई शुरू करने पर सहमति जताई थी।



**अहमदाबाद। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए हवाई यात्री भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही एक विशेष ट्रेन में सवार होने की तैयारी करते हुए।**

## बेनिन ने नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश की नाकाम

**अबुजा।** पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में नाइजीरियाई सेना ने वहां के सुरक्षा बलों की सहायता करते हुए तख्तापलट की कोशिश को नाकाम किया है। बेनिन के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में बताया कि बेनिन ने नाइजीरिया से तुरंत हवाई सहायता देने और नाइजीरियाई सैनिकों को भेजने की मदद मांगी थी, ताकि देश के संविधान और संस्थाओं की रक्षा की जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बेनिन के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबु ने नाइजीरियाई सशस्त्र बलों को बेनिन में तख्तापलट की कोशिश करने वाले समूह को रोकने में मदद करने का तुरंत आदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे: थाई प्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने सोमवार को कहा कि कंबोडिया के साथ सीमा पर चल रही झड़पों के जवाब में थाईलैंड राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का इस्तेमाल करेगा। चर्नविराकुल ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव के बाद टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि सभी मामलों में स्थिति के अनुसार सैन्य अभियान चलाए जाएंगे। इसमें सावधानी बरती जाएगी और मानवीय सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

### कंबोडिया के साथ ताजा सीमा संघर्ष में थाईलैंड के सैनिक की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड की कंबोडिया से लगती विवादित सीमा पर हुई ताजा झड़प में एक थाई सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लंबी सीमा साझा करने वाले इन दो पड़ोसी देशों के बीच चल रहे संघर्ष ने महीनों से चले आ रहे तनाव को एक बार फिर बढ़ा दिया है। थाईलैंड की सेना ने बताया कि कंबोडियाई सैनिकों ने सोमवार तड़के उबोन रत्चथानी प्रांत में थाई सेना पर गोलीबारी की, जिसके कारण जवाबी गोलाबारी हुई जिसमें उनके एक सैनिक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** तुर्की में सोमवार को 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 01:21 बजे आए भूकंप का केन्द्र, 92.1 किमी की गहराई पर 36.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 30.89 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया। भूकंप में किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान होने की खबर नहीं है।

### रोमानिया में सिउकू ने जीता बोखारेस्ट के महापौर का चुनाव

**बुखारेस्ट।** रोमानिया की नेशनल लिबरल पार्टी के सिप्रियन सिउकू ने बुखारेस्ट के महापौर के लिए हुए चुनाव में जीत दर्ज करते हुए राजधानी का सबसे बड़ा पद हासिल कर लिया। रोमानिया के स्थाई चुनावी प्राधिकरण के के अनुसार सभी 1289 मतदान केंद्रों की गिनती पूरी होने के बाद सिउकू को 36.16 प्रतिशत वोट मिले। बुखारेस्ट के 589000 से जयादा निवासियों ने वोट डाले, जो पंजीकृत मतदाताओं का 32.71 प्रतिशत था। सिउकू ने 2000 में राजनीति में कदम रखा था और बाद में स्थानीय प्रशासन में शामिल हो गए थे शुरू में उन्होंने स्थानीय पार्षद के तौर पर काम किया।

# क्वाड के जरिये भारत से सहयोग बढ़ाने पर जोर

## अमेरिकी सांसदों ने जारी किया वार्षिक रक्षा नीति विधेयक, चीन की चुनौती का सामना करने का मुद्दा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ सहयोग को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें क्वाड के जरिये सहयोग बढ़ाने की बात भी कही गई है, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके और चीन की चुनौती का सामना किया जा सके। सांसदों ने 2026 के वित्तीय वर्ष के लिए 'नेशनल डिफेंस आथोराइजेशन एक्ट' विधेयक जारी किया। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों के बारे में कांग्रेस की राय बताई गई है।

इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। इन प्रयासों में भारत के साथ क्वाड के जरिये अमेरिकी सहयोग का विस्तार शामिल है। इसमें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार और मानवीय सहायता तथा आपदा प्रतिक्रिया में सहयोग शामिल हैं, ताकि एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखा जा सके। इसके अलावा, इसमें भारत के साथ समुद्री सुरक्षा पर अधिक सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया



चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था

शामिल हैं। चीन के आक्रामक व्यवहार का सामना करने के लिए 2017 में यह समूह बनाया गया था। रक्षा नीति विधेयक में यह भी कहा गया है कि रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की रक्षा औद्योगिक क्षमताओं के बीच सहयोग मजबूत हो सके। यह पहल सभी देशों के रक्षा उद्योगों को मजबूत करेगी। इसमें उनकी क्षमता बढ़ाना, उत्पादन और कर्मचारियों को बढ़ाना, आपूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना, विभिन्न देशों की प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ काम करने योग्य बनाना और देशों के बीच तालमेल बढ़ाना शामिल है।

## 6 खाड़ी देशों ने ईरान को दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** गल्फ कोआपरेशन काउंसिल (जीसीसी) ने ईरान के उस बयान पर गंभीर आपत्ति जताई है, जिसमें उसने 3 विवादित आइलैंड्स पर अपना दावा पेश किया था। ईरान ने दावा किया था कि यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा उसके हैं। उसने सऊदी अरब और कुवैत के संयुक्त दुर्रा आफशोर आयल फील्ड पर अधिकार जताया था। इसके साथ ही ईरान ने बहरीन की संप्रभुता पर सवाल उठाए थे।

■ यूएई के तीन द्वीप ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा पर दावा पेश किए जाने से बने जंग के आसार

जीसीसी में सऊदी अरब, ओमान, यूएई, कतर, बहरीन और कुवैत शामिल हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई और संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने दावा किया था कि ये आइलैंड ईरानी क्षेत्र हैं। जीसीसी के महासचिव जासेम अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान के बयान गलत, भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ हैं। खास तौर पर वे नियम, जिनमें किसी देश के आंतरिक मामलों में दखल न देने और पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते रखने की बात कही गई है। अल-बुदैवी ने कहा कि ईरान की टिप्पणियां जीसीसी के उन प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं, जो वह ईरान के साथ रिश्ते सुधारने के लिए कर रहा है। उन्होंने बताया कि खाड़ी देश हमेशा ईरान के साथ बेहतर संबंध रखना चाहते हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग करते हैं। जीसीसी ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत दोहराई। इनमें संप्रभुता का सम्मान, विवादों का शांतिपूर्ण हल और बल प्रयोग से बचना शामिल हैं। उन्होंने यह याद दिलाया कि ईरान ने जून में कतर पर हमला करके पहले भी इन सिद्धांतों का उल्लंघन किया था। अल-बुदैवी ने यह भी कहा कि जीसीसी देशों और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठकों में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता पर बातचीत की थी। जीसीसी ने अंत में ईरान से अपील की कि वह झूठे बयान देना बंद करे और संवाद और भरोसा बढ़ाने के प्रयासों में बाधा न डालें। ग्रेटर टनब, लेसर टनब और अबू मूसा नाम के द्वीप पर्शियन गल्फ (अरब सागर का हिस्सा) में स्थित हैं। 1971 में यूएई के गठन से ठीक पहले ईरान ने इन द्वीपों पर नियंत्रण कर लिया था।

# सीरिया में शरणार्थी बने रहने को मजबूर लोग

**दमिश्क।** एक साल पहले बशर-अल असद की सरकार गिरने के बाद सीरिया में लंबे वक्त से चला आ रहा गृह युद्ध तो खत्म हो गया, लेकिन कई सीरियाई परिवार अब भी घर लौटने के इंतजार में हैं। इदलीब और अलेप्पो के शिविरों में सालों गुजारने के बाद जब ए परिवार अपने-अपने शहर लौट रहे हैं तो उन्हें अपने घर की जगह सिर्फ मलबे का ढेर मिल रहा है।

उनके लिए अपने शहर को पहचान पाना मुश्किल है, इसलिए यह वापसी बेमानी साबित हो रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट बताती है कि अलेप्पो की उत्तरी सीमा पर मौजूद ऐन दकनेह गांव में जो मोहल्ले कभी सैकड़ों लोगों का ठिकाना हुआ करते थे, वे अब टूटी-फूटी दीवारों, खंडहरों और मलबे के ढेर में तब्दील हो गए हैं। ऐन दकनेह के रहने वाले 40 वर्षीय यूसुफ मोहम्मद दीब तुर्किए की सीमा के करीब मौजूद बाब अल-सलाम शिविर से लौटने के बाद कहते हैं कि जब वह यहां लौटे तो उन्हें तबाही के सिवा कुछ नहीं दिखा। घर से दूर 10 साल बिताने वाले मोहम्मद दीब कहते हैं कि पूरा गांव तहस-नहस हो चुका है और

■ हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है

अब वहां कुछ नहीं बचा। रहने के लिए कोई घर नहीं, और युद्ध रुकने के बावजूद भी वह एक शिविर में ही हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनआरए) के अनुसार, 30 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी युद्ध रुकने के बाद से देश-विदेश से अपने घर लौटे हैं। वापसी के बाद हालांकि उन्हें न तो जीने लायक बुनियादी ढांचा मिला है, न विद्यालय मिले हैं, न स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं और न ही पर्याप्त रोजगार। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की उप-उच्चायुक्त केली क्लेमेंट्स के अनुसार, बिजली, पानी, विद्यालय और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे जरूरी बुनियादी ढांचे में निवेश के बिना सीरिया लोगों के लौटने के बाद उनकी व्यवस्था नहीं कर पाएगा। इदलीब के रहने वाले 63 वर्षीय इल्हाम जिलाक कहते हैं कि हम अपने घर लौटना चाहते हैं, लेकिन हमारे सब घर तबाह हो चुके हैं। मैं और मेरे सब भाई बूढ़े हो चुके हैं। हमारे पास गुजारा करने के लिए कमाई का कोई जरिया नहीं है।

# पीली रेखा है गाजा-इजरायल की नई सीमा: इजरायली सेना

**यरुशलम।** इजरायली सेना प्रमुख आयल जमीर ने कहा कि नई बनाई गई 'एलो लाइन' इजरायली गाजा पट्टी की 'नई सीमा रेखा' है। दो माह पहले 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम के बावजूद इजरायली सेना ने गाजा के कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है।

इस हिस्से की सीमा को ही 'पीली रेखा' कहा जा रहा है। जमीर ने गाजा में बैत हनून और जबलिया के दौरे के दौरान कहा कि पीली रेखा एक नई सीमा रेखा है, जो हमारे समुदायों के लिए एक रक्षा पंक्ति और परिचालन गतिविधि की रेखा के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि सेना ने 'गाजा पट्टी के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण' कर लिया है और इजरायली सेना उन इलाकों में बनी रहेगी। जमीर ने कहा कि सेना 'हमास को खुद को फिर से स्थापित करने की अनुमति नहीं देगी' और 'अचानक हमले के परिदृश्यों' के लिए तैयारी कर रही है। इसे उन्होंने सेना की आने वाली कई वर्षों की योजना का एक मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा में आखिरी मृत बंधक, पुलिस अधिकारी रैन ग्विली के अवशेषों को घर नहीं लाया जाता, तब तक मिशन पूरा नहीं होगा। हमास ने ग्विली के अलावा सभी 20 जीवित बंधकों और 27 मृत बंधकों के शवों को लौटा दिया है। इस दौरान इसरायली सैनिकों ने दर्जनों फिलिस्तीनियों की गोली मारकर यह कहते हुए हत्या की है कि वे संदिग्ध थे जिन्होंने 'पीली रेखा' पार की थी।

## गाजा में इजरायली सेना ने की फलस्तीनी लड़ाकों की हत्या

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के राफा के मवासी इलाके में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फलस्तीनी लड़की की मौत हो गई। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि लड़की की मौत मवासी में इजरायली सेना के तैनाती क्षेत्रों के बाहर हुई। इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सैनिकों ने एक आतंकवादी की पहचान की, जो पीली रेखा पार कर सैनिकों के पास आया था और तत्काल खतरा पैदा कर रहा था कि और उन्होंने 'आतंकवादी को मार गिराया।' इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति का भंडार 'विनाशकारी' शून्य स्तर पर बना हुआ है।

# थाइलैंड ने की कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक

## 45 दिन पहले ही ट्रम्प ने कराया था सीजफायर

**वाशिंगटन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। थाईलैंड ने एक बार फिर कंबोडिया की सीमा पर एयर स्ट्राइक की है। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया था। इसके बाद थाईलैंड ने अब सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एयर स्ट्राइक की है। हालांकि, दोनों देशों ने एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

एक थाई सैन्य अधिकारी ने कहा कि कंबोडियाई सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमले सोमवार सुबह हुए उस हमले का जवाब थे, जिसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे। थाई सेना ने कहा कि पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी। इसमें एक थाई सैनिक की मौत हो गई है और चार घायल हुए हैं। इसी के जवाब में थाईलैंड ने कंबोडिया पर एयर स्ट्राइक की। एक बयान में कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए कहा, 8 दिसम्बर 2025



■ पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो क्षेत्रों में हिंसा भड़क गई थी

की सुबह लगभग 05:04 बजे, थाई सैन्य बलों ने प्रेह विहियर प्रांत के अन सेस क्षेत्र में कंबोडियाई बलों पर हमला किया। बयान में कहा गया कि कंबोडिया ने पलटवार नहीं किया। कंबोडिया ने यह भी कहा कि वो थाई पक्ष की ओर से की गई अमानवीय और बर्बर कार्रवाइयों की कड़े से कड़ी निंदा करता है। साथ ही कंबोडिया ने कहा कि थाईलैंड की ओर से किया गया यह हमला 26 अक्टूबर को हुए सीजफायर का उल्लंघन है। थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने सोमवार तड़के लगभग 3 बजे (स्थानीय समय) थाई सीमा को निशाना बनाना शुरू किया। इसी के बाद एक अलग बयान में, कंबोडियाई सेना ने आरोप लगाया कि थाई सेना ने लगभग 5:04 बजे सुबह (स्थानीय समय) कंबोडियाई बलों पर हमला किया। दोनों देशों के बीच जुलाई में सीमा विवाद भड़क गया था। इसी के बाद 5 दिन तक दोनों के बीच युद्ध हुआ। इसी के बाद मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और ट्रम्प की मध्यस्थता में युद्धविराम समझौता हुआ। दोनों नेताओं ने अक्टूबर में कुआलालंपुर में दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराया। दोनों देशों के बीच जुलाई में झड़पे बढ़ गई थी। दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे पर राकेट दागे थे। इन हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हुई और लगभग 3 लाख लोग अस्थायी रूप से विस्थापित हो गए।

# पुतिन के भारत दौरे पर चीन की अहम प्रतिक्रिया

## विदेश मंत्रालय ने तीनों देशों के बीच सहयोग पर जोर दिया, ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताया

**बीजिंग।** चीन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। साथ ही तीनों देशों को ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि अच्छे त्रिपक्षीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-स्थिरता में सहायक साबित होंगे।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पुतिन की यात्रा पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। गुओ ने कहा कि चीन, रूस और भारत उभरती अर्थव्यस्थाएं हैं। हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। भारत दौरे से पहले एक इंटरव्यू में पुतिन ने कहा था कि भारत और चीन हमारे करीबी दोस्त हैं। हम इस रिश्ते को काफी अहमियत



■ हम पुतिन की भारत यात्रा को बहुत करीब से देख रहे थे, हमारे रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं

देते हैं। भारत और चीन के रिश्ते 2020 में लद्दाख में सैनिक तनाव के बाद काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन अब दोनों देश धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। इस पर चीन ने कहा कि वह भारत के साथ रिश्तों को लंबी अवधि और रणनीतिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहता है, ताकि दोनों देशों को फायदा मिले और एशिया समेत पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि बढ़े। चीनी मीडिया ने भी पुतिन के बयानों को प्रमुखता से दिखाया, खासकर वह हिस्सा जिसमें उन्होंने अमेरिका के आरोपों का जवाब दिया। अमेरिका कहता रहा है कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीद रहा है, लेकिन पुतिन ने इन आरोपों को खारिज किया। चीन खुद भी रूस का सबसे बड़ा तेल और गैस खरीदार है और उसने भी अमेरिका की उन मांगों को ठुकराया है, जिसमें रूस से ऊर्जा खरीद बंद करने को कहा जाता है। पुतिन 4 से 5 दिसम्बर तक भारत में थे। यह उनकी 2021 के बाद पहली भारत यात्रा थी। इस दौरान भारत और रूस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना है।




